# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार, 22 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 126 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### प्रथम नवदुर्गा : माता शैलपुत्री

वंदे वाद्र्छितलाभय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनीम।।




दुर्गा पूजा के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा-वंदना की जाती है। मां दुर्गा की पहली स्वरूपा और शैलराज हिमालय की पुत्री शैलपुत्री के पूजा के साथ ही दुर्गा पूजा आरम्भ हो जाता है। नवरात्र पूजन के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ इनकी ही पूजा और उपासना की जाती है।

## शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को किया संबोधित

# जीएसटी सुधारों को लेकर देश में उत्साह : मोदी

**प्रिय देशवासियों, नमस्कार।**
कल से नवरात्र शुरू हो रहा है। आप सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं। नवरात्र के प्रथम दिवस सूर्योदय के साथ ही नेकस्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स शुरू हो जाएंगे। जीएसटी बचत महोत्सव शुरू हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। हमारे देश के गरीब, मध्यम वर्गीय लोग, न्यू मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी, सभी को ये बचत उत्सव का बहुत फायदा होगा। यानी त्योहारों के इस मौसम में सबका मुंह मीठा होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के हर परिवार की खुशियां बढ़ेंगी। मैं देश के कोटि-कोटि परिवारजनों को नेक्सट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स की बधाई देता हूं, शुभकामनाएं देता हूं। ये बदलाव भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाएंगे। कारोबार को और आसान बनाएंगे। निवेश को और आकर्षक बनाएंगे और हर राज्य को विकास की दौड़ में बराबरी का साथी बनाएंगे। साथियों जब साल 2017 में जीएसटी रिफॉर्म्स की तरफ कदम बढ़ाया था तब नया इतिहास रचने की शुरुआत हुई थी। आप सभी लोगों को देश के व्यापारी, अलग-अलग टैक्स के जाल में उलझे हुए थे। एंट्री टैक्स, सेल्स टैक्स, एक्साइज, वैट, सर्विस टैक्स न जाने भांति-भांति के दर्जनों टैक्स देश में थे। पीएम मोदी ने कहा कि अलग-अलग जगहों पर माल भेजना हो तो पता नहीं कितने चेक पोस्ट पार करने पड़ते थे, कितने फॉर्म भरने पड़ते थे। हर जगह टैक्स के अलग-अलग नियम थे। जब 2014 में देश ने मुझे प्रधानमंत्री पद का दायित्व सौंपा था तब एक विदेशी अखबार में एक दिलचस्प उदाहरण छपा था। उसमें एक कंपनी की मुश्किलों का जिक्र था। उस कंपनी ने कहा था कि अगर

> कल सूर्योदय के साथ ही नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। त्योहारों के मौसम में सबका मुंह मीठा होगा। देश के हर परिवार की खुशियां बढ़ेंगी।
>
> नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



उसे बंगलूरू से 570 किलोमीटर दूर हैदराबाद अपना सामान भेजना हो तो वो इतना कठिन था कि उन्होंने सोचा और कहा कि वो पसंद करती थी कंपनी कि पहले अपना सामान बंगलूरू से यूरोप भेजें और फिर वही सामान यूरोप से हैदराबाद भेजें। साथियों, टैक्स और टोल के जंजाल से ये तबके हालात थे और मैं आपको सिर्फ एक पुराना उदाहरण याद दिला रहा हूं। तब लाखों कंपनियों और देशवासियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल की वजह से रोज परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूरे शहर पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था वो खर्च भी गरीब को उठाना पड़ता था। वो खर्च ग्राहकों को उठाना पड़ता था। देश को इससे निकालना जरूरी था। पीएम मोदी ने कहा कि जब आपने हमें 2014 में मौका दिया तो हमने जीएसटी को अपनी प्राथमिकता बनाया। हमने हर राज्यों की हर शंका का निवारण किया। हर सवाल का समाधान खोजा। सभी राज्यों को साथ लेकर आजाद भारत का इतना बड़ा टैक्स सुधार संभव हो पाया। ये केंद्र और राज्यों के प्रयासों का नतीजा था कि देश दर्जनों टैक्स के जाल से मुक्त हो गया। अब पूरे देश के लिए एक जैसी व्यवस्था बनी है। वन नेशन, वन टैक्स का सपना साकार हुआ। साथियों रिफॉर्म एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया होती है। जब समय बदलता है, देश की जरूरत बदलती है तो नेक्सट जेन रिफॉर्म्स भी उतने ही आवश्यक होते हैं। वर्तमान जरूरतों और भविष्य को देखते हुए जीएसटी के नए सुधार लागू हो रहे हैं। अब सिर्फ 5 फीसदी और 18 फीसदी के ही टैक्स स्लैब रहेंगे। यानी रोजमर्रा के इस्तेमाल की ज्यादा सामान सस्ती हो जाएंगे। खाने-पीने का सामान, दवाइयां, ब्रश-पेस्ट, बीमा- ऐसे ज्यादातर सामान पर या तो टैक्स शून्य होगा या 5 फीसदी टैक्स होगा। जिन सामानों पर पहले 12 फीसदी टैक्स लगता था उनमें से करीब 99 फीसदी चीजें अब पांच फीसदी टैक्स के दायरे में हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी को परास्त किया है और गरीबी से बाहर निकलकर एक बहुत बड़ा समूह नियो मिडिल क्लास के तौर पर बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस क्लास की अपनी महत्वाकांक्षाएं और सपने हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख तक की (शेष पृष्ठ 9 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### नाला में बहे बच्चे का शव बरामद

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** शहर के गांधी चौक पर शनिवार देर शाम हुई तेज बारिश के दौरान मां की गोद से फिसल कर नाली में समा गए बच्चे की बॉडी मिल गई है। जहां घटना घटी वहां से दो किमी दूर शव बरामद की गई है। शव को गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया है। हादसे के बाद से लगभग 16 घंटे तक तलाशी की गई। घटना उस वक्त हुई जब मासूम अंकुश ठाकुर अपने माता-पिता के साथ कपड़ा खरीदने आया था। अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हुई तो उसकी मां बच्चे को गोद में लेकर नाले के किनारे खड़ी हो गई तभी बच्चा मां की गोद से फिसलकर सीधे नाले में गिर गया और तेज बहाव में बह गया।

### विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र नगर में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 30 वर्षीय पूनम मिश्रा के रूप में हुई है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही बालीडीह थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और मृतका के परिजनों का बयान दर्ज किया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बड़ा दुर्गापुर पंचायत अंतर्गत तेलोटोक गांव में एक वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक 60 वर्षीय गुहिया पहाड़िया को पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मृतक की पत्नी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पौलुस मलतो और सुशील मालतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### युवक की गला रेतकर हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तेघड़ा थानांतर्गत आधारपुर बांध के पास एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। फिलहाल मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है लेकिन स्थानीय सूत्रों के अनुसार मृतक मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी का निवासी बताया जा रहा है।

### गंगा जल लेने गए दो युवक लापता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नवरात्र की तैयारियों के बीच पटना के दीघा गंगा घाट पर रविवार सुबह दो युवक गंगा जल लेने के दौरान डूबकर लापता हो गए। दोनों युवक गंगा जल लेने के लिए मरीन ड्राइव स्थित घाट पर गए थे, जहां तेज धारा में बहकर वे पानी में लापता हो गए।

## दो वर्षों में दो टेट परीक्षाएं आयोजित करने पर विचार कर रही झारखंड सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** प्रारंभिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध झारखंड सरकार शीर्ष कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल नहीं करेगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग इसकी कोई पहल नहीं करेगा। अलबता विभाग का प्रयास होगा कि दो वर्षों में कम से कम दो शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य रूप से आयोजित की जा सके ताकि इस अवधि में अधिक से अधिक प्रारंभिक शिक्षक यह पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण हो सकें। दरअसल विभाग का यह मानना है कि कोर्ट में रिव्यू पिटीशन अक्सर टिकता नहीं है। इसलिए रिव्यू पिटीशन दाखिल करने से अधिक सुलभ रास्ता समय पर टेट आयोजित कराना होगा। विभाग इसपर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के रुख तथा दिशा-निर्देश का भी इंतजार करेगा। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने कार्यरत उन सभी प्रारंभिक शिक्षकों के लिए यह पात्रता परीक्षा दो वर्षों के भीतर उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया है जिनकी



सेवा पांच वर्ष से अधिक बची है। दो वर्षों में यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होने पर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति लेनी होगी, नहीं तो सरकार ही उन्हें सेवा से हटा देगी। इससे राज्य के लगभग 30 हजार वैसे प्रारंभिक शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं, जो फ्री एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के लागू होने के पूर्व नियुक्त हैं। यदि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षकों) पर भी लागू होता है तो यह संख्या काफी अधिक बढ़ जाएगी। दूसरी तरफ, इन शिक्षकों का कहना है कि चूंकि वे इस कानून के लागू होने से पूर्व से कार्यरत हैं, इसलिए यह उनपर लागू नहीं होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध देशभर के शिक्षक लामबंद हो रहें हैं। वहीं, विभिन्न शिक्षक संघ आंदोलन कर रहे हैं। आरटीई लागू होने के बाद राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा केवल दो बार ही आयोजित हुई है। पहली परीक्षा वर्ष 2012 तथा दूसरी परीक्षा 2016 में हुई है। इसके बाद यह परीक्षा नियमावली के पेंच में फंसी हुई है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश के बाद जैक द्वारा आवेदन मंगाने के बाद भी यह परीक्षा नहीं हो सकी। वर्तमान में भाषा विवाद के कारण यह परीक्षा लंबित है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से प्रभावित शिक्षक चाहते हैं कि झारखंड सरकार तथा केंद्र सरकार कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल करें। साथ ही आरटीई कानून और नियमावली में संशोधन कर इसे सुनिश्चित किया जाए कि कानून तथा नियमावली लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता नहीं होगी।

## महालया पर देवघर में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** आश्विन अमावस्या यानी पितृ अमावस्या पर रविवार को बाबा नगरी देवघर की पावन शिवगंगा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही हजारों लोग पवित्र जल में स्नान और तर्पण करने पहुंचे। पितृपक्ष के अंतिम दिन हर उम्र के श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए विधि-विधान से जल अर्पण किया। सुबह की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ शिवगंगा परिसर में जुट गई। आस्था से ओत-प्रोत वातावरण में हर ओर वैदिक मंत्रोच्चार गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पितरों को स्मरण किया और पुरोहितों की सहायता से तर्पण किया। महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग कतारों में खड़े होकर विधिवत पूजा-अर्चना में शामिल हुए। पुरोहितों के अनुसार पितृपक्ष भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होकर आश्विन अमावस्या को समाप्त होता है। यह दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, जिन्हें अपने पितरों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं होती। ऐसे लोग महालय अमावस्या पर श्राद्ध और तर्पण कर सकते हैं। पंडित सुनील नारायण मिश्र ने कहा कि पितृपक्ष आत्मीय रिश्तों की स्मृति का अवसर है जबकि पंडित बसंत नारायण मिश्र ने बताया कि इसके साथ ही देवी पक्ष की शुरुआत हो जाती है। पितृपक्ष के समापन के साथ ही श्रद्धालु अब नवरात्र की तैयारियों में जुटने लगे हैं। मंदिरों और घरों में देवी प्रतिमाओं की स्थापना और पूजन की योजनाएं बनने लगी हैं। पुरोहितों का मानना है कि पितरों को तर्पण करने के बाद ही देवी पूजा की शुरुआत शुभ मानी जाती है। रविवार को शिवगंगा और उसके आसपास का क्षेत्र पूरी तरह आस्था और भक्ति में रंगा नजर आया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने देवघर को धर्म, संस्कृति और परंपरा के जीवंत संगम स्थल के रूप में प्रस्तुत किया। पूरे दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही और शहर भक्ति से सराबोर रहा।

## नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति समेत छह के खिलाफ पुलिस में शिकायत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह आगामी 6 अक्टूबर को है। दीक्षांत समारोह से पहले गोल्ड मेडल की लिस्ट को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। इसे लेकर कुछ छात्रों ने यूनिवर्सिटी के कुलपति समेत कई अधिकारियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। शिकायत ऑनलाइन की गई है। छात्रों ने कुलपति समेत छह अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने वाले छात्र राहुल कुमार दूबे का कहना है कि 10 सितंबर को राज्यपाल सह कुलाधिपति से मिलकर विश्वविद्यालय के भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों की शिकायत की थी। इसी के प्रतिशोध में उनके शैक्षणिक रिकार्ड के साथ छेड़छाड़ किया गया और उन्हें गोल्ड मेडल से वंचित किया गया है। राहुल दूबे ने बताया कि नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. प्रो. दिनेश कुमार सिंह, एग्जामिनेशन कंट्रोलर अजीत सेठ, रजिस्ट्रार एसके मिश्रा, दिन स्टूडेंट वेलफ़ेयर एसके पांडेय, पॉलिटिकल साइंस के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. दिलीप कुमार, यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता विनीत दीक्षित के नाम शामिल है। राहुल दूबे ने बताया कि इस मामले में आंदोलन जारी है और ऑनलाइन शिकायत की गई है। उन्होंने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों पर धोखाधड़ी, जालसाजी, मानहानि की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। राहुल कुमार दूबे ने बताया कि यह सिर्फ मेरा व्यक्तिगत मुद्दा नहीं है। यह छात्र अधिकारों की हत्या है। उन्होंने ऑनलाइन शिकायत की है। अब कानून अपना काम करेगा।

## दलितों की हितैषी है कांग्रेस : सुबोधकांत सहाय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कांग्रेस 2025 को संगठन सृजन के रूप में मना रही है। पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन सृजन में कांग्रेस, बूथ लेवल तक कांग्रेस को धारदार बनाने की कवायद में लगी है। इसी कड़ी में झारखंड कांग्रेस की ओर से ओल्ड विधानसभा परिसर के सभागार में 'अनुसूचित जाति संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू समेत कई नेता शामिल हुए। कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि केंद्र सरकार अनुसूचित जाति (एससी) के संवैधानिक हक और अधिकार को लगातार कम कर रही है। झारखंड में भी दलितों के कल्याण की बात होती है लेकिन उस पर गंभीरता नहीं दिखती है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग क्रियाशील नहीं है। राज्य में अनुसूचित जाति वित्त निगम



का गठन भी नहीं हुआ है। अनुसूचित जाति परामर्शदात्री कमेटी का हाल भी ठीक नहीं है। झारखंड में दलित छात्रों के लिए पर्याप्त संख्या में हॉस्टल नहीं है। कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने बताया कि झारखंड में जहां 121 आदिवासी हॉस्टल हैं जबकि दलित हॉस्टल की संख्या महज 23 है, हमें अपने दलित समाज के हक और अधिकार के लिए मुखर रहना होगा। जब हम विधायक होकर अपने समाज की बेहतरी के लिए आवाज नहीं उठाएंगे तो फिर हमें विधायक बनने का क्या औचित्य है? दलित संगोष्ठी में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही दलितों के हितों के लिए संघर्ष करती आई है। आज बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर का बनाए गए संविधान को केंद्र सरकार खत्म करना चाहती है लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। अनुसूचित जाति संगोष्ठी के दौरान भारतीय संविधान की प्रति बांटी गई। इस संगोष्ठी में झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप यादव, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रेसिडेंट केदार पासवान, प्रवक्ता निरंजन पासवान, प्रदेश सचिव पप्पू पासवान के साथ-साथ प्रवक्ता जगदीश साहू, मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी सहित प्रदेश भर के अनुसूचित जाति से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

## साइक्लोथॉन से शुरू हुआ सांसद खेल महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान से रविवार सुबह सांसद खेल महोत्सव 2025 का रंगारंग आगाज हुआ। हजारों युवाओं और खेल प्रेमियों की भागीदारी के बीच आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत साइक्लोथॉन से हुई। आयोजन का नेतृत्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने किया। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ युवा फॉर विकसित भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि खेल न केवल शरीर को तंदरुस्त रखते हैं बल्कि समाज को अनुशासन और ऊर्जा से भी भरते हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि यदि देश को विकसित भारत बनाना है तो पहले फिटनेस और हेल्थ पर जोर देना होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ संजय सेठ और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने संयुक्त रूप से झंडी




दिखाकर किया। रघुवर दास ने इस मौके पर कहा कि साइक्लोथॉन जैसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा पैदा करने का माध्यम है। इस साइक्लोथॉन की सबसे बड़ी विशेषता रही भारतीय नौसेना की रिटायर्ड अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकीं कमांडर गौरी मिश्रा की मौजूदगी। वह विश्व साइक्लिंग चैंपियनशिप में भारत का नाम रोशन करने वाली पहली महिला अधिकारी रही है। गौरी मिश्रा ने बातचीत में कहा कि मेरा सपना है कि हर घर में एक साइकिल हो। यदि बच्चे और युवा रोजाना साइक्लिंग करेंगे तो फिट इंडिया का सपना जल्द ही साकार होगा। साइक्लोथॉन में न केवल कॉलेज और स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए बल्कि विभिन्न खेल संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सड़कों पर जगह-जगह लोगों ने साइक्लिस्टों का उत्साह बढ़ाने के लिए तालियां बजाईं और पानी की व्यवस्था की। संजय सेठ ने कहा कि यह महोत्सव सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि खेल से बेहतर कोई साधन नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सांसद खेल महोत्सव आने वाले वर्षों में और बड़े स्तर पर आयोजित होगा और यह झारखंड की पहचान बनेगा। रविवार की सुबह मोरहाबादी मैदान से शुरू हुआ यह आयोजन रांची के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ गया। हजारों की संख्या में युवाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि झारखंड खेलों और फिटनेस के मामले में किसी से पीछे नहीं है। साइक्लोथॉन के साथ सांसद खेल महोत्सव का आगाज फिट इंडिया और डेवलप्ड इंडिया की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ है।

## चोरी की 16 बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जिले में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं पर नकेल कसते हुए पुलिस ने एक बार फिर अपराधियों के मंसूबों पर पानी फ़ेर दिया है। बरोरा थाना पुलिस ने छापेमारी कर बाइक चोरी करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से कुल 16 चोरी की बाइक बरामद की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम नियमित गश्त और चेकिंग अभियान पर थी तभी एक संदिग्ध बाइक सवार को पकड़ा गया। जांच में पता चला कि बाइक चोरी की थी और आरोपी उसे बेचने की फिराक में था। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने अपने साथियों के नाम उजागर कर दिए। पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह धनबाद और बोकारो इलाके से बाइक चोरी कर उन्हें दूसरे जिलों में बेच देता था। चोरी के पैसों से आरोपी ऐश-आराम की जिंदगी जीते थे। यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और इलाके में लगातार बढ़ रही घटनाओं की वजह भी यही था। पुलिस ने खुलासे के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया और गिरोह के अन्य सदस्यों को भी धर दबोचा। कुल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। छापेमारी में 16 चोरी की बाइक बरामद की गई जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। बरामद बाइक की पहचान के लिए अब वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि पुलिस की इस कार्रवाई से आम जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि बाइक चोरी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### कटिहार में पैसों के विवाद में फायरिंग

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र के पचमा गांव में पैसों के लेन-देन को लेकर फायरिंग की घटना सामने आई है। मनीष मिलन ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि 19 सितंबर की शाम 8:30 बजे ज्योतिष कुमार रंजन से रुपए मांगे। इस पर उसने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मनीष के अनुसार, उन्होंने एक साल पहले ज्योतिष को 97 हजार रुपए उधार दिए थे। रात करीब 11:30 बजे ज्योतिष अपने दो साथियों कुंदन कुमार पंडित और मुन्सी कुमार मंडल के साथ मनीष के घर पहुंचा। तीनों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर सो रहे परिवार के सदस्य जाग गए। ग्रामीणों के जमा होने पर आरोपी भाग निकले। एक आरोपी अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भागा। अन्य कार से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से तीन खोखा बरामद किया। पुलिस के जाने के बाद भी हमलावरों ने फायरिंग की। दूसरे पक्ष के ज्योतिष कुमार रंजन का कहना है कि मनीष मिलन ने उनकी मोटरसाइकिल और 9 लाख रुपए छीन लिए हैं। उन्होंने इसकी शिकायत थाने में की है। उनका कहना है कि उन पर लगे सभी आरोप झूठे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गायघाट पर्यवेक्षण गृह में बच्चे के साथ मारपीट

**पटना, एजेंसी।** गायघाट स्थित बच्चों के पर्यवेक्षण गृह में एक किशोर के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। सुनवाई के दौरान वकील ने मारपीट की। आलमगंज में प्राथमिकी दर्ज हुई है लेकिन जेजेबी एक्ट नहीं लगाया गया है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के मुताबिक बच्चों के साथ मारपीट करने पर जेजेबी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य है। किशोर ने थाने में दिए बयान में कहा है कि सुनवाई के दौरान वकील डराने-धमकाने लगा। इसका विरोध करने पर किशोर को वकील ने मारा और धक्का देकर गिरा दिया। उसका 10वीं का सर्टिफिकेट भी नहीं दिया। सर्टिफिकेट देने के बदले 2 हजार रुपए मांगे जा रहे थे। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद वकील को हटा दिया गया है। बाल संरक्षण के विशेषज्ञ केडी मिश्रा बताते हैं कि बालगृहों में बच्चों के साथ प्रताड़ना की घटना होती है तो जेजेबी एक्ट के तहत केस दर्ज होता है।

### राज्य में जब नेता सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों का क्या हाल होगा : तेजप्रताप

**पटना, एजेंसी।** आए दिन डबल इंजन की सरकार में गरीब-गुरबा को टारगेट किया जा रहा है। बिंद-बेलदार को झूठे मुकदमा में फंसाकर जेल भेजा रहा है। बिहार में हत्या, बलात्कार हो रहा है। यहां महा जंगल राज्य आ गया है। ये बातें शनिवार को रवींद्र भवन में तेजप्रताप यादव ने कही। राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सो.) एवं जनशक्ति जनता दल ने अतिपिछड़ा, दलित का संवैधानिक अधिकार सम्मेलन आयोजित किया। तेजप्रताप ने कहा कि जनशक्ति जनता दल का उद्देश्य है कि बिहार से कोई गरीब आदमी बाहर नहीं जाए। बिहार में ही उन्हें रोजगार मिले। महुआ के लोगों से वादा किया था। यहां मेडिकल कॉलेज बनेगा। हमने अपना वादा पूरा किया। यहां मेडिकल कॉलेज शुरू हो जाने के बाद लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में जब नेता सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों का क्या हाल होगा। बिहार में शिक्षा की स्थिति कोमा में चली गई है। हमलोगों को शिक्षा को आगे बढ़ाने का काम करना है। बिहार गठबंधन संकल्पित होकर नया बिहार बनाने का काम करेगा। सभी नौजवानों को महापुरुषों का जीवनी पढ़ना चाहिए। युवाओं को जेपी आवास जाना चाहिए। जब हम विचलित होते हैं तो जेपी आवास जाते हैं। जब हम स्वास्थ्य मंत्री थे तो परिवार के कुछ लोग भी काम के लिए आते थे। कुछ गलत लोगों के साथ भी आते थे, लेकिन हम उनको मना कर देते थे।

### सीवान में पूर्व एमएलसी प्रत्याशी रईस खान के घर एसटीएफ की छापेमारी, इलाके में अफरातफरी

**सीवान, एजेंसी।** सीवान जिले के ग्यासपुर स्थित पूर्व एमएलसी प्रत्याशी रईस खान के घर आज अचानक एसटीएफ और भारी संख्या में स्थानीय पुलिस ने छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, पुलिस की यह कार्रवाई चल रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि किस मामले में यह कार्यवाही की जा रही है। किसी भी अधिकारी से इस बाबत बातचीत नहीं हो पाई है। बताया गया है कि कुछ माह पहले ही खान ब्रदर्स के दोनों भाईयों ने लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) जॉइन किया था। रईस खान लगातार रगजुनाथपुर से चुनाव लड़ने की बात करते रहे हैं। आज अचानक पुलिसिया कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

# विकास मित्रों को टैबलेट खरीदने के लिए मिलेंगे 25 हजार रुपये



**पटना, एजेंसी।** बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार बिहारवासियों को सौगात दे रहे हैं। दशहरा की शुरुआत होने से एक दिन पहले उन्होंने विकास मित्रों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से बिहार महादलित विकास मिशन के अन्तर्गत कार्यरत प्रत्येक विकास मित्र को टैबलेट खरीदने की राशि देने, परिवहन, स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने की बात कही। सीएम नीतीश कुमार ने लिखा कि न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है।

उन्होंने एलान करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग तक सरकार की विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में विकास मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए बिहार महादलित विकास मिशन के अन्तर्गत कार्यरत प्रत्येक विकास मित्र को टैबलेट क्रय के लिए एकमुश्त 25 हजार रुपये की राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है ताकि उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के डाटा संधारण एवं अन्य कामकाज में सुविधा हो सके। इसके साथ ही विकास मित्रों का परिवहन भत्ता 1900 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रतिमाह एवं स्टेशनरी भत्ता 900 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे उन्हें क्षेत्र भ्रमण के साथ-साथ दस्तावेजों के संग्रहण में सुविधा होगी।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि महादलित, दलित, अल्पसंख्यक एवं अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों तक शिक्षा का लाभ तथा अक्षर आंचल योजना के अधीन महिलाओं को साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे शिक्षा सेवकों (तालिमी मरकज सहित) को डिजिटल गतिविधियों के संपादन हेतु स्मार्ट फोन क्रय करने के लिए 10-10 हजार रुपये की राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शिक्षण सामग्री मद में भुगतान की जा रही राशि को 3405 रुपये से बढ़ाकर छह हजार रुपये प्रति केन्द्र प्रतिवर्ष किए जाने का निर्णय लिया गया है।

3 दिन पहले गुरुवार को बिहार सरकार ने बेरोजगारों के लिए बड़ी घोषणा की थी। सरकार बेरोजगार ग्रेजुएट युवाओं को हर महीने 1000 रुपए देगी। ये पैसे 2 साल तक युवाओं के खाते में डाले जाएंगे। बिहार के युवक और युवती जो ग्रेजुएट हैं और जिनकी उम्र 20-25 के बीच है और वो नौकरी या रोजगार के लिए कोशिश कर रहे हैं। ऐसे युवाओं को बिहार सरकार हर महीने 1000 रुपए 2 साल तक देगी।

नीतीश कुमार ने इसका ऐलान करते हुए एक्स पर लिखा- नवंबर 2005 में नई सरकार बनने के बाद से ही अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देना। सशक्त और सक्षम बनाना हम लोगों की प्राथमिकता रही है।

आपको पता है कि अगले 5 साल में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। आने वाले समय में सरकारी और निजी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नौकरी और रोजगार के नए अवसर दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना की शुरुआत 2 अक्टूबर 2016 को की थी। इस योजना का उद्देश्य उन इंटर पास बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहारा देना है, जिन्होंने पढ़ाई पूरी कर ली है, लेकिन अभी नौकरी या रोजगार नहीं पा सके हैं।

योजना के तहत राज्य के 20 से 25 साल के युवक-युवतियों को, जो कम से कम इंटरमीडिएट (12वीं) पास हों और आगे पढ़ाई न कर रहे हों, सरकार ?1,000 प्रति माह की आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यह भत्ता अधिकतम 2 साल (24 महीने) तक मिलता है।

सिर्फ आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि लाभार्थियों को भाषा, कंप्यूटर और संवाद कौशल का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। अब सरकार ने घोषणा की है कि अब इस योजना का लाभ कला, विज्ञान और वाणिज्य ग्रेजुएट बेरोजगार युवाओं को भी मिलेगा। पहले सिर्फ इंटर पास को।मिलता था। अब तक 7 लाख 61 हजार के करीब बेरोजगार युवाओं ने योजना से फायदा लिया है।

## सीएम रोजगार योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी, दर्जनों महिलाएं हुईं शिकार

**अमरपुर (बांका), एजेंसी।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या दो डुमरामा मोहल्ला के महिलाओं से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ दिलाने के नाम पर दो दर्जन से अधिक महिलाओं से ठगी हुई है।

ठगी की शिकार महिलाएं प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर शुक्रवार को जमकर हंगामा किया, जिससे प्रखंड मुख्यालय में काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। बीडीओ प्रतीक राज को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में महिलाओं ने डुमरामा की ही संध्या भट्टाचार्य पर ठगी करने का आरोप लगाया है।

संध्या भट्टाचार्य एक राजनीतिक पार्टी की कार्यकर्ता बताई जा रही है। बेबी देवी, सुलेखा देवी, आशा देवी, मंजू देवी, सोनी देवी, अमित साह, नीलांबर साह आदि ने बताया कि संध्या भट्टाचार्य ने मोहल्ला की महिलाओं को गुमराह कर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस हजार रूपया दिलाने के नाम पर एक-एक हजार रूपया ठगी कर ली। चार दिन के अंदर योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दी थी। जब योजना की राशि बैंक खाता में नहीं आया तो पूछताछ के लिए गई तो उन्होंने गाली-गलौज करने लगी। साथ ही अपने राजनीतिक रसूख का हवाला देकर सभी को झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी।

महिलाओं ने बताया कि इस तरह की ठगी की अन्य कई घटना को अंजाम भी दे चुकी है। इधर, संध्या भट्टाचार्य से पूछे जाने पर बताया कि सभी महिलाएं डुमरामा मोहल्ला की है। महिलाओं ने दुर्भावना से ग्रस्त हो मेरे उपर झूठा और बेबुनियाद आरोप लगा रही है।

बीडीओ प्रतीक राज ने कहा कि योजना का लाभ दिलाने का नाम पर संध्या भट्टाचार्य पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दी है। वह जीविका बीपीएम को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही ठगी की शिकार महिला को थाना में लिखित आवेदन देने को कहा है, ताकि ऐसे असमाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## मुजफ्फरपुर में डिलीवरी के बाद महिला की मौत, परिजनों ने अस्पताल के बाहर किया प्रदर्शन



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला की डिलीवरी के बाद हालत बिगड़ने और फिर मौत के बाद हंगामा मच गया। परिजनों ने अस्पताल में शव रखकर कई घंटे तक प्रदर्शन किया। मृतका की पहचान मुसहरी थाना क्षेत्र के मणिका हरिकेश निवासी भोला कुमार की 24 वर्षीय पत्नी खुशी कुमारी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, खुशी कुमारी को डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डिलीवरी के बाद कुछ ही देर में उनकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज में रेफर किया जा रहा था। इस दौरान उनका बच्चा सुरक्षित था, लेकिन कुछ ही देर में खुशी कुमारी की मौत हो गई।

मौत की खबर पाते ही परिजन नाराज हो गए और अस्पताल द्वारा मौत के बाद रेफर किए जाने पर अपनी नाराजगी जताई। मृतका का शव एंबुलेंस से बाहर निकालकर अस्पताल के गेट पर रख दिया गया और हंगामा शुरू हो गया। सैकड़ों ग्रामीण और परिजन मौके पर जुट गए। लोगों का आक्रोश देखकर अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ मौके से भाग गए।

परिजनों ने कहा कि अस्पताल की लापरवाही के कारण उनकी बेटी की मौत हुई है। वे सवाल कर रहे हैं कि जब अच्छे से इलाज नहीं किया जा सकता तो मृतक को रेफर क्यों किया गया। परिजन ने कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, उनका विरोध जारी रहेगा। मौके पर पहुंचे जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक जांच में मौत का कारण एक्सेस ब्लड पाया गया है। परिजनों को आश्वासन दिया गया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इसके लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है और जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

साउथ इंडियन स्टाइल में दिखेगा 80 फीट ऊंचा रावण

## पटना के गांधी मैदान में होगा रामलीला मंचन, हेलिकॉप्टर से उतरेंगे भगवान राम, वृंदावन से आएंगे कलाकार



**पटना, एजेंसी।** इस बार दशहरा महोत्सव खास होने वाला है। रावण दहन के साथ ही रामलीला का मंचन भी गांधी मैदान में होगा। वहीं, 5 लाख के पटाखों से रावण, मेघनाद और कुंभकरण जलेंगे। यह सभी पटाखे इको फ्रेंडली होंगे। 12 दिनों तक रामलीला महोत्सव का आयोजन होगा। इस बार साउथ इंडियन स्टाइल में रावण को तैयार किया जा रहा है। इस साल रावण दहन का बजट 35 लाख रूपए है।

इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई 80 फीट होगी। वहीं, मेघनाथ 75 और कुंभकरण 70 फीट का बनाया जाएगा। बारिश को ध्यान में रखते हुए पुतले पर क्लियर वार्निश लगेगा, ताकि बारिश अगर हो तो पानी बह जाए। आगरा के कलाकार रावण दहन के लिए पुतलों का निर्माण कर रहे हैं। अभी आगरा में तेजी से पुतलों का काम चल रहा है। बचा हुआ काम पटना में होगा।

दशहरा कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि, रामलीला के आयोजन के लिए गांधी मैदान में 100/200 वर्गफीट का जर्मन पंडाल बनाया जा रहा है। इसके अलावा खुले आसमान तले भी दर्शकों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। रामलीला के लिए वृंदावन से 35 कलाकारों की टीम आ रही है। हर दिन शाम 6:00 से 9:00 तक रामलीला का मंचन होगा।

कमेटी के चेयरमैन कमल नोपानी ने कहा कि गांधी मैदान के सभी 12 गेट दर्शकों के लिए खुले रहेंगे, ताकि वह आकर रावण दहन देख सके। खास बात यह है कि हर 12 द्वारों का नामकरण रामायण के पात्रों के नाम पर होगा। इसमें राम द्वार, सबरी द्वार, केवट द्वार, भरत द्वार, आदि नाम होंगे। वहीं, गेट नंबर- 1 मुख्य द्वार होगा, जिसका नाम अयोध्या रखा जाएगा।

भरत मिलाप प्रसंग में पहली बार पुष्पक विमान की जगह हेलिकॉप्टर से भगवान राम गांधी मैदान में उतरेंगे। जब श्रीराम लंका विजय के बाद पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे थे, उसी तरह के दृश्य को यहां साकार करने की तैयारी है।

संयोजक मुकेश कुमार नंदन ने बताया कि, रामलीला के दौरान गांधी मैदान में सीतामढ़ी के पुनौराधाम का माता जानकी मंदिर का मॉडल रहेगा। 10/12 फीट का मंदिर का मॉडल तैयार किया जा रहा है, जो रामलीला के महोत्सव के दौरान मंच के पास लगा रहेगा। पूरे विधि विधान के साथ इस मॉडल में सीता माता का पूजा होगा। इसके लिए पुजारी मिथिला से आ रहे हैं, जो 10 दिनों तक यहां रहकर पूजा कराएंगे। इस मंदिर के मॉडल के बाहर एक दानपेटी रहेगी, जिसमें अपनी इच्छा से लोग दान देंगे। दानपेटी से प्राप्त रकम माता जानकी मंदिर निर्माण के लिए भेजी जाएगी।

## वोटों की बाण से जल्द ही बिहार की जनता तुम्हारा सत्यानाश कर देगी: नित्यानंद राय



**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के अपमान पर नित्यानंद राय ने तेजस्वी यादव को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा वैशाली में तेजस्वी यादव के सामने उनके गुंडो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता को गाली देकर बहुत बड़ा महापाप किया है।

बार-बार प्रधानमंत्री जी को और माताजी को गाली देकर यह लोग अनर्थ कर रहे हैं। कहा कि तेजस्वी कंस की तरह तुम्हारा नाश करेंगे। वोटों की बाण से जल्द ही बिहार की जनता तुम्हारा सत्यानाश कर देगी। कालिया नाग की तरह तुम भी जहर उगल रहे हो। बिहार की जनता जल्द ही तुमको नाथ देगी। अब समय निकट आ चुका है। याद रखो मैं तुमको आज चेतावनी दे रहा हूं और धिक्कार रहा हूं।

नित्यानंद राय ने कहा कि अधर्मी तेजस्वी बार-बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का अपमान अब बिहार की जनता नहीं अब सहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 करोड़ से ज्यादा गरीबी मिटाई है। पीएम मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं।

और रात दिन देश और बिहार की समृद्धि के लिए परिश्रम कर रहे हैं। तेजस्वी तुम विकास के भागीरथ और उनकी स्वर्गीय माता को गाली दे रहे हो। बार-बार यह अनर्थ जो तुम कर रहे हो तो सुन लो बिहार लोकतंत्र की धरती है। नित्यानंद रानी दावा किया कि इस बार राघोपुर से भी तुम्हारा सत्यानाश हो जाएगा।

नित्यानंद राय ने लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि तेजस्वी यादव 1990 के समय को याद करो पूछो अपने पिताजी से कि वह रामरथ रोकने चले थे। लेकिन, वह रोक नहीं पाए। ठीक उसी तरह से इस बार तुमको राघोपुर से पछाड़ेंगे। राघोपुर की धरती से तुमको रोकना प्रारंभ करेंगे। राजनीति की अखाड़े में बिहार की जनता पटखनी देगी।

नित्यानंद राय ने कहा कि कि अब सिर के ऊपर से पानी बह रहा है। मैं राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को चेतावनी देता हूं कि इस तरह की करतूत अगर करते रहे तो जल्द ही सर्वनाश हो जाएगा। आप लोग पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी पर जो अपराध कर रहे हो वह गलत है। अंत में नित्यानंद राय ने फिर से कहा कि अब राहुल और तेजस्वी का नाश निकट है। बिहार की जनता अब कमर कस चुकी है जल्द ही तेजस्वी और राहुल गांधी का सर्वनाश हो जाएगा।

## पटना के बेली रोड पर बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत; दूसरा गंभीर



**पटना, एजेंसी।** पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के बेली रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार से जा रही बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। गांधी मैदान ट्रैफिक थानेदार ब्रजेश चौहान ने बताया कि, दोनों युवकों की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान शेखपुरा के संजीवनी गली के रहने वाले देवनंद भगत के बेटे राहुल कुमार (27) के तौर पर हुई है। घायल की पहचान मुन्ना कुमार (18) के रूप में हुई है।

**हवा में उछलकर सड़क पर गिरे दोनों :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। डिवाइडर से टकराने के बाद दोनों युवक हवा में उछलकर बीच सड़क पर जा गिरे। जोरदार टक्कर में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टंकी फटने से सड़क पर पेट्रोल रिसने लगा।

**राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना :** हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने तुरंत शास्त्रीनगर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर थाने ले आई है।

**घायल एलएनजेपी में एडमिट, हालत गंभीर :** दोनों हवाई अड्डा थाना क्षेत्र के माली टोला शेखपुरा के रहने वाले हैं। घायल मुन्ना के परिजनों ने बताया कि उसे एलएनजेपी में एडमिट कराया है। स्थिति इसकी भी नाजुक बनी हुई है। कुछ बोल नहीं पा रहा है। बेसुध है। एक पैर पूरी तरह से डैमेज है। दोनों कहां जा रहे थे, ये पता नहीं है। घर वालों को बताकर नहीं निकले थे।

# ऑर्केस्ट्रा डांसर से गैंगरेप मामले में पुलिस ने किया मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में गुरुवार की देर रात विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आयोजित ऑर्केस्ट्रा प्रोग्राम के दौरान एक महिला डांसर के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई। हालांकि, घटना के बाद कार्रवाई के बजाय प्रतापगंज और ललितग्राम थाने की पुलिस सीमा विवाद सुलझाने में उलझी रही। वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज किया गया। एसपी शरथ आरएस ने मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

मामले में प्रतापगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुख्य आरोपी ललटू उर्फ चिंटू को नामजद किया गया है, जबकि दो अन्य अज्ञात के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। इस बीच पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इसमें वह ऑटो चालक भी शामिल है, जिसकी गाड़ी से पीड़िता को हालत बिगड़ने के बाद प्रतापगंज पीएचसी लाया गया था। एसपी शरथ आरएस ने बताया कि मुख्य आरोपी ललटू उर्फ चिंटू को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

पीड़िता ने बताया कि लक्ष्मीनिया पंचायत के कलिकापुर में आयोजित ऑर्केस्ट्रा के दौरान चिंटू ने झांसा देकर उसे सुनसान स्थान पर ले गया और अपने दो साथियों के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जब डांसर को गंभीर चोट लगी और ब्लीडिंग होने लगी, तो तीनों आरोपी उसे सुबह करीब 4 बजे प्रतापगंज सीएचसी लाकर छोड़कर फरार हो गए। आरोपियों ने सीएचसी में अपने नाम-पते और पीड़िता का नाम गलत दर्ज कराया।

पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सीएचसी से सदर अस्पताल रेफर किया गया। तब तक घटना की जानकारी ऑर्केस्ट्रा कमेटी के सदस्यों को भी हो चुकी थी। कुछ सदस्यों ने पीड़िता को पास के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर दोनों थानों को सूचना दी गई। इसके बाद एंबुलेंस से पीड़िता को सदर अस्पताल भेजा गया और वहां से डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। फिलहाल पीड़िता द्रष्ट में नाजुक स्थिति में है।

घटना के बाद दिनभर प्रतापगंज और ललितग्राम पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। अंततः वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर प्रतापगंज थाने के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने पीड़िता के फर्द बयान पर थाना कांड संख्या 197/25 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

इससे पहले भी गैंगरेप के मामले को लेकर सीमा विवाद सामने आ चुका है। 8 अक्टूबर 2019 को विजयादशमी के दिन तीनटोलिया मेला देखने जा रही दो विवाहिता और एक किशोरी को राघोपुर थाना क्षेत्र में रास्ते में अपराधियों ने बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था।

घटना का विरोध करने पर एक पीड़िता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस घटना में भी राघोपुर और प्रतापगंज थाना के बीच प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर विवाद हुआ था। वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद तीन दिनों बाद प्रतापगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में दुष्कर्म और हत्या के दोषियों पर स्पीडी ट्रायल चलाकर चार दोषियों को फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है।

## आत्मनिर्भरता की बस पर सवार होने को तैयार वंचित समाज की बेटियां, चालक बनकर भरेंगी नई उड़ान

**दानापुर, एजेंसी।** नारी गुंजन छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाली छह युवतियां अब जल्द ही महिलाओं के लिए चलाई गई पिंक बस की चालक बनेंगी। इसको लेकर नारी गुंजन की सचिव सुधा वर्गीज प्रयास में जुटी हैं।नारी गुंजन के प्रेरणा छात्रावास में रहकर पढाई कर रहीं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिलवाया गया। सेंटर की 6 बच्चियों को बड़े वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिलवाया साथ ही लाइसेंस दिलवाया।

इन युवतियों को हेवी मोटर व्हीकल (एचएमवी) प्रशिक्षण दिलवाई गई। साथ ही पिंक बस पर चालक के रूप में महिला चालक के रूप में इन्हें भर्ती कराने को लेकर प्रयास शुरू कर दी है। एक माह का सफलतापूर्वक पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटी छात्राओं की खुशियां शुक्रवार को देखते ही बन रही थी। छात्राओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया कदम बढ़ाया है। शुक्रवार को उन बच्चियो को शुभकामना देने समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी लालकोठी स्थित नारी गुंजन के प्रेरणा छात्रावास पहुंचीं।

# शांति समिति की बैठक में दिए गए कड़े दिशा-निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** दुर्गा पूजा के दौरान शांति और भाईचारे का माहौल बनाए रखने को लेकर जिले भर में पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में रविवार को मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता सीओ जितेंद्र प्रसाद ने की, जबकि एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो भी मौजूद रहे।बैठक में क्षेत्र की सभी पूजा समितियों के प्रतिनिधि और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान पदाधिकारियों ने पूजा पंडालों में सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। सभी पूजा समितियों को अपने पंडाल के पास सीसीटीवी कैमरा लगाने, वॉलिंटियर्स को पहचान पत्र देने और उनकी पूरी जानकारी थाना को उपलब्ध कराने की सलाह दी गई पदाधिकारियों ने साफ किया कि दुर्गा पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी प्रशासन ने आश्वस्त किया कि जिले भर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की




गई है और सभी प्रमुख पंडालों के पास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही समितियों से अपने-अपने इलाकों में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और पंडालों में पर्याप्त वॉलिंटियर्स लगाने की अपील की गई, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।बैठक में मुफस्सिल क्षेत्र की सभी पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न समाजों के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# डोभा में डूबने से दो मासूमों की मौत, गांव में छाया मातम, घेराबंदी की उठी मांग

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलमहा पंचायत के सिंहपुर गांव में रविवार को मनरेगा योजना से बने डोभा में नहाने के दौरान दो चचेरे भाइयों की डूबकर मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया।

मृतकों की पहचान कुश कुमार (7 वर्ष), पिता संजय यादव एवं सूर्यांश कुमार, पिता सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे सुबह 10 बजे अपने दोस्तों आदित्य कुमार और सौरव कुमार के साथ दुमुंहवा जंगल की ओर घूमने गए थे। इस दौरान आदित्य और सौरव शौच के लिए चले गए, जबकि कुश और सूर्यांश नहाने के लिए डोभा में उतर गए। नहाने के दौरान दोनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। घटना की



सूचना पर ग्रामीण दौड़े और बच्चों को निकालकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और मुखिया मनोज कुमार अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि डोभा की घेराबंदी की गई होती तो यह दर्दनाक हादसा टल सकता था। लोगों ने प्रशासन से तुरंत सभी डोभाओं की घेराबंदी की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# जमुआ प्रखंड राजद महिला मोर्चा की कमिटी गठित

**बसंती राणा बनी अध्यक्ष जबकि रूक्मणी देवी सचिव : ललन यादव**



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज जमुआ प्रखण्ड में राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्षा सुनीता यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें संचालन राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष ललन यादव ने किया बैठक में भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई और सभी राजद के महिला मोर्चा की सदस्यों ने महिला मोर्चा प्रखण्ड कमिटी गठित करने का फैसला लिया जिसमें सर्व सम्मति से प्रखंड महिला मोर्चा की अध्यक्षा के रूप में बसंती राणा को चयनित किया जबकि सचिव के लिए रूक्मणी देवी के नाम का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया ।

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कही कि जमुआ विधान सभा क्षेत्र में जमुआ प्रखण्ड और देवरी प्रखण्ड के सभी महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिए आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी के विचारधारा को अपनाते हुए राजद संगठन से जुड़े और नारी शक्तियों को काफी सशक्त बनाने की भरपूर प्रयासों को अंजाम तक पहुंचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें राजद प्रखण्ड अध्यक्ष ललन कुमार यादव ने कहा कि महिला ही सभी संगठन की असली ताकत है नारी शक्ति के बिना सामाजिक न्याय का झंडा बुलंद नहीं किया जा सकता है उन्होंने तमाम महिलाओं से अपील की कि जमुआ सामाजिक न्याय की धरोहर है इसे हम किसी भी कीमत पर झुकने नहीं देंगे आप तमाम बहनों बेटियों से अपील है कि नारी के सम्मान और अस्मिता की हिफाजत के लिए हम हमेशा आप सभी के सहयोग से संघर्ष जारी रखेंगे।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजली कुमारी, अनिता देवी, कुंती देवी, सुनीता देवी, कौशल्या देवी, बसंती देवी, रिंकी देवी, पुष्पा देवी, उर्मिला देवी, पार्वती देवी रुबिया देवी, सुलेखा देवी सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# निवर्तमान मेयर सुनील पासवान के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज सेवा पखवाड़ा के निमित्त शिव शक्ति धाम शीतलपुर में गिरिडीह के निवर्तमान मेयर सुनील पासवान के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सुनील पासवान ने कहा कि जैसा कि आप लोग जानते हैं की 17 सितंबर 2025 को इस देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी के जन्म दिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, इसी के निमित्त शहर



के वार्ड नंबर 13 में शिव शक्ति धाम मंदिर प्रांगण के अंतर्गत साफ सफाई अभियान चलाया गया इस मौके पर निवर्तमान महापौर सुनील पासवान के अलावे अपने बूथ के अध्यक्ष क्रमशः सुनील रजक दिलीप ठाकुर दिनेश पासवान दिलीप राम महेंद्र राम संजय तांती सोनू साहू चंद्रिका रजक इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# घंटों मशक्कत के बाद बाभनटोली मोड़ से बच्चे का शव बरामद

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गांधी चौक में शनिवार देर शाम को तेज बारिश के समय एक दो वर्षीय बच्चे के नाले में गिर गया था ,जो रविवार को सुबह कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 17 घंटे बाद गांधी चौक से करीब 2 किलोमीटर दूर बाभनटोली गार्डना गली के बगल रेलवे फाटक के समीप नाले में उसका शव बरामद हुआ।

इस दुर्घटना को लेकर के प्रशासन पूरी रात से ही अलर्ट पर रहा और लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। वंही इसे लेकर के मौके पर निगम के कर्मचारी, पुलिस प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय लोग मिलकर बच्चे को बचाने की कोशिश करते रहे। वंही लगातार 16 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आखिरकार बच्चे का शव बरामद किया गया। गिरिडीह उपायुक्त राम निवास यादव खुद मौके




पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। इस दर्दनाक घटना से पूरे गिरिडीह क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वंही इस दुर्घटना से बच्चों के परिवार वाले काफी मर्माहत हैं,वंही गिरिडीह शहर के लोग भी इस दुर्घटना से काफी आहत हुए है, क्योंकि जिस प्रकार से गांधी चौक और उसके अगल-बगल रहने वाले स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के बाद से बच्चे को बचाने के लिए भारी बारिश के बीच जमकर मेहनत की थी उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# भाजयुमो का सेवा पखवारा के निमित रक्त दान शिविर सम्पन्न

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** आज दिनांक 19/9/2025 को दिन शुक्रवार को भाजयुमो खूंटी द्वारा सेवा पखवारा की निमित देश प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के जन्मदिवश के अवसर पे सदर अस्पताल खूंटी के प्रांगण में जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहू की अध्यक्षता में रक्त दान शिविर लगाया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मंत्री नीलकांठ सिंह मुंडा और तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा उपस्थित थे।

मौके पे भाजयुमो के जिलाअध्यक्ष रोहित साहू ने कहा रक्त दान महा दान होता है।ये मानवता का



अमूल्य सेवा है।रक्त दान से जुड़े मिथक खत्म करने और इस पुनीत कार्य के प्रति जागरूकता बनाने का संकल्प ले।मौके पे बीजेपी के जिलाअध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता महामंत्री संजय साहू सुनील साहू,प्रियंक भगत ,मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप सत्यम मिश्रा पंकज कुमार प्रकाश मांझी सौरव कुमार साहू अभिषेक कुमार विराज कश्यप पवन सोनी आदर्श अंशुल आदि भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिला चौपाल टीम ने डांडिया महोत्सव में बिखेरी संस्कृति की चमक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** महिला चौपाल टीम की सदस्याओं ने बड़े उत्साह और उल्लास के साथ डांडिया महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी सदस्याओं ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कर गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई कार्यक्रम की विशेष झलक तब देखने को मिली जब दो कन्याओं ने माता काली और माँ दुर्गा का रूप धारण कर प्रवेश किया और सभी के साथ मिलकर गरबा एवं डांडिया खेला।

उपस्थित सभी ने इस दृश्य को भक्तिमय और प्रेरणादायी बताते हुए जोरदार तालियों से स्वागत किया महिला चौपाल टीम की ओर से शालिनी बैसखियार ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति और परंपरा को जीवित रखते

**■ कन्याओं ने माँ काली और माँ दुर्गा का रूप धारण कर गरबा-डांडिया से मोह लिया सभी का मन**



हैं, बल्कि समाज में एकता और आनंद का वातावरण भी निर्मित करते हैं इस मौके पर टीम की प्रीति, रूबी, मोनिका, मीना, सपना, सोनिया, स्वर्णा, साहित सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं और पारंपरिक लोक धुनों पर देर रात तक डांडिया के संग स्वादिष्ट स्वदेशी व्यंजनो का आनंद लिया।

# केंद्रीय कारा में बंदियों को मौलिक अधिकार की दी गई जानकारी

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह ने बन्दियों को कानून में प्रदत मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कहा कि भारतीय संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को विधि के समक्ष समानता का अधिकार दिया गया है। यह व्यवस्था की गई है कि न्याय सबको सुलभ हो । उन्होंने कहा की विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य लक्ष्य न्याय सबके लिए सुलभ कराना है। इसमें किसी भी तरह का विभेद वर्जित है । इसी अवधारणा को ध्यान




में रखते हुए वर्तमान में गांव-गांव व घर-घर जाकर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसमें लोगों में कानून के प्रति जागरूकता आई है । मौके उतम कुमार ने कहा कि न्याय सबके लिए एक समान है। त्वरित व सुलभ न्याय गरीब को मिले इसके लिए डालसा काम कर रहा है। बन्दियों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेल आत्मचिंतन का केंद्र है। अगर जाने- अनजाने कोई गलती हो गई है तो यहां चिंतन करें। जब जेल से बाहर निकले तो एक सभ्य नागरिक के तरह जीवन व्यतीत करें। साथ ही समाज के नवनिर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। वही महिला वार्ड में भी नीतू सिंह ने कहा कि लोगों के आर्थिक स्थिति को सुधारने, महिला सशक्तिकरण आदि समाज हित व देश हित से जुड़े अन्य कार्य डालसा के द्वारा किया जा रहा है। जागरूकता से ही सशक्त हो सकते है। मौके पर असिस्टेंट पुष्कर राज ने भी कैदियों का मिलने वाली विधिक सहायता व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर पीएलभी नीरज कुमार समेत दर्जनों कारा बन्दी शामिल थे।

**बरही थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक**

# अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर

**बरही/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग के बरही थाना परिसर में रविवार को आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी अजीत कुमार विमल और सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने किया। बैठक में कोबरा असिस्टेंट कमांडेंट अविनाश कुमार सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी, विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य तरीके से सम्पन्न कराने के लिए कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसमें विधि-व्यवस्था बनाए रखने, साफ-सफाई, सड़कों की मरम्मत, निर्बाध बिजली आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बल की तैनाती जैसे विषय शामिल थे। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि पूजा के दौरान प्रशासन की पूरी टीम तैनात रहेगी और किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने अपील की कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने सभी पूजा पंडालों को निर्देश दिया कि वे सीसीटीवी कैमरों से लैस रहें और पंडालों में महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए जाएं। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बिजली विभाग जेई अभिषेक आनंद, समाजसेवी, पंचायत प्रतिनिधि और विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष व सदस्य शामिल हुए।

# उप नगर आयुक्त और कई सरकारी जिम्मेदार अधिकारी पर करेंगे माले नेता राजेश सिन्हा एफआईआर



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगरनिगम, नरक निगम बन गया है बच्चा हादसा में नहीं रहा, अफसोस है वह बच्चा जिला भर के बच्चा है सभी को अफसोस होता है, नगरनिगम की लापरवाही से हुआ हादसा 31 जुलाई को उपनगर आयुक्त को शहर की सभी नालियों को ढकने के माले ने, आवेदन दिया था, माले नेता नगर कमिटी के सचिव राजेश सिन्हा ने उपनगर आयुक्त से मिलकर भी बात की थी जो मीडिया पर भी आया था, माले के कहने पर चार सौ स्लेभ बनाए भी गए थे किंतु उसको लगाने की पहल नहीं की गई थी,हालांकि 36 वार्ड में हजारों जगह ऐसा खतरा है, हाल के दिनों में सर्किट हाउस में भी नगर आयुक्त से बात की गई थी उन्होंने कहा कि जल्द लगेगा, हमने कहा था हादसा की संभावना है।

उन्होंने तुरंत संज्ञान में नहीं लिया, उसी आधार पर माले नेता ने कहा कि यदि आज सभी जगह नाले के ऊपर स्लेभ लग जाता तो आज बच्चा नहीं बहता, मौत नहीं होती उसी आवेदन के आधार पर उपनगर आयुक्त और उनके सरकारी कर्मी पर गिरिडीह कोर्ट में एक एफआईआर करेंगे माले नेता राजेश सिन्हा, सिन्हा ने कहा कि नगरनिगम अफसर सिर्फ नगरविकास की ही बात मानते है समझते है, ऐसा प्रतीत होता है, बाकि प्रतिनिधि के कहे गए कार्य को इगनोर करते है सिन्हा ने कहा कि हादसा के बाद नगरनिगम के सफाई कर्मी,गिरिडीह के युवा,कई जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन ने जमकर मेहनत की है, मीडिया के बदौलत सब देख रहे है, वही कुछ अराजक तत्व वाले काम में बाधा को भी अंजाम दे रहे थे, हरेक जगह राजनीति का चेहरा चमकाना भी एक प्रकार का नशा है इसको भी कुछ युवाओं को समझना होगा जिला प्रशासन और नगरनिगम के पास बहुत संसाधन नहीं है रेस्क्यू का इस टीम को 24 घंटे रखने की जरूरत है, टैक्स का पैसा से सेलरी जिस प्रकार से अफसर कर्मी को आता है दस टीम को रखने से हमेशा कार्य लिया जा सकता है,जिला प्रशासन ने जिस प्रकार सुबह पहल की है सहाहनीय कार्य है, नगरनिगम के सभी सफाई कर्मी और टेंपररी वाले कर्मी ने बहुत मेहनत की है किंतु आम और खास लोग ने भी साथ दिया उसमें युवा की सराहनीय पहल है, लेकिन एक और बात है बाजार में बच्चे पर अब के गार्जियन पर कम ध्यान दे रहे है, इसपर बेहतर पहल सभी गार्जियन करें मांग है पीड़ित परिवार को आजीवन जीविका के लिए कुछ ठोस उपाय,और भी बच्चे है तो ग्रेजुएट तक पढ़ाई का खर्च और उचित मुआवजा की व्यवस्था हो,जाहिर है नगरविकास मंत्री गिरिडीह के है और बगल गांव की घटना है, संवेदनशील मंत्री है आशा है संज्ञान में लेंगे।

# लगातार बारिश से दौरवा गांव में तीन परिवार बेघर, तिरपाल के सहारे गुजर-बसर, आवास योजना से अब तक वंचित

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहार पंचायत के दौरवा गांव में लगातार बारिश ने गरीबों की जिंदगी तबाह कर दी है। गांव में तीन परिवारों का कच्चा मकान ढह गया है जबकि एक और मकान गिरने की कगार पर है। मजबूरी में ये परिवार घर के अंदर रहने की बजाय बाहर तिरपाल टांगकर अपने छोटे-छोटे बच्चों संग गुजर-बसर कर रहे हैं।

आजादी के आठ दशक बाद भी घटवार परिवार जैसे गरीब ग्रामीणों तक अबुआ आवास योजना और पीएम आवास योजना का लाभ नहीं पहुंच पाया है। इन परिवारों का कहना है कि वे पिछले एक साल से प्रखंड कार्यालय, मुखिया और जनप्रतिनिधियों के पास गुहार लगाते-लगाते थक चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें आवास नहीं मिला। रविवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की टीम



प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के नेतृत्व में गांव पहुंची और पूजा देवी, फगुनी देवी, यशोदा देवी (पति रूपलाल घटवार), गुड़िया देवी (पति परमेश्वर घटवार) और कुंती देवी (पति योगेश्वर घटवार) की स्थिति का जायजा लिया। सभी परिवारों ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और जंगली जानवरों-सर्प-बिच्छुओं का डर बना रहता है।

कुंती देवी ने आक्रोश जताते हुए कहा— 'क्या इस देश में समता का अधिकार है? अगर है, तो कुछ लोग पक्के मकान में और हम बेघर क्यों?' इस बीच बीडीओ जयपाल महतो ने सफाई दी कि दो साल पहले ओबीसी का ऑनलाइन डाटा तकनीकी खराबी से डिलीट हो गया था, जिसके चलते आवास नहीं मिल पाया। नया सूची बनाकर विभाग को भेज दिया गया है और आवंटन मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर इन परिवारों को आवास दिया जाएगा। वहीं, इसी गांव से आने वाले प्रमुख मनोज रजक ने स्वीकार किया कि आवास न मिल पाना दुखद है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्राथमिकता के आधार पर इन बेघर परिवारों को जल्द ही आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

# बरही के चंदन नगर में संदिग्ध अवस्था में मिला अधेड़ का शव, पुलिस जांच में जुटी

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के दुल्महा पंचायत अंतर्गत चंदन नगर में रविवार को एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी परमेश्वर पंडित के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही बरही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस और परिजन मामले की जांच में जुटे हैं। शव किस परिस्थिति में मिला और मौत के पीछे की वजह क्या है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। इस घटना से गांव में दहशत और आशंका का माहौल है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 21-09-2025 21:35 Page 1



# पर्चाधारियों के साथ दबंगों ने की मारपीट व फायरिंग

- कई बाल-बाल बचे
- मौके से खोखे बरामद
- पुलिस तफ्तीश में जुटी
- नौ लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** थाना क्षेत्र के परियों गांव में जिला प्रशासन के द्वारा भूमिहीन परिवारों को आवंटित सरकारी भूमि पर कब्जा करने गये पचार्धारियों के साथ दबंगों ने मारपीट की और करीब दो दर्जन राउंड फायरिंग की।

फायरिंग की घटना में कई लोग बाल बाल बच गये। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। पुलिस ने मौके से कई खोखे भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, पालीगंज थाना के परियों गांव में भूमिहीन परिवारों को जिला प्रशासन के द्वारा सरकारी आवंटित जमीन पर कब्जा लेने से रोकने के लिए कुछ लोगों ने फायरिंग की। जमीन पर पहले से अवैध कब्जा जमाए बैठे दबंगों ने कई राउंड फायरिंग की। इससे पहले भी वे भूमिहीन परिवारों के साथ मारपीट कर चुके हैं। पीड़ितों का कहना है कि जब भी वे अपनी आवंटित जमीन पर कब्जा लेने जाते हैं, दबंग उन्हें धमकाकर भगा देते हैं। इस दौरान फायरिंग के घटना से परियों गांव सहित अन्य गांव के लोग सहम गये। बाद में पीड़ित लोग एसडीओ और एसडीपीओ के पास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाया है। एसडीओ ने पीड़ितों को आश्वासन दिया कि घटना में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पालीगंज पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्षों के तरफ से फायरिंग की घटना हुई है। इस घटना के संबंध में प्रथम पक्ष के राधिका देवी एवं द्वितीय पक्ष के दयानंद सिंह के द्वारा आवेदन दिया गया है, जिसके संबंध में पालीगंज थाना कांड दर्ज किया गया है। पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दीप कुमार, श्रीचौधरी उर्फ भगवान चौधरी, सुनिल साव, सुरज विश्वकर्मा, रामबाबू चौधरी तथा द्वितीय पक्ष से दयानन्द सिंह, संजय सिंह, बसंत सिंह उर्फ मेवानन्द सिंह, अभय कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## आज होगी मां शैल पुत्री की पूजा



**पटना।** नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। इससे जीवन में स्थिरता, शांति और समृद्धि आती है। वह नवदुर्गा की प्रथम स्वरूप हैं। पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं। आध्यात्मिक गुरु कहते हैं कि शैलपुत्री माता को गाय के दूध से बनी खीर का भोग अत्यंत प्रिय है। इसके साथ ही सफेद मिष्ठान जैसे रसगुल्ला या मलाई बर्फी भी अर्पित कर सकते हैं। इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

मां शैलपुत्री के पूजन के महत्व के बारे में पंडित त्रिपाठी कहते हैं कि मां शैलपुत्री पर्वत के समान दृढ़ और अडिग मानी जाती हैं। इसलिए उनकी पूजा से जीवन में स्थिरता और तपस्या का गुण आता है। घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। धन-धान्य की कमी नहीं होती।

# मोटर की मरम्मति करने कुआं में उतरे अधेड़ की मौत

### जहरीली गैस की हो रही चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महदह गांव में रविवार की सुबह बोरिंग मरम्मत के लिए कुएं में उतरे एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। उसे बचाने के लिए पीछे से उतरे दो अन्य सहयोगी दम घुटता महसूस होते ही किसी तरह बाहर निकल आए।

फिलहाल सदर अस्पताल में दोनों का उपचार जारी है। अनुमान है कि कुएं में जहरीली गैस की मौजूदगी से यह हादसा हुआ है। इस मामले में कुएं के अंदर जहरीली गैस या फिर ऑक्सीजन की कमी होने की आशंका जताई जा रही है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महदह गांव निवासी 55 वर्षीय जयप्रकाश कुशवाहा की बोरिंग में कुछ खराबी आ गई थी। इसकी मरम्मत के लिए उन्होंने लालगंज निवासी 35 वर्षीय मिस्त्री अजय कुशवाहा को सुबह आठ बजे के करीब बुलाया था।

इस दौरान मदद के लिए गांव के ही 40 वर्षीय यशवंत कुशवाहा को भी बुला लिया था। बोरिंग की मरम्मत के लिए मोटर खोलने खुद जयप्रकाश कुशवाहा कुएं में नीचे उतरे और नीचे पहुंचते ही अचेत हो गए।

जयप्रकाश को अचेत होते देख आनन-फानन में अजय और यशवंत जैसे ही कुएं में उतरे कि उनका भी दम घुटने लगा। परेशानी महसूस होते ही दोनों किसी तरह बाहर निकल आए। इसके बाद आवाज देकर आसपास के ग्रामीणों को बुलाया। बाद में किसी तरह ग्रामीणों ने कुएं में अचेत जयप्रकाश को बाहर निकाला और तीनों को अस्पताल पहुंचाया। जांच के बाद चिकित्सक ने जयप्रकाश को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दोनों का उपचार जारी है।

चिकित्सक के अनुसार कुएं में मौजूद किसी जहरीली गैस के कारण हादसा होने की संभावना है। घटना की पुष्टि करते मुफस्सिल थानाध्यक्ष शंभू भगत ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

इलाजरत दोनों व्यक्तियों की स्थिति में सुधार होने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। इधर ग्रामीणों का कहना है कि उक्त बोरिंग की मरम्मत इसके पहले भी कई बार कुएं में उतरकर हो चुकी है, पर पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था।

# हिलसा नगर परिषद में करोड़ों के गबन का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** हिलसा नगर परिषद के तीन वित्तीय वर्ष में योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता बरत कर तकरीबन 65 करोड़ रुपए गबन करने का आरोप लगा है। 11 बिंदुओं पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने के लिए रणधीर कुमार, साक्षी रानी, इंद्रदेव प्रसाद, वीरेंद्र कुमार सिन्हा समेत दो दर्जन लोगों ने संयुक्त रूप से बिहार के मुख्यमंत्री, नगर एवं आवास विभाग के मंत्री, सचिव, जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन दिया है।आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2022-2023, 2023-2024, 2024-2025 एवं चालू वित्तीय वर्ष में नगर परिषद के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में लगभग 100 करोड़ रुपया खर्च किया गया है, लेकिन स्थल पर 30 प्रतिशत कार्य भी निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं कराया गया है। अनियमितता बरत कर लगभग 65 करोड़ रुपए का गबन किया गया है। नियमावली की अनदेखी कर कार्य योजना से पहले, बीच में एवं कार्य संपन्न होने पर जीपीएस फोटो, वीडियो संधारित नहीं की जा रही है। बिना किसी आदेश के पहले ही अधिकांश निर्माण कार्य चालू और समाप्त हो रहा है।

95 प्रतिशत कार्य में पुराना नाली का ही मरम्मती कर नई नाली बनाने का भुगतान किया जा रहा है। सफाई के नाम पर भी प्रतिमाह लगभग 35 लाख रुपए खर्च किया जा रहा है। फिर भी पुरे नगर में गंदगी का अंबार लगा है।

हर बरसात के पहले पाइन, आहर, तालाब की सफाई के नाम पर तीन वर्ष में करीब 5 करोड़ की राशि की निकासी हुई है, लेकिन कार्य शून्य रहा है और फाइलों में भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण है। नगर परिषद में कमाई इतनी है कि कुछ ही महीनों में ही अपने चहेते लोगों की ट्रांसफर एवं पोस्टिंग कराई जा रही है।

## गुटबाजी का अड्डा बना इंजीनियरिंग कालेज

**भागलपुर।** भागलपुर का सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज अब शिक्षा का मंदिर कम और गुटबाजी का अखाड़ा अधिक प्रतीत होने लगा है। हालात इतने बदतर हो गए हैं कि हॉस्टल रहते हुए भी कई छात्र प्राइवेट मकानों में महंगे किराए पर रहने को मजबूर हैं।

कैंपस में दबंग छात्रों की पकड़ और गुटबाजी ने न सिर्फ पठन-पाठन का माहौल चौपट किया है, बल्कि रोजाना तनाव, दुश्मनी और हिंसा जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। गरीब और सीधे-सादे छात्र मजबूरी में इस कहर को झेल रहे हैं।

कॉलेज में कुछ दबंग छात्र खुलेआम मनमानी करते हैं। शिकायतें प्रबंधन तक जाती हैं, लेकिन कार्रवाई के अभाव में इनका मनोबल और बढ़ जाता है। नतीजतन कमजोर और गरीब छात्र प्रताड़ना सहते हुए पढ़ाई में जुटे रहते हैं, जबकि कैंपस का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। हालिया विवाद और मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज की है। दो छात्रों को गिरफ्तार किया गया है और 15 नामजद में से 13 की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि और भी गिरफ्तारी होगी।

# बिहार की सियासत में तेज होती जा रही जुबानी जंग

## भाजपा विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने तेजस्वी पर किया पलटवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की सियासत में जुबानी जंग तेज होती जा रही है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के हालिया बयानों पर बिहार सरकार के पंचायत राज मंत्री और बीजेपी विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने कड़ा पलटवार किया है। मंत्री गुप्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव चुनाव से पहले ही हार मान चुके हैं, इसलिए मंच से अनाप-शनाप बोल रहे हैं और अपने समर्थकों से अपशब्द कहलवा रहे हैं।



बीजेपी विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार और देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों से लाभान्वित हो रही है। मुफ्त बिजली, महिलाओं को रोजगार, गरीबों व बुजुर्गों के लिए योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि हर वर्ग की जुबान पर पीएम मोदी और सीएम नीतीश का नाम है।

बीजेपी मंत्री ने विपक्ष पर परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस दोनों ही दल केवल अपने-अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। गुप्ता ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी तेजस्वी यादव को ₹सीएम मैटेरियल₹ मानने को तैयार नहीं है और राजद के नेता कांग्रेस को खुश करने में ही उलझे हुए हैं।

गुप्ता ने कहा कि जनता केवल काम करने वालों को महत्व देती है और यही कारण है कि एनडीए के साथ खड़ी है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष मंच से गाली देने की राजनीति से बाहर नहीं निकल पा रहा है। मंत्री ने विश्वास जताया कि परिवारवाद की राजनीति का अंत तय है और आने वाले समय में राजद और कांग्रेस, दोनों ही दल राजनीतिक हाशिए पर चले जाएंगे।

# युवक की गला रेतकर हत्या, इलाके में सनसनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में आपराधिक वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला तेघड़ा थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटनास्थल तेघड़ा थाना क्षेत्र के आधारपुर बांध के पास है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। फिलहाल मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन स्थानीय सूत्रों के अनुसार मृतक मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी का निवासी बताया जा रहा है।

बताया गया है कि मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मृतक का ससुराल मधुरापुर गांव में है और वह ठेकेदारी का काम करता था। शनिवार को वह इसी सिलसिले में मधुरापुर आया हुआ था।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम में मृतक और कुछ लोगों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद गोलीबारी की घटना घटित हुई और बाद में उसे उठाकर अपराधियों ने रात में हत्या कर लाश फेंक दी। हालांकि, पुलिस ने इस सूचना की पुष्टि अभी नहीं की है। पुलिस अधिकारी विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रहे हैं और युवक की शिनाख्त के बाद ही हत्या के कारण और अपराधियों की पहचान की जानकारी सामने आएगी।

# पूर्व मंत्री गजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजी नगर प्रखंड स्थित राधा कृष्ण मंडल गोविंद गोस्वामी महाविद्यालय के प्रांगण में रविवार को पूर्व मंत्री स्व गजेंद्र प्रसाद सिंह की दसवीं पुण्यतिथि समारोह श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके प्रतिमा पर डॉ. उर्मिला सिंहा द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन से हुई। इसके उपरांत बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित होकर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में शामिल रहे माल्यार्पण करने वालों में चुनम स्वामी, संतोष कुमार सिंह, सच्चिदानंद, मणिकांत सिंह, विद्यासागर, विजय कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, चंदन कुमार, भोली देवी, राम जपु यादव, डिग्री कॉलेज प्राचार्य प्रो. विनोद कुमार मंडल, प्रोफेसर कुंडेश्वर प्रसाद सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष घूरन यादव, अर्जुन यादव, अवधेश कुमार, सुशील कुमार सिंह, गणेश मंडल, विकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। इसके अलावा समस्तीपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आगंतुकों ने भी स्व. मंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किया सर्वधर्म सभा एवं विचार गोष्ठी श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने स्व. गजेंद्र प्रसाद सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि वे शिवाजी नगर की धरती के सच्चे कर्मवीर थे, जिन्होंने सदैव समाज और क्षेत्र के विकास के लिए काम किया। सभी नेताओं एवं वक्ताओं ने एक स्वर में मांग की कि आगामी विधानसभा चुनाव में यदि राजद की ओर से डॉ. उर्मिला सिंह को 132 वारिसनगर विधानसभा से उम्मीदवार बनाया जाए तो शिवाजी नगर एवं आसपास के क्षेत्रों की जनता उन्हें भारी बहुमत से जिताकर विधानसभा भेजने का काम करेगी।

# कैमूर पहाड़ी पर होगा थाना का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नौहट्टा प्रखंड के कैमूर पहाड़ी पर पहला थाना रेहल में स्थापित होने जा रहा है। पुलिस भवन निर्माण प्रमंडल डेहरी द्वारा चार करोड़ 33 लाख चार हजार 600 रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जा रहा है।

साल 2011 तक इस क्षेत्र में नक्सलियों का प्रभाव था। रेहल में ही साल 2003 में तत्कालीन वन प्रमंडल पदाधिकारी शहीद संजय सिंह की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। तत्कालीन एसपी मनु महाराज के प्रयासों से यह क्षेत्र नक्सल मुक्त हुआ और उसी समय गांव ने थाना खोलने की अनुशंसा राज्य मुख्यालय और गृह विभाग को भेजी थी। 22 सालों के बाद अब पहाड़ पर पहला थाना खुलने जा रहा है, जिससे रेहल गांव के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और अपराध पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

वर्तमान में कैमूर पहाड़ी पर बसे राजस्व ग्राम रेहल, चुंदा, पिपरडीह के सभी 33 टोला, सलमा लौड़ी, हुरमेटा, शोली, जेमरदाग, बरकट्टा, हरैयाडीह, जोन्हा, चान्हो डीह की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण की जिम्मेदारी मैदानी भाग में स्थित नौहट्टा थाना के पास है।

1580 फीट ऊंचे कैमूर पहाड़ी पर बसे गांवों में किसी भी प्रकार के अपराध या दुर्घटना होने पर नौहट्टा थाना के पुलिस को वहां पहुंचने में तीन से चार घंटे लगते हैं। इसके अलावा, अधिकांश गांवों में मोबाइल नेटवर्क की कमी के कारण अपराध की सूचना थाने तक पहुंचने में दिनभर का समय लग जाता है।

पुलिस पहाड़ी गांवों में गश्ती भी नहीं कर पाती है, जिससे अपराधी और नक्सली इन गांवों को सुरक्षित मानते हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण शिक्षा के अभाव में पुलिस तक हर आपराधिक घटना की सूचना भी नहीं पहुंच पाती है। बंडा से सलमा गांव तक तीस किलोमीटर के क्षेत्र में जंगल और पहाड़ के बीच कई गांव स्थित हैं।

# नवरात्रि के लिए गंगाजल लेने गये दो युवकों की डूबने से मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नवरात्र की तैयारियों के बीच पटना के दीघा गंगा घाट पर रविवार सुबह दो युवक गंगा जल लेने के दौरान डूबकर लापता हो गए। दोनों युवक गंगा जल लेने के लिए मरीन ड्राइव स्थित घाट पर गए थे, जहां तेज धारा में बहकर वे पानी में लापता हो गए। जानकारी के अनुसार, 32 वर्षीय बंटी कुमार और 28 वर्षीय सुमित कुमार अपने एक दोस्त के साथ नवरात्रि के लिए गंगाजल लेने गए थे। तीनों घाट के नीचे उतरे, लेकिन तेज धारा के कारण बंटी और सुमित गहरे पानी में बह गए, जबकि उनका दोस्त सुरक्षित रहा और उसने तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों युवक को खोजने के लिए गंगा नदी में सर्च अभियान शुरू किया। हालांकि कई घंटों के प्रयास के बाद भी दोनों युवक का अभी तक कोई पता नहीं चला है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतकों के परिवार ने बताया कि सुमित एलएनटी भागलपुर में काम करता है और छुट्टी पर घर आया हुआ था, जबकि बंटी कुमार प्राइवेट नौकरी करता है। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम युवक को ढूंढने में जुटी हुई है और तलाश जारी है।

## डांसर से गैंगरेप का मुख्य आरोपित धराया

**सुपौल।** विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर ऑर्केस्ट्रा प्रोग्राम के दौरान एक महिला डांसर के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई। हालांकि, घटना के बाद कार्रवाई के बजाय प्रतापगंज और ललितग्राम थाने की पुलिस सीमा विवाद सुलझाने में उलझी रही। वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज किया गया। एसपी शरथ आरएस ने मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। मामले में प्रतापगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुख्य आरोपी ललटू उर्फ चिंटू को नामजद किया गया है, जबकि दो अन्य अज्ञात के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। इस बीच पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इसमें वह ऑटो चालक भी शामिल है, जिसकी गाड़ी से पीड़िता को हालत बिगड़ने के बाद प्रतापगंज पीएचसी लाया गया था।

# साइंस सिटी के उद्घाटन से खिले लोगों के चेहरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी के राजेंद्रनगर में मोइनुलहक स्टेडियम के पास नवनिर्मित डा. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी का फीता काटकर व शिलापट्ट अनावरण रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्घाटन किया। वहां उपस्थित बच्चों ने तालियों की गूंज से उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने साइंस सिटी के विभिन्न भागों का अवलोकन किया। पूरे परिसर के साथ प्रथम तल पर जाकर विभिन्न गैलरियों, वैज्ञानिक प्रदर्शों को देखा।भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने उन्हें इसके निर्माण और विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर साइंस सिटी के निर्माण से संबंधित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, बिहार विधान परिषद के उप सभापति डा. रामवचन राय भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह साइंस सिटी बहुत बेहतर बना है। इसके निर्माण कार्य को कई बार देखा। अधिकारियों के साथ लंदन जाकर वहां की साइंस सिटी का भी निरीक्षण किया था। इसके निर्माण में कई विशेषज्ञों की राय ली गई।बेहतरीन आइडिया के साथ इसका निर्माण किया गया है। यह साइंस सिटी विज्ञान और नवाचार का एक ऐसा आधुनिक केंद्र बना है जो आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करेगा। देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जानने-समझने के लिये यह आकर्षक और अनूठा परिसर होगा। विज्ञान के प्रचार-प्रसार के विश्व के बेहतरीन केंद्रों में यह विशिष्ट होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइंस सिटी का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात यहां आनेवाले छात्र-छात्राओं को विज्ञान की मूलभूत बातों, गतिविधियों और विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझने में सुविधा होगी तथा विज्ञान में उनकी रूचि बढ़ेगी।

# पांच विदेशी संदिग्धों को पुलिस ने लिया हिरासत में

## सभी संदिग्ध बस से पटना जाने की थे फिराक में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिले के घोड़ासहन में शनिवार देर रात एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। इनमें चार सूडानी और एक बोलीविया का नागरिक हैं। इनके पास से उर्दू में लिखे नोट्स, कुछ पुस्तकें और दस्तावेज बरामद हुए हैं। मोतिहारी पुलिस ने मुख्यालय को भी इसकी सूचना दे दी है। पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिसया सूत्रों के अनुसार, शनिवार को रात करीब 9 बजे अठमोहन स्थित 71वीं वाहिनी एसएसबी के समवाय प्रभारी को इनपुट मिला कि पांच संदिग्ध अगरवा गांव से निकले हैं। इनमें चार लोग स्कॉर्पियो और एक व्यक्ति बाइक से सवार बस स्टैंड पहुंचा था। सभी विदेशी नागरिकों ने 'जय माता दी' नामक बस में पटना जाने के लिए पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से टिकट बुक करवा रखा था। सभी पटना आने की तैयारी में थे। लेकिन, इसकी भनक एसएसपी को लग गई। इसके बाद तत्काल एसएसबी के कमांडेंट ने मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक को मामले की जानकारी दी। एसपी ने फौरन घोड़ासहन के थानेदार को पांचों को हिरासत में लेने का निर्देश दिया। इसके बाद थानेदार अपनी टीम के साथ छापेमारी करने निकले।

इधर, पुलिस की टीम बस स्टैंड पहुंचकर चार संदिग्धों को दबोच लिया गया। इसके बाद एसएसबी की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पांचवां संदिग्ध कुछ देर बाद खुद घोड़ासहन थाने पहुंच गया। बताया जा रहा है कि यह लोग रात 9 बजे रवाना होने वाली बस में सवार होने के लिए बस स्टैंड के पास अंधेरे में बैठे हुए थे, तभी उन्हें गिरफ्तार किया गया। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि ये सभी लोग नेपाल सीमा पार कर भारत में दाखिल हुए थे। छापेमारी के दौरान इनके पास से कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए जाने की भी सूचना है।

प्रारंभिक पूछताछ में विदेशियों नागरिकों ने पुलिस को अपनी पहचान बताई। सभी की उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। सूडानी युवकों का कहना है कि वह हैदराबाद में पढ़ाई करते हैं। हालांकि चारों ने नेपाल सीमा होते हुए भारत पहुंचने के बाद स्पष्ट कोई जानकारी नहीं दी। वहीं पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इंटेलिजेंस ब्यूरो को भी सूचना दे दी है।

## हत्याकांड का उद्भेदन

**फतेहपुर।** बीते 12 सितंबर की रात करीब 10:30 बजे फतेहपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव स्थित निमार्णाधीन उच्च विद्यालय में 16 वर्षीय शिवम कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद जिलेभर में सनसनी फैल गई थी। मामले के सफल उद्भेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में फतेहपुर थानाध्यक्ष, एफएसएल, स्वान दस्ता और डीआईयू की टीम को शामिल कर वैज्ञानिक अनुसंधान किया गया।

वजीरगंज डीएसपी सुनील कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि अनुसंधान के क्रम में पकड़े गए अभियुक्त धर्मवीर पासवान ने स्वीकार किया कि वह अपने साथी राजा कुमार और रामप्रवेश के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था।

धर्मवीर एवं उसके साथियों का मृतक के चचेरे भाई सागर से पुराना विवाद था। इसी रंजिश में सागर को निशाना बनाने की योजना बनाई गई थी। घटना के दिन धर्मवीर ने शिवम को बुलाकर सागर को फोन करने को कहा, लेकिन जब शिवम ने उनके पास मौजूद हथियार देख लिए और भागने की कोशिश की तो उसे जबरन पकड़कर निमार्णाधीन स्कूल में ले जाया गया।

# जेपी सेनानी के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाराचट्टी (गया)।** बाराचट्टी प्रखंड के गोसाई पेसरा निवासी जेपी सेनानी जानकी दास का एक निजी अस्पताल गयाजी में निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। जानकी दास के निधन से समाज में शोक की लहर छा गया। वे एक संघर्षशील व्यक्ति थे। जेपी आंदोलन हो या बोधगया किसान आंदोलन हो, उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। आपातकाल के दौरान वे जेल गए। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार बाराचट्टी के गोसाई पेसरा घाट पर किया गया। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में जेपी सेना अखौरी निरंजन, जेपी सेनानी प्रो. मुद्रिका नायक, जेपी सेनानी सह जिला खादी समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, ग्राम निर्माण मंडल अध्यक्ष प्रभा कुमार , प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार, दिलीप मंडल, सुनील कुमार, अशोक कुमार, दिलीप मंडल, मोहन पांडे, अनिल कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, राजेश सिन्हा, कैलाश प्रसाद, सामाजिक कार्यकत्ता कारू' भाई, लोक समिति के संयोजक कौशल गणेश आजाद, कपिलदेव मिस्त्री, बोधगया के व्यवस्थापक धर्मेन्द्र कुमार, शिव बच्चन यादव, कुलदीप प्रसाद, महेश पाल जगनारायण जायसवाल, सुरेन कुमार, रामप्रवेश प्रसाद, सहदेव प्रजापति, दिनेश मंडल, वीरेंद्र कुमार, श्रवण कुमार पंकज पांडेय सहित अन्य शामिल हैं।

CMYK

## मुख्यमंत्री ने डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का किया उद्घाटन

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जानने के लिये अनूठा होगा केन्द्र : मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के राजेन्द्र नगर में 21 एकड़ के भू-खण्ड पर नवनिर्मित डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम साईंस सिटी का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित अब्दुल कलाम साइंस सिटी के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर एवं प्रथम तल पर जाकर विभिन्न गैलरियों, वैज्ञानिक प्रदर्शों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। कार्यक्रम में वहां उपस्थित बच्चों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी बच्चों का अभिवादन स्वीकार किया। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम साईंस सिटी के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अब्दुल कलाम साइंस सिटी के निर्माण से संबंधित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी। इस साइंस सिटी में विज्ञान आधारित 5 गैलरी, 269 रोचक विज्ञान प्रदर्श, ऑडिटोरियम, 4 डी थियेटर तथा छात्रों एवं शिक्षकों के लिये डोरमेट्री की सुविधा प्रमुख आकर्षण केन्द्र हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम साइंस सिटी बहुत अच्छा बना है। इसके निर्माण कार्य को हमने कई बार देखा है। लंदन में अधिकारियों के साथ जाकर हमने वहां के साइंस सिटी का भी निरीक्षण किया था। इसके निर्माण को लेकर कई विशेषज्ञों की राय ली गयी है। इस साइंस सिटी को विशिष्ट आइडियाज के साथ बनाया गया है। यह साइंस सिटी विज्ञान और नवाचार का एक ऐसा आधुनिक केन्द्र बना है जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करेगा। देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जानने-समझने के लिये यह आकर्षक और अनूठा केन्द्र होगा। डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम साइंस सिटी विज्ञान के प्रचार-प्रसार के विश्व के बेहतरीन केन्दों में से अपने आप में विशिष्ट होगा। साईंस सिटी का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात यहां आनेवाले छात्र-छात्राओं को विज्ञान की मूलभूत बातें, गतिविधियों और विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझने में सुविधा होगी तथा विज्ञान में उनकी रूचि बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने इस साइंस सिटी का नामकरण महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम के नाम पर किया है। डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम जी का बिहार के प्रति विशेष लगाव था। हमारे मन में भी उनके प्रति विशेष श्रद्धा थी और हमारे प्रति भी वे स्नेह रखते थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ0 रामवचन राय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी विभाग की सचिव डॉ0 प्रतिमा एस0 वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थी।

# अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा लखीसराय स्टेशन

### उपलब्ध होंगी उन्नत यात्री सुविधाएं, स्थानीय नागरिकों एवं यात्रियों के बीच प्रसन्नता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** भारतीय रेल अपने यात्रियों को सदैव बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर रहती है। इन प्रयासों में से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल में 20 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है। इनमें लगभग 20 करोड़ की लागत से बन रहे भव्य लखीसराय स्टेशन का पुनर्विकास कार्य पूरा होने के बाद लखीसराय स्टेशन को पूरी तरह से हाईटेक लुक देते हुए वर्तमान की तुलना में मुख्य स्टेशन भवन के लिए अपेक्षाकृत अधिक जगह उपलब्ध होंगे साथ ही नया स्टेशन बिल्डिंग, बड़ा सर्कुलेटिंग एरिया, दोनों तरफ स्टेशन बिल्डिंग, पैदल ऊपरी पुल पर शेड का निर्माण एवं इसका विस्तार, गार्डेन और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। साथ ही यहां तकनीक, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक मेल देखने को मिलेगा।



स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर एवं सुखद यात्रा का अनुभव, संरक्षा में वृद्धि तथा उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करना है। अमृत भारत स्टेशन के तहत लखीसराय स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य लगभग संपूर्ण किया जा चुका है। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों के बीच में इसको लेकर काफी उत्साह है। यात्री विनोद कुमार एवं उनके सह यात्री सुलोचन कुमार से बातचीत करने पर उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि स्टेशन के पुनर्विकास से लखीसराय की जनता काफी खुश है और पुनर्विकास के पश्चात हमें आधुनिक समय के अनुसार विश्वस्तरीय सुविधा प्राप्त होंगी जिसके लिए हम तहे दिल से रेल मंत्रालय के आभारी हैं।

# सुधा दूध ने घटाए उत्पादों के मूल्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/गया/आरा/बरौनी।** सुधा दुग्ध उत्पादों के मूल्य में एक से 10 रुपये तक की कमी की गई है। नई कीमत सोमवार से प्रभावी होगी। कॉम्फेड (बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जीएसटी घटने के कारण दरें कम की गई हैं। वर्तमान में बाजार में उपलब्ध कुछ उत्पाद पुराने पैकेजिंग में ही हैं जिन पर पूर्व में मुद्रित एमआरपी दर्शायी गई है। यह सभी उत्पाद अब संशोधित दरों पर ही बेचे जाएंगे। ऐसे में उपभोक्ताओं से निवेदन है कि खरीदारी के समय संशोधित दर की जानकारी प्राप्त कर ले और नई दर पर ही सुधार उत्पादों की खरीदारी करें।

**सुधा उत्पादों के परिवर्तित दर**

टेबल बटर (50 ग्राम) की कीमत 32 से घटकर 31 रुपये, 100 ग्राम की कीमत 56 से घटकर 55 रुपये, 500 ग्राम की कीमत 275 से घटकर 270 रुपये हुई। वहीं, पनीर (100 ग्राम) के दाम 47 रुपये से घटकर 46 रुपये, पनीर (200 ग्राम) 90 से घटकर 85 रुपये, पनीर (500 ग्राम) 210 से घटकर 205, टेट्रा पैक टोन्ड मिल्क (1000 एमएल) 74 से घटकर 73 और डीटीएम मिल्क (1000 एमएल) 70 से घटकर 68 रुपये हो गए हैं। इसी तरह एप्पल जूस 200 एमएल 25 से घटकर 24 रुपए, एलेस्टर टोंड मिल्क 200 एमएल 15 से घटकर 14, 500 एमएल 33 से घटकर 32 रुपए, 1000 एमएल 64 से घटकर 63 रुपए, स्टैंडर्ड मिल्क 500 एमएल 35 से घटकर 34, स्पेशल पाउच घी 200 एमएल 145 से घटकर 143, 500 एमएल 320 की जगह 315 रुपये, टेट्रा पैक घी (500 एमएल) 330 की जगह 325 तथा 1000 एमएल 640 की जगह 630 में मिलेंगे। स्पेशल टीन पैक घी एक किलो 650 से घटकर 640 हो गया है।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के निर्देश में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा-निर्देश में 21 सितंबर 2025 को अखिल भारतीय ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हाजीपुर एवं पटना में किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रुप-1 (आयु 6 से 9 वर्ष), ग्रुप-2 (आयु 10 से 12 वर्ष) एवं ग्रुप-3 (आयु 13 से 15 वर्ष) के कुल 242 बच्चे शामिल हुए। विदित हो कि ड्राइंग एवं पेंटिंग के माध्यम से बच्चों के रचनात्मक सोच को उजागर करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी एवं संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह द्वारा बच्चों को उपहार स्वरुप मिल्टन का वाटर बोतल एवं स्नैक्स वितरित किया गया।

# बिहार को-आपरेटिव फेडरेशन लि. की वार्षिक आमसभा अध्यक्ष विनय कुमार शाही की अध्यक्षता में सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को-आपरेटिव फेडरेशन लि0, बुद्ध मार्ग, पटना फेडरेशन परिसर में अध्यक्ष विनय कुमार शाही के अध्यक्षता में वार्षिक आम सभा सम्पन्न हुआ। इस दौरान विशाल सिंह, अध्यक्ष नई दिल्ली - सह- बिस्कोमान (बिहार झारखंड) को बिस्कोमान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष होने के उपलक्ष्य में फेडरेशन द्वारा मोमेंटो, बुके एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया। विजय सिंह, विधान पार्षद सह अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास बोर्ड, नई दिल्ली एवं रमेश चन्द्र चौबे, अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0, पटना का फेडरेशन के द्वारा मोमेंटो, बुके एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया। विनय कुमार शाही द्वारा फेडरेशन के भावी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जैसे- फेडरेशन के खाली पड़े जमीन में सहकारी हास्पीटल, प्रशिक्षण कक्ष, समा भवन एवं गेस्ट हाउस का जल्द निर्माण होने जा रहा हैं। इस आम सभा में बिस्कोमान के उपाध्यक्ष सह डीसीसीबी गोपालगंज के अध्यक्ष महेश राय, डीसीसीबी पाटलिपुत्रा के अध्यक्ष रीतेश कुमार, डीसीसीबी वैशाली के अध्यक्ष सुधीर मिश्रा, डीसीसीबी नालन्दा के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, डीसीसीबी मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष अमरनाथ पाण्डेय, डीसीसीबी नवादा के अध्यक्ष एवं डीसीसीबी मुंगेर के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह, डीसीसीबी पाटलिपुत्रा के पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, डीसीसीबी पाटलिपुत्रा के उपाध्यक्ष रामविशुन सिंह, डीसीसीबी बेतिया के उपाध्यक्ष संजीव पाण्डेय, फेडरेशन के उपाध्यक्ष राजेश कुमार एवं फेडरेशन के निदेशक अरूण यादव, गौरी शंकर सिंह, राजकिशोर सिंह, रामा ठाकुर, शम्भू प्रसाद सिंह, संजय कुमार मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, प्रदीप सिंह, अवध बिहारी सिंह तथा अन्य निदेशक मंडल के सदस्यगण एवं इस आम सभा में आए बिहार-झारखण्ड के सहकारी सदस्यों को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# सर्वे भवंतु सुखीनः ही भारतीय शिक्षण प्रणाली का आधार : प्रोफेसर कुलश्रेष्ठ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** यह कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई। प्रथम सत्र में भारतीय शिक्षण मंडल के अधिकारियों ने संगठन के विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार संगठन के मूल सिद्धांत नई शिक्षा नीति से मेल खाती हैं। इस सत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ विकाश कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विषय वस्तु, महत्व और संकल्पना पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र तकनीकी सत्र था जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला से प्रोफेसर संदीप कुलश्रेष्ठ थे। उन्होंने मंडलगठन, मंडल संयोजन, संयोजक, कार्यक्रम आयोजन, व्यवस्था, संगठनात्मक चरण, शैक्षणिक चरण, प्रकाशन चरण, पाठ्यक्रम एवं शोध इत्यादि विषयों पर सूक्ष्म रूप से दृष्टि डाली।

# एनटीपीसी परियोजना के जीवन ज्योति अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी परियोजना के जीवन ज्योति अस्पताल में आज राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के जवाहरलाल नेहरु भागलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं जीवन ज्योति अस्पताल के सहयोग से रविवार को आयोजित इस शिविर का उद्घाटन परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल एवं सृष्टि समाज की अध्यक्षा अर्चना पटेल ने फीता काट कर किया। मौके पर एजीएम भास्कर गुप्ता, सीएमओ डॉ सुष्मिता सिंह, डॉ के के चौधरी, डॉ पी के तिर्की, डॉ बबीता चौरसिया, डॉ कन्हैया लाल, पीएन तिवारी उर्मिला कुमारी, दिलीप स्वैन, मालती मजूमदार एवं अमित कुमार मौजूद थे।



परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव जीवन में रक्तदान एक महान कार्य है और ऐसे कार्य में हम सबो को स्वेच्छा से भाग लेने की जरुरत है। हर व्यक्ति को अपने शरीर का खून जरुरतमंद लोगों को देना चाहिए। अस्पताल की सीएमओ डॉ सुष्मिता सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए रक्तदान के महत्ता की चर्चा की। इधर शिविर मे लगभग चौतीस लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें एनटीपीसी परियोजना, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग शामिल हैं।

# वृक्ष महोत्सव के मौके पर आइपीएस वाइव्स एसोसिएशन ने लगाए पौधे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मातृ प्रकृति के प्रति सम्मान और हमारी प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में भारतीय पुलिस सेवा वाइव्स एसोसिएशन (इपसोवा) ने 20 सितम्बर 2025 को बिहार होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर, बिहटा में अध्यक्षा मधुरिमा राज और सचिव सुकृति मिश्रा के मार्गदर्शन में 'वृक्ष महोत्सव 2025' का आयोजन किया। कार्यक्रम को सफल एवं अविस्मरणीय बनाने में कोषाध्यक्ष निवेदिता पोरीका के सराहनीय और निष्ठापूर्ण प्रयास रहे। बच्चों को भी इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया जिसका उद्देश्य उन्हें प्रेरित करना, शिक्षित करना और वनीकरण के लाभों के प्रति जागरूक करना था। वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक पीके गुप्ता ने लगभग 50 मजबूत एवं कम देखभाल वाली प्रजातियों के पौधों का प्रायोजन कर तथा अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान कर इस कम लागत एवं अधिक प्रभावी ग्रीन इन्वेस्टमेंट पहल को प्रोत्साहन दिया। इस आयोजन में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भोला पासवान शास्त्री की 111 वीं जयन्ती मनायी गयी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भोला पासवान शास्त्री की 111 वीं जयन्ती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। सर्वप्रथम स्व0 भोला पासवान शास्त्री के तैल चित्र पर कांग्रेस नेताओं ने माल्यापर्ण किया। इस अवसर पर स्व0 भोला पासवान शास्त्री के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भोला पासवान शास्त्री, बिहार के ही नहीं, बल्कि देश के बड़े कद्दावर नेता थे। वे तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे एवं इन्दिरा गांधी के कार्यकाल में केन्द्रीय मंत्री भी थे। राजेश राम ने कहा कि स्व0 भोला पासवान शास्त्री की इमानदारी कृतज्ञ परायणता एवं देशभक्ति की मिशाल देश के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।

# शून्य से शिखर पर पहुंचा बीएमएस

### दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न, वेबसाइट का किया गया विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय मजदूर संघ की बिहार प्रांत इकाई की दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक रविवार को सम्पन्न हो गया। समापन अवसर पर भारतीय मजदूर संघ की बिहार इकाई के वेबसाइट का विमोचन किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रन ने कहा कि पूरे देश में बीएमएस की छह हजार तीन सौ यूनियनें कार्यशील हैं। शून्य से भारतीय मजदूर संघ ने अपनी यात्रा की शुरुआत की और आज यह शिखर पर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी विचार, राष्ट्रवादी कार्यकर्ता और राष्ट्रवादी कार्य पद्धति के आधार पर बीएमएस का कार्य निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला ने कहा कि कार्यकर्ताओं में जुझारूपन का होना जरूरी है। साथ ही जिला स्तर पर संगठन की गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यसमिति बैठक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख राणा प्रताप जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ की बिहार इकाई का वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण अवसर पर डाक विभाग के पीएमजी (उत्तरी) पवन कुमार, डीपीएस (मुख्यालय) पवन कुमार विशेष तौर पर उपस्थित हुए। प्रदेश कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राजेश कुमार लाल ने की जबकि संचालन प्रांतीय महामंत्री संजय कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त महामंत्री मनीष कुमार, वित्त सचिव मुकेश कुमार सिन्हा, प्रांतीय उपाध्यक्ष राम बाबू सिंह, उमा कुमारी व प्रमोद राम, प्रांतीय मंत्री शम्भू चौबे, सिम्पी कुमारी व राजेश कुमार, कार्यालय मंत्री अनंत कुमार शांडिल्य, अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के संगठन मंत्री मुरारी प्रसाद, शकील अहमद, चितरंजन पांडेय, राकेश भारती, सुनील कुमार, बलिराम पांडेय, विकास कुमार सहित विभिन्न जिलों के श्रमिक प्रतिनिधियों उपस्थित थे।



# वनवासी विद्यालय के पूर्व छात्रों ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गीत, संगीत और नृत्य का शानदार संगम। देश भक्ति गीतों पर नृत्य की एक से बढ़कर एक जबरदस्त प्रस्तुति देख दर्शकों पर चढ़ता रहा देश भक्ति का रंग। हर कोई सांस्कृतिक प्रस्तुति देख मानो भारत की लोक संस्कृति के संगम में खो सा गया हो। मौका था प्रेमचंद रंगशाला में वनबंधु परिषद, पटना चैप्टर की ओर से एकल सुरताल प्रस्तुति के आयोजन का। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत विजय किशोरपुरिया, सुजीत सिंघानिया, आलोक स्वरूप, राजेश ओझा, राजू अग्रवाल, गणेश खेत्रीवाल, राज कुमार, रमेश गुप्ता और मुख्य अतिथि ललन शर्मा ने दीप जलाकर की। इसके बाद देवा श्री गणेशा, देवा श्री गणेशा गीत पर कलाकारों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। ये सिलसिला यही नहीं थमा इसके बाद कलाकारों ने हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए...है प्रीत जहां की रीत सदा...देश रंगीला, देश रंगीला, मेरा रंग दे बसन्ती चोला जैसे देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति देकर कलाकारों ने सबका दिल जीत लिया।

# तीन दिवसीय महोत्सव 'दुर्गा स्वरोत्सव' 26 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्पिक मैके, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्रीकृष्ण स्मारक विकास समिति, आयुक्त कार्यालय (पटना प्रमंडल) तथा श्रीम एजुकेशनल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गा स्वरोत्सव का आयोजन आगामी 26, 27 एवं 28 सितम्बर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में किया जाएगा। इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। उक्त बात की जानकारी रविवार को स्थानीय होटल पनाश में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्पिक मैके की सदस्य व शिक्षाविद डॉ. माया शंकर ने दी। अपने संबोधन में स्पिक मैके के संस्थापक मनीष सिंह ठाकुर ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य पटना की दुर्गा पूजा से जुड़ी उस गौरवशाली परंपरा को पुनर्जीवित करना है जब यहां देश के महानतम संगीतज्ञ और नर्तक अपने प्रदर्शन प्रस्तुत करते थे। दुर्गा स्वरोत्सव 2025 आज की युवा पीढ़ी को इस सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का प्रयास है। ताकि वे भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की श्रेष्ठतम परंपराओं से रूबरू हो सके जबकि बिहार भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक वरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस महोत्सव में पद्मभूषण, ग्रैमी पुरस्कार विजेता पं. विश्वमोहन भट्ट, पद्मश्री पं. उल्लास काशलकर, पद्मश्री उस्ताद पं. सुरेश तालवलकर, पद्मश्री पं. रोनु मजूमदार, डॉ. मैसूर मंजीनाथ, पं. ऋतेश मिश्रा एवं पं. रजनीश मिश्रा, विदुषी तनुश्री शंकर, विदुषी सूर्या गायत्री पं. मिथिलेश झा, पं. रामकुमार मिश्रा, पं. विनय मिश्रा, पं. अभिजीत बनर्जी, विद्वान अर्जुन कुमार सहित अन्य दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सोनपुर स्टेशन पर किया गया। प्रतियोगिता में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन से जुड़े संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने न केवल सही उत्तर दिए, बल्कि टीम भावना, तत्परता और ज्ञान की गहराई का भी परिचय दिया। यह आयोजन न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु था, बल्कि भारतीय रेल के भविष्य की दिशा, यात्री सुविधाओं के विकास और पर्यावरणीय जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी हैं।

# मुख्य सचिव के आश्वासन के बाद संविदा कर्मियों की हड़ताल समाप्ति की खबर फर्जी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संज्ञान में यह बात आई है कि हाल ही में कुछ समाचार पत्रों एवं डिजिटल प्लेटफार्म्स पर यह खबर प्रकाशित की गई है जिसमें यह दावा किया गया है कि मुख्य सचिव से मुलाकात के बाद बर्खास्त विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों की हड़ताल समाप्त हो गई है और मुख्य सचिव द्वारा उनकी कुछ मांगों को जायज बताते हुये कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। इस संबंध में विभाग स्पष्ट करना चाहता है कि यह समाचार तथ्यहीन, भ्रामक एवं असत्य है। विभाग को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उपरोक्त तथाकथित 'भेंट' किसी भी आधिकारिक बैठक का हिस्सा नहीं थी। दरअसल, मुख्य सचिव कुछ विधायकों से मुलाकात कर रहे थे जिसमें एक विधायक के साथ एक संघ का व्यक्ति भी गया था। उस व्यक्ति ने व्यक्तिगत रूप से संविदा कर्मियों की हड़ताल का मुद्दा उठाने का प्रयास किया, परंतु मुख्य सचिव ने स्पष्ट रूप से उन्हें बताया कि विभाग द्वारा जो निर्णय लिया गया है, वही मान्य होगा और किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत आश्वासन नहीं दिया गया। इसलिए यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि मुख्य सचिव या विभाग की ओर से इस विषय पर किसी प्रकार का आश्वासन नहीं दिया गया है। उक्त समाचार पूर्णतः भ्रामक है और संघ द्वारा स्वयं को लाभ में प्रस्तुत करने का एक प्रयास मात्र है। विभाग सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करता है कि वे केवल अधिकृत एवं प्रामाणिक स्रोतों से प्राप्त सूचना पर ही विश्वास करें एवं इस प्रकार के भ्रामक प्रचार से बचें।

# संपाकीय

## क्या हथियारों की दौड़ दुनिया को सुरक्षित बनाएगी या और खतरनाक?

कई बार युद्ध की महज आशंका को ही आधार बना कर व्यापक जनसंहार के हथियारों की खरीद शुरू हो जाती है।हर दौर में हुए युद्ध और उनके नतीजों ने यह साबित किया है कि यह किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि खुद ही एक समस्या है। शायद ही कोई सिद्धांत रूप में युद्ध का समर्थन करता दिखे, लेकिन बहाने अलग-अलग भले हों, उनकी आड़ में ज्यादातर देश अपने रक्षा खर्च को ऊंचा रखते हैं, दूसरे देशों की ओर से खतरा बता कर उसमें भारी बढ़ोतरी को जरूरी बताते हैं। उसके बाद शुरू होता है हथियारों की खरीद का सिलसिला, जो देशहित के अन्य बेहद जरूरी मसलों की कीमत पर होता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश की रक्षा सबसे जरूरी मसला होना चाहिए, मगर यह हैरानी बात है कि ज्यादा सभ्य, शांत और विकसित होने का दावा करते ऐसे कई देश हैं, जो शांति के लिए ठोस पहलकदमी करने के बजाय युद्ध में इस्तेमाल होने वाले घातक हथियारों के खरीद-फरोख्त में लगे रहते हैं। सवाल है कि अगर बड़े पैमाने पर व्यापक जनसंहार के हथियार खरीदे या निर्मित किए जाते हैं, तो आखिर उनका इस्तेमाल क्या होगा और उसके नतीजे क्या सामने आएंगे। दरअसल, हाल के वर्षों में दुनिया कहीं ज्यादा हिंसाग्रस्त और खतरनाक बन चुकी है। एक रपट के मुताबिक, सन 2024 में वैश्विक स्तर पर राज्य आधारित संघर्षों की संख्या 1946 के बाद अपने सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। जब भी विश्व के किसी कोने में राज्य आधारित टकराव होते हैं, तब खासतौर पर युद्ध में शामिल देशों के अलावा आसपास के अन्य देश भी अपना रक्षा खर्च बढ़ा देते हैं और पहले से ज्यादा आधुनिक और घातक हथियार खरीदने लगते हैं। इस क्रम में देशों के बीच होड़ लग जाती है कि सबसे खतरनाक हथियार खरीदने में कौन सबसे आगे रहता है। कई बार युद्ध की महज आशंका को ही आधार बना कर व्यापक जनसंहार के हथियारों की खरीद शुरू हो जाती है। पिछले वर्ष सभी यूरोपीय देशों ने अपने सैन्य बजट बढ़ाए। रूस ने भी ऐसा ही किया। चीन ने पिछले तीस वर्षों में लगातार सैन्य खर्च बढ़ाया है, जबकि अमेरिका को रक्षा पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाले देश के तौर पर देखा जाता है। करीब एक वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र ने 'समिट फार द फ्यूचर' यानी भविष्य के खातिर सम्मेलन का आयोजन किया था, जिसका मकसद शीत युद्ध के बाद बहुपक्षीय प्रणाली के पतन, संघर्ष की बढ़ती स्थितियों और मानवीय आपदाओं से निपटने पर चर्चा करना था।

# जी एस टी बनाम जी एस टी



**सुमन कुमार झा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोगों को नवरात्रि, दीपावली और छठ का उपहार जीएसटी की सफलता कि कहानी है और खासकर इसकी घोषणा सीमांचल के पूर्णिया के जन सभा में करना इस बात कि पुष्टि है कि जीएसटी अब गरीबों को सुविधा पहुँचाने वाला टैक्स हो गया है। विपक्ष जीएसटी का नया नामकरण 'गब्बर सिंह टैक्स' दिया है जबकि आम जन इसे 'गरीब सुविधा टैक्स' कहना शुरू कर दिया है।

2-3 सितम्बर, 2025 में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद् की 56वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई। जीएसटी परिषद् ने अन्य विषयों के अतिरिक्त, लोगों, आम आदमी, महत्वाकांक्षी मध्यम वर्ग को राहत प्रदान करने और जीएसटी में व्यापार को सुगम बनाने के उपायों के लिए जीएसटी टैक्स दरों में बदलाव से संबंधित सिफारिशें कीं। संशयों के समाधान के लिए एफएक्यू भी जारी किए जा रहे हैं। 56वीं जीएसटी परिषद् की ओर से की गई सिफारिशें कि अब टैक्स के दो ही स्लैब होंगे। 8 वर्ष, 02 महीना, 21 दिन में चार स्लैब से टैक्स का दो स्लैब हो गया।

लेकिन यह सुविधा पहुँचाने वाला टैक्स लम्बे समय तक जटिल और बहुस्तरीय रही। अलग-अलग राज्यों के अपने-अपने कर, केंद्र सरकार के कर, और इनके बीच होने वाले विवादों के कारण व्यापारियों और उद्योगपतियों को बड़ी परेशानियाँ झेलनी पड़ती थीं। इस स्थिति को सुधारने और पूरे देश में ÷एक राष्ट्र, एक कर÷ व्यवस्था लागू करने के लिए वस्तु एवं सेवा कर की परिकल्पना की गई।

भारत में जीएसटी लागू करने का विचार 2000 के दशक के आरंभ में उठा था। केंद्र सरकार ने विभिन्न कर सुधारों के लिए समितियाँ बनाई थीं। 2006 में पहली बार वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने जीएसटी को लागू करने की घोषणा की, लेकिन राज्यों और केंद्र के बीच कर-राजस्व बाँटने पर असहमति के कारण यह लागू नहीं हो सका।

जीएसटी लागू करने की इस लंबी और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया में कई नेताओं, अर्थशास्त्रियों और नीति-निर्माताओं की भूमिका रही। लेकिन बिहार के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का योगदान सबसे अलग और महत्त्वपूर्ण रहा। उन्हें जीएसटी का ÷आर्किटेक्ट÷ (वास्तुकार) भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने राज्य और केंद्र के बीच सहमति बनाने, जीएसटी काउंसिल की बैठकों में सक्रिय नेतृत्व करने और विपक्षी दलों के नेताओं को भी साथ लाने में अहम भूमिका निभाई।

2014 में नरेंद्र मोदी सरकार बनने के बाद इस पर तेज़ी से काम हुआ। 2016 में संसद ने संविधान संशोधन विधेयक पारित किया और 1 जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू हुआ। इसका उद्देश्य था, ÷एक देश, एक कर, एक बाजार÷। इससे पहले एक्साइज, वैट, सर्विस टैक्स, एंट्री टैक्स जैसे कई अलग-अलग कर थे, जिन्हें मिलाकर जीएसटी लागू किया गया।

जीएसटी में चार श्रेणियाँ थीं, 5त्र, 12त्र, 18त्र, 28त्र नए सुधारों के बाद मुख्य रूप से दो टैक्स दरें होंगी, 5त्र और 18त्र। इसके अलावा, खास किस्म की लक्ज़री व साई गुड्स (÷स्द्भठ्ठ द्दशश्स्रह्य÷) (नशेड़ी या विशेष ÷हानि पहुंचाने वाले÷ व् लग्ज़री आइटम) के लिए एक 40त्र का टैक्स स्लैब भी होगा। कुछ वस्तुएँ और सेवाएँ जीएसटी से पूरी तरह मुक्त होंगी। उदाहरण के लिए ज़रूरी दवाइयाँ, पनीर या चीज़ जैसी डेयरी सामान, कुछ बेसिक खाद्य सामान आदि। इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे टीवी, एसी आदि जो पहले 28त्र पर थे, अब 18त्र स्लैब में आएँगे। 'साई गुड्स' जैसे कि बिडी, सिगरेट, पान मसाला, आदि पर मौजूदा दरें फिलहाल बनी रहेंगी क्योंकि उनसे जुड़े 'कम्पंसेसन सेस' आदि अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुए हैं।

जीएसटी रिफॉर्म का मुख्य उद्देश्य 'कर' ढाँचा को सरल और पारदर्शी बनाना सामान्य गृह एवं कर वर्गीकरण में विवाद को ख़त्म करना है ताकि आम उपभोक्ताओं पर ज़रूरत के सामानों की कीमतों को कम करना, ख़रीददारी की शक्ति बढ़ाना, महँगी वस्तुओं, लक्ज़री एवं हानिकारक वस्तुओं पर अधिक कर लगा कर राजस्व संतुलन को बनाये रखना ताकि सरकार की आमदनी बहुत अधिक प्रभावित न हो। जैसे ÷इनवर्टेड ड्यूटी÷ यानि जब किसी वस्तु को बनाने में उपयोग होने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगता है, लेकिन तैयार वस्तु बेचने पर कम टैक्स लगता है, तब यह स्थिति इनवर्टेड ड्यूटी कहलाती है। इससे कारोबारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट तो अधिक मिलता है, लेकिन आउटपुट पर कम जीएसटी होने के कारण उस क्रेडिट का पूरा उपयोग नहीं हो पाता। नतीजतन व्यवसायियों को टैक्स रिफंड की आवश्यकता पड़ती है, जिससे उनका कैश फ्लो प्रभावित होता है।

तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली जीएसटी लागू करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राज्यों और केंद्र के बीच संवाद की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। जीएसटी काउंसिल का गठन उनकी पहल पर हुआ, जिसमें राज्यों के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार के प्रतिनिधि शामिल थे। जेटली ने विपक्षी राज्यों को भी विश्वास में लिया और सहमति बनाने की कला से इस सुधार को सफल बनाया। उन्होंने इसे भारत की संघीय संरचना का बेहतरीन उदाहरण बताया।



तत्कालीन वित्त मंत्री दिवंगत प्रणव मुखर्जी ने सुशील मोदी को जीएसटी पर बनी वित्त मंत्रियों की प्राधिकृत समिति का अध्यक्ष बनाया। बिहार विधानसभा में जीएसटी बिल पास कराने में सुशील मोदी की मुख्य भूमिका रही। कम्पेनसेशन (राज्यों को नुकसान की भरपाई) का मुद्दा उठाने वाले वे प्रमुख नेताओं में रहे। शुरू में जीएसटी को लेकर व्यापारियों और छोटे कारोबारियों में असंतोष था। सुशील मोदी ने लगातार संवाद और संशोधन कर इसे व्यावहारिक और सरल बनाने की कोशिश की। उन्हें मिस्टर जीएसटी (÷स्द्ध. ह्रस्ञ्÷) भी कहा जाने लगा था। उन्होंने कहा था ÷जीएसटी भारत के टैक्सेशन सिस्टम में सबसे बड़ा सुधार है और इसे लागू करना हमारे लिए ऐतिहासिक कदम है।÷

सुशील मोदी जीएसटी काउंसिल की 20 से अधिक बैठकों में बार-बार कहा कि जीएसटी केवल केंद्र का नहीं, बल्कि सभी राज्यों का साझा कानून है। पंजाब, तमिलनाडु जैसे राज्यों को आशंका थी कि जीएसटी से उन्हें घाटा होगा। जीएसटी काउंसिल को एक ÷सहयोगात्मक संघवाद का आदर्श मंच बनाने में योगदान दिया। आज जब जीएसटी (गब्बर सिंह टैक्स) विपक्षी दलों के द्वारा कहा जाता था, से 'गरीब सुविधा टैक्स' बन गया है। सुशील मोदी जी कहते थे जीएसटी से देश को फायदा होगा। क्योंकि मुझे उनके साथ एक लंबे समय तक रहने का अवसर मिला था। मैंने उनसे 24×7 जीएसटी पर कार्य करते देखा। आज अगर वह हमारे बीच होते तो बहुत खुश होते।

बहरहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असंभव लगने वाले टैक्स सुधार को कुशल राजनीतिक इच्छा शक्ति से एक राष्ट्रीय कर प्रणाली बना दिया और राष्ट्रीय कर को एक सूत्र में वैसे ही बांध दिया जैसा कि भारत को जोड़ने में रेल और टेलीग्राफ की भूमिका रही।

**( लेखक बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री श्री मंगल पांडेय के निजी सहायक हैं और ये उनके निजी विचार हैं)**

# साहस और आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन

**(कुमारी शबनम)**

मातृत्व सृष्टि का सबसे सुंदर और सुखद वरदान है। जब कोई स्त्री समाज की तय की हुई मानदंडों को पारकर इसे अपनाती है, तब यह सिर्फ मातृत्व नहीं रह जाता, बल्कि साहस और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन जाता है। लोक गायिका देवी ने 'सिंगल मदर' बनकर वही साहस दिखाया है। विवाह के बंधन में बंधे बिना मातृत्व



स्वीकारना न केवल व्यक्तिगत निर्णय है, बल्कि समाज के लिए एक संदेश है कि औरत की पहचान केवल रिश्तों से नहीं, उसकी अपनी इच्छाशक्ति और आत्मसम्मान से तय होती है। इससे पहले नीना गुप्ता ने भी यही साहस दिखाया था। उन्होंने समाज की आलोचनाओं की परवाह न करते हुए बेटी मसाबा गुप्ता को जन्म दिया और आज वही बेटी अपनी पहचान व उपलब्धियों के लिए जानी जाती है। इन दोनों स्त्रियों ने यह साबित किया है कि मां बनने के लिए किसी सामाजिक मुहर की जरूरत नहीं, बल्कि दिल में उठे मातृत्व के स्वर को अपनाने का हौसला चाहिए। उनका यह कदम आने वाली पीढ़ियों की स्त्रियों को प्रेरित करेगा कि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जिएं।

### राजनीतिक दलों को कार्यस्थल पर पॉश एक्ट

# 2013 से प्राप्त वैधानिक छूट एक नैतिक विडंबना नहीं तो क्या?

**यह ठीक है कि उनके बीच पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी का सम्बन्ध नहीं होता, लेकिन दफ्तर और कार्यसंस्कृति दोनों होती है। यहां तक कि टूर के दौरान ठहरने वक्त नेताओं और महिला कार्यकर्ताओं का कमरा आसपास ही रखा जाता है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इससे राजनीतिक दलों व उनके नेताओं को कार्यकर्ताओं के शोषण का अंतहीन अधिकार मिल जाता है! खासकर, जब केंद्र और विभिन्न राज्यों की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस आदि दल किसी कॉरपोरेट शैली से संचालित होती हों, उनके जनसंपर्क यानी प्रचार-प्रसार व कार्यसंचालन का तरीका लगभग वही हो, जब निर्वाचित राजनेताओं के धन भी पांच वर्ष में ही दुगुने-तिगुने से ज्यादा बढ़ जाते हों, जब राजनेताओं व उनके करीबी संगठन के नेताओं पर महिलाओं के शारीरिक शोषण के अनेक आरोप लगते आए हों, वैसे परिदृश्य में सियासी दलों और सियासतदानों को प्राप्त विधिक छूट उनके गलत इरादों को लीगल प्रश्रय नहीं देना है तो क्या है, यक्ष प्रश्न है?**

**(कमलेश पांडेय)**

भारत के अधिकांश लोगों को पता है कि देश की कानून निर्मात्री संस्था 'संसद', विधानसभा मंडलों में बैठे राजनेतागण खुद को 'अभिजात्य प्राणी' समझते हैं और खुद के फंसने वाला कानून कभी नहीं बनाते। वहीं, अपना सियासी हित साधने के लिए प्रायः द्विअर्थी कानून बनाते हैं।

राजनीतिक दलों को महिलाओं की कार्यस्थल सुरक्षा संबंधी कानून प्रोटेक्शन ऑफ सेक्सुअल हरासमेंट एक्ट (पॉश एक्ट), 2013 से प्राप्त वैधानिक छूट किसी नैतिक विडंबना से कम नहीं है, चाहे इसका विधिक कारण कुछ भी हो! यह हमारी संसद और सर्वोच्च न्यायालय दोनों की नैतिक लापरवाही या खामोशी दोनों का नतीजा है? ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह तर्क कि राजनीतिक दल और उनके सदस्यों के बीच पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी का संबंध नहीं होता है, किसी के गले नहीं उतरता है। यह अनुभव की व्यवहारिक कसौटी पर भी खरा नहीं उतरता है।

यह ठीक है कि उनके बीच पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी का सम्बन्ध नहीं होता, लेकिन दफ्तर और कार्यसंस्कृति दोनों होती है। यहां तक कि टूर के दौरान ठहरने वक्त नेताओं और महिला कार्यकर्ताओं का कमरा आसपास ही रखा जाता है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इससे राजनीतिक दलों व उनके नेताओं को कार्यकर्ताओं के शोषण का अंतहीन अधिकार मिल जाता है! खासकर, जब केंद्र और विभिन्न राज्यों की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस आदि दल किसी कॉरपोरेट शैली से संचालित होती हों, उनके जनसंपर्क यानी प्रचार-प्रसार व कार्यसंचालन का तरीका लगभग वही हो, जब निर्वाचित राजनेताओं के धन भी पांच वर्ष में ही दुगुने-तिगुने से ज्यादा बढ़ जाते हों, जब राजनेताओं व उनके करीबी संगठन के नेताओं पर महिलाओं के शारीरिक शोषण के अनेक आरोप लगते आए हों, वैसे परिदृश्य में सियासी दलों और सियासतदानों को प्राप्त विधिक छूट उनके गलत इरादों को लीगल प्रश्रय नहीं देना है तो क्या है, यक्ष प्रश्न है? भारत के अधिकांश लोगों को पता है कि देश की कानून निर्मात्री संस्था 'संसद', विधानसभा मंडलों में बैठे राजनेतागण खुद को 'अभिजात्य प्राणी' समझते हैं और खुद के फंसने वाला कानून कभी नहीं बनाते। वहीं, अपना सियासी हित साधने के लिए प्रायः द्विअर्थी कानून बनाते हैं। वाकई एक ही प्रवृति के विषयों में अस्पष्ट कानूनों की वजह से ही देश अमेरिका की भांति वकीलों का स्वर्ग बन चुका है। कोई भी नेता दो जगह से



चुनाव लड़ सकता है, लेकिन दो जगहों की मतदाता सूची में नाम निकल जाने पर जानबूझकर बखेड़ा खड़ा किया जाता है। भूमि-भवन-स्वर्ण निवेश सम्बन्धी चीजों, शिक्षा-स्वास्थ्य-कारोबार आदि में अस्पष्ट कानूनों की वजह से निवेशक मालामाल और उपभोक्ता फटेहाल रहते हैं, आदि। सबसे बड़ी विडंबना तो यह कि निर्वाचित होते ही, अपराधी/दुष्कर्मी भी 'माननीय' करार दिए जाते हैं। यह स्थिति प्रशासनिक अधिकारियों व न्यायपालिका के लिए भी शर्मनाक है। साथ ही भारतीय बुद्धिजीवियों, सफल पेशेवर समूहों, विश्वविद्यालयों की पवित्र सोच पर करारा तमाचा है। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि जब सुप्रीम कोर्ट आरक्षण सम्बन्धी कानून और वक्फ बोर्ड कानून आदि में तो संशोधन करने का अधिकार रखता है, लेकिन नेताओं से जुड़े मामलों में उसकी बुद्धिमत्ता/प्रबुद्ध सोच को 'जंग' लग जाती है, सांप सूंघ जाता है जो वैधानिक 'सामाजिक टेटनस/मानसिक विष' जैसे 'जानलेवा रोगों' की वजह बन जाते हैं। स्वाभाविक सवाल है कि हमारे राजनेता जेल से चुनाव लड़ सकते हैं, चुनाव प्रचार कर सकते हैं, अपनी सैलरी व भत्ता खुद ही बेहिसाब बढ़ा सकते हैं, राजनीतिक चंदा के लिए 'चोर दरवाजे' छोड़ सकते हैं, संसद के भीतर-बाहर कुछ भी अनाप-शनाप बोल सकते हैं, जिससे सामाजिक-राष्ट्रीय हितों पर चोट पहुंचती है, आदि। इनके कार्यकर्ता पाकिस्तान-बंगलादेश का झंडा लहरा सकते हैं, लेकिन इस पर कभी तर्कसंगत बहस नहीं होती! बेलगाम सोशल मीडिया इनका आधुनिक प्रचार हथियार बन चुका है। क्रिप्टो करेंसी इनके अवैध लेन-देन का साधन बन चुका है।लेकिन एक समान कानून की याद इन्हें कतई नहीं आती। इससे आम व्यवसायियों के कारोबारी हित भी प्रभावित होते हैं।

कोढ़ में खाज यह कि अब सुप्रीम कोर्ट भी मान चुका है कि 'राजनीतिक दलों में सदस्यता रोजगार जैसी नहीं है- इसमें न तो नियमित वेतन है और न ही संविदात्मक/नौकरी संबंधी अनुबंध।' सवाल है कि कार्यकर्ता दिन-रात पार्टी की सेवा में लगे रहते हैं या नहीं? इनको मानदेय क्यों नहीं दिया जाता? क्या इसी वजह से ये प्रशासनिक या सामाजिक 'दलाली' करते हैं और किसी तरह निर्वाचित नेताओं के लोकल एजेंट बनकर अपना गुजारा करते हैं। क्या इसी वजह से भ्रष्टाचार, शिष्टाचार नहीं बन गया है? यह कौन नहीं जानता कि अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों/मंत्रियों के बीच दलाली करने वाले राजनीतिक कार्यकर्ताओं का ही नेटवर्क 'गर्म गोश्त' की भी दलाली करता है, इसलिए इन्हें भी पॉश एक्ट 2013 के दायरे में लाए जाने की जरूरत है। रहस्य न खुले, इसलिए इस धंधे में एक-दूसरे की जान लेना स्वाभाविक बात है! जिसे प्रशासनिक पहुंच के बल पर दबा दिया जाता है। बावजूद इसके कुछ मामले सुर्खियां बन जाते देखे-सुने जाते हैं।

बताया जाता है कि पॉश एक्ट की परिभाषा में वही संगठन आते हैं जहाँ 'रोजगार और भुगतान' के आधार पर कर्मचारी और नियोक्ता के संबंध मौजूद हैं। चूंकि राजनीतिक पार्टी में कोई महिला कार्यकर्ता बनने का अर्थ 'नौकरी' पाना नहीं है, बल्कि यह केवल 'मेम्बरशिप' का मामला है, जिसमें औपचारिक रोजगार संबंध स्पष्ट नहीं होता। ऐसे में राजनीतिक दलों के कार्य के दायरे (जैसे रैलियां, जनसंपर्क, अभियान आदि) को कानूनी तौर पर 'स्थायी कार्यालय या कार्यस्थल' की तरह चिन्हित नहीं किया जा सकता- यह अत्यंत गतिशील और अस्थिर होते हैं। वहीं, चूंकि इस क़ानून के प्रभाव और विकल्प असरकारक हैं, इसलिए राजनीतिक दलों को मिला छूट इस कानून की सफलता पर संशय पैदा करता है। इस छूट के कारण यदि किसी महिला राजनीतिक कार्यकर्ता को उत्पीड़न का सामना करना पड़े तो वह पॉश एक्ट 2013 के तहत शिकायत नहीं कर सकती है।

# दुर्गा पूजा को लेकर पचंबा थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर पचंबा थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर सीओ जितेंद्र कुमार ने की। इस अवसर पर डीएसपी-2 कौशर अली, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, पचंबा थाना प्रभारी राजीव कुमार समेत क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों के अध्यक्ष, सचिव और दोनों समुदायों के प्रबुद्धजन मौजूद रहे प्रशासन ने दी आश्वासन की गारंटी बैठक में उपस्थित लोगों ने पूजा के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। इस पर प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान समय रहते कर दिया जाएगा सीओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कुल 9 पूजा पंडाल हैं।

प्रमुख समस्याओं जैसे—विसर्जन के दौरान बिजली के तारों की दिक्कत घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्थ को सूचीबद्ध कर लिया गया है और जल्द ही इनका समाधान किया जाएगा उन्होंने साफ कहा कि पूजा के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले गाने बिल्कुल नहीं बजाए जाएँगे ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान डीएसपी-2 कौशर अली ने कहा कि पूजा के समय ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए दिन में भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई जाएगी। इसके अलावा पंडालों के आसपास गाड़ियों के रूट में बदलाव किया जाएगा ताकि भीड़भाड़ की स्थिति न हो उन्होंने अपील की कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाएँ बैठक का समापन और शुभकामनाएँ बैठक के अंत में सभी अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएँ दीं और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# अधिकारियों ने विभिन्न किराना, मिठाई दुकान व रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त, रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज राजा कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, गिरिडीह के द्वारा गिरिडीह के विभिन्न किराना दुकान, मिठाई दुकान एवं रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गद्दी मोहल्ला के अधिकांश दुकाने बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। सभी दुकानदारों को 7 दिनों के अंदर फूड लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया। अन्यथा उनपर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के उल्लंघन स्वरूप जुमार्ना किया जाएगा। सभी किराना दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया कि पैकेज्ड फूड को बिना फूड लाइसेंस नंबर, उत्पादन तिथि, बैच नम्बर एवं एक्सपायरी तिथि के नहीं बेचेंगे। शहर के विभिन्न मिठाई दुकानों एवं रेस्टोरेंट में स्पॉट पर पनीर, पेड़ा एवं रसगुल्ला के करीब 15 नमूने का जांच किया गया। जांच में सभी सैंपल सही पाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा तेल, रसगुल्ला, पनीर, पेड़ा, चिप्स, मसाला के कुल सात खाद्य नमूने लिए गए हैं जिन्हें रासायनिक जांच हेतु राजकीय खाद्य जांच प्रयोगशाला रांची भेजा जाएगा। आगामी त्योहारों को देखते हुए मिलावट के विरोध करवाई और तेज किया जाएगी। करवाई में खाद्य सुरक्षा कार्यालय के लिपिक मनीष वर्मा, अभिषेक केशरी, वसीम एवं महाराज मंडल भी मौजूद थे।



# महालया पर निकली शोभा यात्रा का खुला मंच, व्हाट्सएप ग्रुप ने किया भव्य स्वागत



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप ने स्थानीय छह मुहान चौक पर महालय के अवसर पर श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू के तत्वाधान में निकल गई शोभायात्रा का गर्मजोशी व उल्लास के साथ स्वागत किया गया। ग्रुप के सदस्यों व पदाधिकारियों ने माता रानी के शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महा समिति पलामू के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जोहरी को माता रानी का की तस्वीर प्रदान कर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रुप के लोगों ने पेयजल व ठंड पेय पिलाया। ग्रुप का नेतृत्व अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि व एडमिन रजनीश सिंह ने किया।

■ **शोभायात्रा में शामिल लोगों को मंच ने ठंडा पेय व शीतल जल का किया वितरण**

दौरान श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारी अविनाश देव, नवीन तिवारी, रजनीश सिंह, प्रभात अग्रवाल, बबलू चावला, नवीन कुमार गुप्ता, मनीष ओझा जो खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के भी सम्मानित सदस्य हैं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ग्रुप के सदस्य माता रानी के जयकारे के बीच महिला श्रद्धालु को शक्ति स्वरूपा बताते हुए विशेष तौर पर स्वागत किया। सभी ने एक साथ हनुमान चालीसा का सस्वर वाचन किया।

इस दौरान मंच के सदस्य ललन सिन्हा, विनित सिंह, गुरूवीर सिंह गोलू, अरविंद अग्रवाल, राम- श्याम बंधु, प्रियदत्त देव उर्फ छोटू, रितेश कुमार टिंकू, नीरज राज, अमीत सिन्हा, नितिन आलोक, नवीन शरण, टिवंकल गुप्ता, आनंद मोहन, मनीष ओझा, विमल पाण्डेय, संकेत गुप्ता, विजय प्रसाद, मंटू भगत, सुरज सिन्हा, अनिमेष सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। मौके पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, संतोष कुमार, टीओपी वन के थाना प्रभारी इंद्रदेव पासवान सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शोभायात्रा में शामिल थे।

**चौपारण में 7 अक्टूबर को शहीदे-आजम भगत सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी**

# युवाओं के लिए होगा प्रेरणादायी कार्यक्रम

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण प्रखंड में आगामी 07 अक्टूबर 2025 को शहीदे-आजम भगत सिंह की जयंती इस वर्ष भी बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई जाएगी। इसी दिन जीप सदस्य रवि शंकर अकेला के पुत्र भगत सिंह का जन्मदिन भी है, जिसे लेकर आयोजन की विशेष तैयारी की जा रही है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समर्थकों की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने की। उन्होंने कहा कि शहीदे-आजम भगत सिंह ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वतंत्रता संग्राम में नई दिशा दी और युवाओं को देशभक्ति का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने इसे सौभाग्य बताया कि उसी दिन उनके पोते भगत सिंह का भी जन्मदिन है। बैठक में निर्णय लिया गया कि समारोह में पुष्पांजलि कार्यक्रम, युवाओं के लिए प्रेरणादायी वक्तव्य और समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। समर्थकों ने कहा कि यह अवसर केवल श्रद्धांजलि का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भगत सिंह के विचारों से जोड़ने का भी होगा। इस मौके पर समर्थकों और गणमान्य लोगों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि आयोजन को भव्य और यादगार बनाया जाएगा।

# पिंडारकोन गांव में नदी में डूबने से कक्षा 5 की छात्रा अंकिता की मौत, गांव व विद्यालय में मातम

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड के पिंडारकोन गांव में रविवार को एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे इलाके को गहरे शोक में डाल दिया। विनोद साव की नन्ही बेटी और श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 5 की मेधावी छात्रा अंकिता कुमारी की नदी में डूबकर असमय मृत्यु हो गई।

अंकिता की मौत की खबर से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। परिजन, ग्रामीण और मित्रमंडली परिवार को ढांढस बंधाने उमड़ पड़े। विद्यालय के शिक्षक और सहपाठी भी गहरे सदमे में हैं। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल परिवार ने इस दर्दनाक घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि अंकिता पढ़ाई में होशियार, अनुशासित और मधुर स्वभाव की छात्रा थी, जिसने सभी का दिल जीत लिया था। प्रधानाचार्य ने भावुक होकर कहा— 'अंकिता की निर्मल मुस्कान, उत्साह और अनुशासन हमेशा याद रहेंगे। ईश्वर उसकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें।' विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अंकिता का निधन संस्था के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि वह सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा थी और विद्यालय परिवार की प्रार्थनाएं उसके परिवार के साथ हैं। विद्यालय ने घोषणा की है कि आने वाले दिनों में अंकिता की स्मृति में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी।

# केरेडारी में कोल कंपनियों को PLFI की धमकी 30 सितंबर तक काम ठप रखने का फरमान

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग/केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड में संचालित कोल खनन कंपनियों को पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (PLFI) ने काम बंद करने की खुली धमकी दी है। संगठन के उग्रवादियों ने क्षेत्र में पोस्टर चिपकाकर 20 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक खनन कार्य पूरी तरह बंद रखने की चेतावनी दी है।

पोस्टर में एनटीपीसी, सीसीएल, रित्त्विक, एल एंड टी, बीजीआर एवं चंद्रगुप्त कंपनियों का नाम लिखते हुए कहा गया है कि यदि बिना वार्ता कंपनियां काम करती हैं, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनी प्रशासन की होगी। इतना ही नहीं, कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगी गाड़ियों के मालिकों और ड्राइवरों को भी धमकाया गया है।

संगठन ने साफ कहा है कि जबरदस्ती गाड़ी भेजने पर कार्रवाई की जाएगी और इसकी जिम्मेदारी गाड़ी मालिक की होगी। ग्रामीणों में भी भय का माहौल है। पोस्टर में रैयतों एवं विस्थापितों को बिना उचित मुआवजा घर-जमीन नहीं छोड़ने की बात कही गई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन के सहारे कंपनियां जबरन काम कराएंगी तो 'फौजी कार्रवाई' की जाएगी।

# गोवा सिटी में दुर्गा पूजा स्पेशल ऑफर : 6000 रुपये प्रति वर्गफुट के साथ ही 9 कन्याओं को प्रत्येक बुकिंग पर एक इलेक्ट्रिक स्कूटी मुफ्त

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. ने सगुना मोड़, पटना स्थित अपने प्रोजेक्ट गोआ सिटी ( GOA CIT ) में ग्राहकों के लिए एक खास अवसर पेश किया है। अब आपका सपना सच हो सकता है- सिर्फ बैग लेकर आइये और अपने नए, पूरी तरह से सुसज्जित ( Fully Furnished) 2 BHK एवं 3 BHK प्रीमियम फ्लैट में तुरंत प्रवेश कीजिए।

गोआ सिटी के ब्लॉक अ और इ में तैयार इन आधुनिक फ्लैट्स में बेहतरीन इंटीरियर, मॉड्यूलर किचन, स्टाइलिश फर्नीचर, बेडरूम और लिविंग हॉल सहित हर सुविधा पहले से ही उपलब्ध है, ताकि आपको शिफ्टिंग के झंझटों से छुटकारा मिले। इस परियोजना के चेयरमैन श्री संजीव श्रीवास्तव ने कहा, 'हमारा उद्देश्य है कि लोग बिना किसी तनाव के सीधे अपने सपनों के घर में प्रवेश करें। गोआ सिटी की यह पहल एक बेहतर, सुविधाजनक और प्रतिष्ठित जीवनशैली को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।' ग्राहकों की सुविधा के लिए दुर्गा पूजा स्पेशल ऑफर भी लाया गया है, जिसके तहत फ्लैट्स अब केवल 6000 प्रति वर्गफुट की दर से उपलब्ध हैं, जबकि इसकी सामान्य कीमत 7000 प्रति वर्गफुट है। साथ ही साथ नवरात्री के शुभ अवसर पर पहले 9 कन्याओं को प्रत्येक बुकिंग पर एक इलेक्ट्रिक स्कूटी उपहार में दिया जाएगा। गोआ सिटी में 24 x 7 सुरक्षा, पावर बैकअप, लिफ्ट, पार्किंग जैसी तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यदि आप एक सुसज्जित, तैयार घर की तलाश में हैं, तो यह अवसर आपके लिए है। बुकिंग की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है झ आज ही विजिट करें और अपने नए जीवन की शुरूआत करें। बस बैग लाइए, और अपने सपनों के घर में प्रवेश कीजिए- गोआ सिटी, सगुना मोड़, पटना में।





**चौपारण में दुर्गा पूजा की तैयारियां भव्य**

# पंडाल निर्माण अंतिम चरण में, श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण प्रखंड में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विभिन्न पूजा समितियों द्वारा पंडाल निर्माण का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। मुख्य बाजार ब्लॉक मोड़ स्थित दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष शिव सिंह के नेतृत्व में पूरी टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई है।

समिति सदस्यों के अनुसार, इस बार पंडाल की सजावट और आकर्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु माता रानी की भव्य प्रतिमा और सुंदर पंडाल का आनंद ले सकें। साथ ही सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के लिए ठोस इंतजाम किए जा रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। ग्रामीण और भक्त पंडाल की सजावट और आगामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान स्थानीय कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समिति का कहना है कि इस वर्ष का आयोजन चौपारण में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम साबित होगा।

# विवेकानंद पैरामेडिकल में 157 से अधिक छात्रों का चयन

**गया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज विवेकानंद पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज एवं मगध पैरामेडिकल एंड नर्सिंग इंस्टिट्यूट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेयरमैन श्री राजेश कुमार ने घोषणा की कि संस्थान के 157 से अधिक छात्रों का चयन कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ( CHO ) पद पर हुआ है।

यह उपलब्धि न केवल कॉलेज के लिए बल्कि पूरे बिहार के लिए एक गर्व का क्षण है। श्री राजेश कुमार ने कहा कि यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज ने पिछले कुछ वर्षों में लगातार अपने छात्रों की कड़ी मेहनत केलिए मैंने सभी बच्चो को प्रेरित किया जिसका परिणाम मुझे अपने छात्रों के द्वारा देखने को मिला। अंत में श्री राजेश कुमार ने सभी छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करें।

**महालया के अवसर पर श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू ने निकाली शोभायात्रा**

# माता रानी के शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब




नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू के तत्वावधान में रविवार को शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। स्थानीय जेलहाता जेल गेट के नजदीक नवयुवक संघ से निकाले गए शोभायात्रा में संघ के सदस्यों ने श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू के केन्द्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का पगड़ी व माता रानी के चुनरी से स्वागत किया गया।

गाजे बाजे के साथ निकाले गए शोभायात्रा में महिलाओं ने तलवार लेकर शोभायात्रा का नेतृत्व किया। वहीं माता रानी के स्वरुप में चल रहे बच्चियों का स्वरुप शोभायात्रा का सबसे आकर्षक झांकी था। जेलहाता से निकलकर डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक से होते हुए शहीद भगत सिंह चौक, कनीराम चौक, पंचमुहान चौक, जिला स्कूल चौक होते हुए बंगीय दुगार्बाड़ी में पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी माता रानी के प्रति उनकी भक्ति व श्रद्धा को परिलक्षित कर रहा था।

■ **संत मरियम स्कूल के बच्चे- बच्चियों सहित महिलाओं व युवाओं ने शोभायात्रा में लिया भाग**

■ **छह मुहान पर किया गया हनुमान चालीसा का पाठ**

शोभायात्रा में श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू के संरक्षक अविनाश देव, उपाध्यक्ष नवीन तिवारी, पंडित प्रदीप नारायण, बीएम पाण्डेय, सतीश तिवारी, रमेश शुक्ला, हरिशंकर सिंह, संजय दत्तराज, संदीप दास, विकास कुमार, आकाश कुमार, रुपा सिंह, मंजुलता दूबे, मंजू गुप्ता, लीलावती देवी, धीरेन्द्र पाण्डेय, सोमेश सिंह, दीपू चौरसिया, शर्मिला सुमी, साहेब सिंह नामधारी, बृजेश शुक्ला, संजू शुक्ला, कमल गुप्ता, अनील दूबे, टुनटुन तिवारी व बिल्लू तिवारी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। शोभायात्रा के प्रारंभ में शहर के प्रख्यात कलाकार राम श्याम के द्वारा हनुमान चालीसा पाठ किया गया जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।

# अतिथियों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता




**खूंटी।** आज जिला कार्यालय खूंटी में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षाविद, समाजसेवी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री माननीय नीलकंठ सिंह मुंडा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रबुद्ध जनों का मार्गदर्शन समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। देश में माननीय मोदी सरकार आई उससे पहले देश की हालत और हालात बहुत दयनीय थी। हमें पहले हाथ फैला कर दूसरे देशों से मदद मांगनी पड़ते थी। और अब हम दूसरे देशों को मदद भी करते हैं अपने बल और शौर्य से दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब भी देते हैं। कोरोना काल में जरूरतमंद देशों को मुफ्त वैक्सीन भी देने का काम किये। वोकल फोर लोकल अपना कर हम देश को आर्थिक रूप से नंबर वन बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। मोदी जी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को व्यवहारिक धरातल पर उतार कर देश को नई दिशा दी है। चंद्रयान-3, जी-20 की अध्यक्षता और आत्मनिर्भर भारत अभियान को उनके दूरदर्शी नेतृत्व की मिसाल बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माननीय राकेश भास्कर ने अपने सम्बोधन में राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। भाजपा की यह पहल न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की, जिन्होंने उपस्थित प्रबुद्धजनों से सेवा और स्वच्छता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। और स्वदेशी अपनाओ को आंदोलन के रूप में लेने का आग्रह किया। मंच संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने किया साथ ही वक्ताओं के द्वारा लिए गए उद्बोधन की समीक्षा भी किया। धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा देवी ने किया। मंच से राजकुमार गुप्ता, भीम सिंह मुंडा, किशोर गंझू, गीरिश जयसवाल, मदन मोहन मिश्रा और बासमती देवी ने भी अपना विचार रखा।प्रबुद्ध जनों के कार्यक्रम में अशोक गुप्ता, अशोक भगत, प्रमोद गुप्ता, राजेन्द्र प्रजापति, सुनिल गुप्ता, मुसाफिर विश्वकर्मा, रधु राम, जीतबहान महतो, राम बिहारी लाल, गंदौरी गुड़िया, सीमा देवी, रूकमिला सारू, नुतन देवी, धूपमनी देवी, बासमती देवी, बीमला देवी, प्रीति देवी, पुनम भेंगरा, श्याम सोनी, योगेन्द्र नायक, मदन मोहन सीताराम नाग,गोप, लखिन्दर नायक, कंचन सिंह, सुदर्शन भोगता, राजेश महतो, भुनेश्वर मांझी, प्रदीप गुप्ता, मनोज गुप्ता, सचिदानंद तिवारी, सुखराम राय, जीतन स्वांसी, कृष्णा सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# पांच सेकंड भी नहीं टिकेगा ट्रंप का एच-1बी वीजा

## ● अमेरिका-भारत में मचे हड़कंप के बीच कोर्ट जाने की तैयारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया आदेश एच-1बी वीजा को लेकर पूरी दुनिया और खासकर भारत में चर्चा का विषय बना है। कंपनियों को हर एच-1बी वीजा के लिए .100,000 (लगभग 88 लाख) देने होंगे। इस बीच अमेरिका की नागरिकता और इमीग्रेशन सर्विसेज के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी का बड़ा बयान आया है।

**यह आदेश कोर्ट में 5 सेकंड भी नहीं टिकेगा॥** अमेरिका की नागरिकता और इमीग्रेशन सर्विसेज के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी डग रैंड ने कहा कि, 100,000 की फीस लगाकर एंट्री बैन करना ये कानून के मुताबिक नहीं है। कोर्ट में ये आदेश 5 सेकंड भी नहीं टिकेगा।

टॉम जवेट्स, जो कि बाइडन प्रशासन में डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी में वरिष्ठ वकील रह चुके हैं, उन्होंने भी यही बात दोहराई कि कानून ऐसे नहीं चलाए जाते। एच-1बी वीजा की बढ़ी फीस के बीच गूगल माईक्रोसॉफ्ट, मेटा और अमेजन जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने तुरंत अपने एच-1बी और एच4 वीजा होल्डर कर्मचारियों से कहा कि 21 सितंबर से पहले अमेरिका लौट आएं, जिससे और अफरा-तफरी मच गई। एच-1बी एक नॉन इमीग्रेशन काम करने का वीजा है, जिससे अमेरिकी कंपनियां विदेशों से स्किल्ड टैलेंट को हायर करती हैं। खासकर आईटी, इंजीनियरिंग, फाइनेंस और हेल्थकेयर जैसे सेक्टरों में इसका खूब इस्तेमाल होता है।

भारत से हर साल सबसे ज्यादा एच-1बी वीजा होल्डर अमेरिका जाते हैं। इसीलिए, यह फैसला भारत को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेटरी ने फैसले का समर्थन करते हुए कहा, अगर कोई कर्मचारी कंपनी और अमेरिका के लिए सच में जरूरी है, तो कंपनी उसकी कीमत चुकाएगी। नहीं तो कंपनी किसी अमेरिकी को नौकरी देगी।

ट्रंप प्रशासन का तर्क है कि कंपनियां एच-1बी वीजा का गलत इस्तेमाल करती हैं। सस्ता विदेशी टैलेंट लाकर अमेरिकियों को नौकरी से वंचित कर देती हैं।

**यह आदेश कितने समय तक लागू रहेगा॥** रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह आदेश 12 महीनों के लिए लागू रहेगा। उसके बाद इसे जारी रखने या रद्द करने पर फैसला एच-1बी वीजा लॉटरी के बाद लिया जाएगा।

### भारत की प्रतिक्रिया

भारत के विदेश मंत्रालय ने इस आदेश को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। मंत्रालय ने कहा कि, इस फैसले से परिवारों को काफी परेशानी होगी। इसका मानवीय असर हो सकता है। उम्मीद है कि अमेरिका इन बातों का संज्ञान लेगा। एमईए के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच टैलेंट एक्सचेंज और स्किल्ड प्रोफेशनल्स का आना-जाना टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा ऐसे फैसलों का आकलन दोनों देशों को आपसी लाभ को ध्यान में रखकर करना चाहिए, क्योंकि हमारी people-to-people कनेक्शन भी बेहद मजबूत है।

## सैलरी से ज्यादा एच-1बी की फीस सुन कंपनियां पीछे हटीं, बना आईटी प्रोफेशनल्स पर संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा के लिए फीस को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख) कर दिया है। ये फैसला रविवार से लागू हो चुका है और इसका सीधा असर भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स पर पड़ रहा है, जो इस वीजा कैटेगरी में सबसे ज्यादा हैं।

एच-1बी वीजा वो रास्ता है जिससे भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अमेरिका जाकर काम करते हैं। लेकिन अब जब वीजा की फीस इतनी ज्यादा कर दी गई है कि ये कई लोगों की पूरी साल की सैलरी से भी ज्यादा है, तो कंपनियां नए कर्मचारियों को भेजने से पीछे हट रही हैं।

एक इमिग्रेशन लॉ फर्म की हेड, सुकन्या रमण, बताती हैं कि मिड और स्मॉल साइज कंपनियों के लिए तो ये फैसला किसी झटके से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी बहुत सी कंपनियां सोच रही हैं कि इतने खर्च में किसी को भेजने से अच्छा है काम ही इंडिया या किसी और देश से करवा लिया जाए। एच-1बी की बढ़ती कीमतों की वजह से अब कई कंपनियां एल-1 वीजा की तरफ झुक रही हैं। ये वीजा उन कर्मचारियों के लिए होता है जो पहले से कंपनी में काम कर रहे हैं और उन्हें अमेरिका में ट्रांसफर किया जाता है। लेकिन इसमें भी पेंच हैं। जैसे कि कम से कम एक साल की कंपनी में नौकरी होनी चाहिए और 'स्पेशल नॉलेज' वाले रोल्स में वीजा मिलना मुश्किल हो गया है।

### भारत को फायदा

जहां एक तरफ अमेरिका में यह कदम उठाया गया है, वहीं भारत के लिए यह एक अप्रत्यक्ष अवसर भी बन सकता है। सर्वांक एसोसिएट्स की फाउंडर अंकिता सिंह कहती हैं, यह कदम अमेरिकी इनोवेशन के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे टैलेंट का फ्लो रुकेगा और कंपनियां मजबूरन अपनी टीमें भारत में ही रखने लगेंगी। यानी भारत के लिए यह ब्लेसिंग इन डिसगाइज हो सकता है। सिर्फ जॉब वाले ही नहीं, आम लोग जो अमेरिका घूमने जाना चाहते हैं, उनके लिए भी परेशान करने वाली खबर है।

## अगले हफ्ते गर्म रहेगा आईपीओ मार्केट, खुलेंगे 28 नए इश्यू




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले हफ्ते 28 आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इनमें 17 एसएमई कैटेगरी के आईपीओ होंगे, जबकि बाकी 11 मेनबोर्ड के आईपीओ होंगे। ये आईपीओ सोमवार से खुलना शुरू होंगे। 22 सितंबर सोमवार को 4 पब्लिक इश्यू खुलेंगे। आगे जानिए इन सभी आईपीओ की डिटेल। आईपीओ वह प्रोसेस है जिसमें कोई प्राइवेट कंपनी पहली बार अपने शेयर पब्लिक को बेचती है और इस तरह वह एक पब्लिक्ली कारोबार करने वाली कंपनी बन जाती है। इससे कंपनी को विस्तार, ग्रोथ या लोन चुकाने के लिए पूंजी जुटाने का मौका मिलता है, साथ ही आम निवेशकों को नई कंपनी में निवेश करने का मौका मिलता है और कंपनी के भविष्य की सफलता से संभावित रूप से लाभ उठाने का अवसर मिलता है।

## लोढ़ा डेवलपर्स ने मुंबई में 24 एकड़ जमीन एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर्स को 500 करोड़ में बेची




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स लि. ने मुंबई क्षेत्र में 24 एकड़ से अधिक जमीन सिंगापुर की एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर्स को करीब 500 करोड़ रुपए में बेची है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। भूमि सौदा पहले ही पंजीकृत हो चुका है। सूत्रों के अनुसार, सिंगापुर की कंपनी डेटा सेंटर सेवा प्रदाता एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर (एसटीटी जीडीसी) ने हाल ही में पलावा में 24.34 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। सूत्रों ने बताया कि लोढ़ा डेवलपर्स ने 1.74 एकड़ जमीन बेची है, जबकि उसकी अनुषंगी कंपनी पलावा इंडसलॉजिक 4 प्राइवेट लिमिटेड ने 22.6 एकड़ जमीन करीब 499 करोड़ रुपए में बेची है। इस महीने की शुरुआत में, लोढ़ा डेवलपर्स ने पलावा में हरित एकीकृत डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे।

## नवरात्रि के पहले दिन से होगी बचत

# सूई से डायपर और पानी से एसी तक, चीजें होगी सस्ती

### इसी दिन से लोगों को सस्ते प्रोडक्ट्स का लाभ मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी रेट कट के बाद आज रात 12 बजे से नई टैक्स दरें लागू हो जाएंगी। रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि से जीएसटी की दरें कम हो रही हैं और इसके साथ ही जनता के लिए कई चीजें सस्ती हो जाएंगी। 22 सितंबर को इस साल नवरात्री का पहला दिन है और इसी दिन से लोगों को सस्ते प्रोडक्ट्स का लाभ मिलेगा।

इस महीने की शुरुआत में जीएसटी काउंसिल ने टैक्स रेट में कटौती का फैसला लिया था, जिसमें 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो स्लैब रखी गई हैं। वहीं सिन गुड्स के लिए 40 प्रतिशत की एक और स्लैब बनाई गई है। अच्छी खबर ये है कि कई फर्मों ने पहले ही अपनी प्रोडक्ट्स की कीमतों में कटौती का ऐलान कर दिया है। आगे जानिए आज रात से क्या और कितना सस्ता होने जा रहा है। प्रमुख घरेलू उपकरण निर्माताओं ने एयर कंडीशनर की कीमतों में 4,500 रुपये तक और डिशवॉशर की कीमतों में 8,000 रुपये तक की कटौती की है। नए रेट सोमवार से लागू होंगे।

ये कंपनियां इस सप्ताह से शुरू हो रहे त्योहारी सीजन के दौरान बिक्री में डबल डिजिट की ग्रोथ की उम्मीद कर रही हैं। डिशवॉशर बनाने वाली कंपनियों ने भी कीमतों में कटौती की है, जिससे कंज्यूमर्स को जीएसटी का लाभ मिलने जा रहा है। जीएसटी कटौती लागू होने के बाद कंपनियों ने कीमतों में 8,000 तक की कमी की है। मदर डेयरी ने क्या-क्या किया सस मदर डेयरी ने यूएचटी दूध, पनीर, घी, मक्खन, चीज और मिल्कशेक जैसे प्रमुख डेयरी उत्पादों की कीमतों में कटौती की है, जो प्रोडक्ट के आधार पर जीएसटी में 5-18 प्रतिशत से घटकर 0-5प्रतिशत हो गई है। उदाहरण के लिए, 1 लीटर यूएचटी दूध (टेट्रा पैक) अब 77 रुपये से घटकर 75 रुपये का हो गया है।



### डेयरी प्रोडक्ट्स भी हो जाएंगे सस्ते

डेयरी ब्रांड अमूल और मदर डेयरी ने घी, मक्खन, आइसक्रीम, बेकरी प्रोडक्ट्स और फ्रोजन स्नैक्स समेत 700 से अधिक उत्पादों की रिटेल कीमतों में कटौती की घोषणा की है। दोनों ही कंपनियों ने जीएसटी रेट में कटौती का फायदा कंज्यूमर्स को देने का फैसला किया है। अमूल ने मक्खन, घी, यूएचटी दूध, आइसक्रीम, पनीर, चॉकलेट, बेकरी रेंज, फ्रोजन डेयरी और आलू स्नैक्स, कंडेंस्ड मिल्क, मूंगफली स्प्रेड, माल्ट-आधारित पेय आदि जैसे उत्पादों के दाम घटाए हैं। मक्खन (100 ग्राम) का एमआरपी 62 से घटाकर 58 कर दिया गया है। घी की कीमतें 40 घटाकर 610 प्रति लीटर कर दी गई हैं। मदर डेयरी की आइसक्रीम और सफल प्रोसेस्ड फूड आइटम्स भी सस्ते हो गए हैं। चोको वनीला कोन और केसर पिस्ता कुल्फी जैसी आइसक्रीम 5-10 रुपये सस्ती हो गई हैं, जबकि फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज, आलू टिक्की और पैकेज्ड नारियल पानी जैसे सफल प्रोडक्ट्स की कीमतों में 5 रुपये से 15 रुपये तक की कमी आई है। रेल मंत्रालय ने पैकेज्ड पानी रेल नीर के एमआरपी में कटौती की घोषणा की। रेलवे बोर्ड की तरफ से जारी एक सर्कुलर के अनुसार, रेल नीर की एक लीटर की बोतल की कीमत 15 से घटाकर 14 कर दी गई है, जबकि 500 मिलीलीटर की बोतल की कीमत 10 से घटाकर 9 कर दी गई है।

## अमूल ने 700 उत्पादों के दाम घटाए, एक लीटर घी 40 तक सस्ता




**नई दिल्ली , एजेंसी।** अमूल ने 22 सितंबर से हो रही जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने का फैसला किया है। इसके तहत अमूल की मार्केटिंग कंपनी गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने 700 उत्पादों के दाम घटा दिए हैं। नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगीं।

जीएसटी दरों में होने जा रहे बदलाव का असर नजर आने लगा है। इस बीच अमूल की मार्केटिंग कंपनी गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने 700 उत्पादों के दाम घटा दिए हैं। नए मूल्यों के तहत एक लीटर घी की कीमतों में 40 रुपये तक की कटौती की गई है। कंपनी ने कहा है कि नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगीं। मक्खन, घी, यूएचटी दूध, आइसक्रीम, पनीर, चॉकलेट, बेकरी रेंज, फ्रोजन डेयरी और आलू स्नैक्स, कंडेंस्ड मिल्क, पीनट स्प्रेड, माल्ट-बेस्ड ड्रिंक जैसे उत्पादों के मूल्य में संशोधन हुआ है। इससे पहले मदर डेयरी ने भी 22 सितंबर से अपने उत्पादों की कीमतों में कटौती की घोषणा की थी।

## सितंबर के आखिरी सप्ताह इतने दिन रहेंगे बैंक बंद

### ● जल्दी से निपटा लें अपना जरूरी काम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर 2025 के आखिरी सप्ताह में भारत के विभिन्न राज्यों में कई बैंक अवकाश घोषित किए गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अवकाश कैलेंडर 2025 के अनुसार, क्षेत्र-विशिष्ट छुट्टियों और सप्ताहांत बंद के कारण बैंकों की शाखाएं बंद रहेंगी। ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे नकदी जमा, चेक क्लियरेंस, ऋण आवेदन या अन्य शाखा-संबंधी कार्यों की योजना पहले से बना लें, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

22 से 28 सितंबर तक रहेंगे बैंक बंद

सितंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में भारत में कई बैंक अवकाश होंगे, जिसमें 22 सितंबर को जयपुर, राजस्थान में नवरात्रि स्थापना और तेलंगाना में बथुकम्मा पुष्प उत्सव, 23 सितंबर को जम्मू-श्रीनगर में महाराजा हरि सिंह जी की जयंती और हरियाणा में वीर शहीदी दिवस के कारण बैंक बंद रहेंगे, जबकि 27 सितंबर को आरबीआई के नियमों के अनुसार चौथा शनिवार होने और 28 सितंबर को नियमित रविवार की छुट्टी के चलते देशभर में सभी बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। ग्राहकों को सुझाव दिया जाता है कि वे बैंक शाखा में जाने से पहले अवकाश की तारीखों की जांच कर लें। चेक जमा करने, बड़ी मात्रा में नकदी निकालने या ऋण आवेदन जैसे कार्यों के लिए पहले से योजना बनाना जरूरी है, ताकि किसी भी रुकावट से बचा जा सके। हालांकि, छुट्टियों के दौरान भी यूपीआई भुगतान, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहेंगी। धन हस्तांतरण, बिल भुगतान या अन्य आवश्यक लेन-देन बिना किसी परेशानी के पूरे किए जा सकेंगे।

### मोर्चे पर खुदरा निवेशकों पर केंद्रित अपनी पेशकशों को बढ़ाने को भी कहा

## डॉलर-रुपये से आगे अन्य मुद्राओं में भी कारोबार की सुविधा विकसित करे सीसीआईएल : गवर्नर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्होत्रा ने सीसीआईएल से 'फॉरेक्स रिटेल' और 'आरबीआई रिटेल डायरेक्ट' पर अपने उत्पादों और सेवाओं की पेशकशों का निरंतर अन्वेषण और संवर्धन करने का आग्रह किया।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को रुपये का अमेरिकी डॉलर के साथ अन्य मुद्राओं में भी व्यापार एवं निपटान सुविधाजनक बनाने के लिए क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) से बुनियादी ढांचा तैयार करने को कहा। मल्होत्रा ने सीसीआईएल की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक कार्यक्रम में निगम से विदेशी मुद्रा और सरकारी प्रतिभूतियों के मोर्चे पर खुदरा निवेशकों पर केंद्रित अपनी पेशकशों को बढ़ाने को भी कहा। उन्होंने कहा, ''रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण के व्यापक उद्देश्य को देखते हुए सीसीआईएल अमेरिकी डॉलर-रुपये को छोड़कर अन्य मुद्राओं में भी व्यापार और निपटान सेवाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा स्थापित करने की संभावना तलाश सकता है।'' पिछले कुछ वर्षों से रुपये का अंतरराष्ट्रीयकरण एक ठोस नीतिगत एजेंडा रहा है और भारत ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार निपटाने के लिए कुछ देशों के साथ समझौते किए हैं। मल्होत्रा ने सीसीआईएल से 'फॉरेक्स रिटेल' और 'आरबीआई रिटेल डायरेक्ट' पर अपने उत्पादों और सेवाओं की पेशकशों का निरंतर अन्वेषण और संवर्धन करने का आग्रह किया। इससे ग्राहकों को एक सहज अनुभव एवं मजबूत प्रणाली क्षमताएं सुनिश्चित होंगी।

उन्होंने कहा कि सरकारी प्रतिभूतियों के व्यापार मंच पर तीन लाख खुदरा निवेशक सूचीबद्ध हैं। मल्होत्रा ने 2001 में गठित इस निकाय से नवोन्मेष को अपनाने और दक्षता, मापनीयता, प्रदर्शन, सुरक्षा बढ़ाने और लागत कम करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्थिरता, वृद्धि और भरोसा आरबीआई के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

# 1.78 लाख करोड़पति परिवारों के साथ महाराष्ट्र सबसे अमीर राज्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। संपत्ति के मामले में इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद पैसा कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है और शीर्ष 10 राज्यों में सामूहिक रूप से कुल करोड़पति परिवारों का 79 फीसदी से अधिक हिस्सा रहता है।

महाराष्ट ने खुद को देश के अग्रणी धन सृजन केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। यह राज्य 1,78,600 करोड़पति परिवारों के साथ देश में अमीरी में पहले स्थान पर है। राज्य ने 2021 से संपत्ति के मामले में 194 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। यह खुलासा मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 में हुआ है।

इसके मुताबिक, राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि ने और मजबूती दी। अकेले मुंबई में ही 1,42,000 करोड़पति परिवार रहते हैं,जिससे यह भारत की करोड़पति राजधानी बन गई है। पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। संपत्ति के मामले में इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद पैसा कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है और शीर्ष 10 राज्यों में सामूहिक रूप से कुल करोड़पति परिवारों का 79 फीसदी से अधिक हिस्सा रहता है। 1,42,000 करोड़पति परिवार हैं, जबकि दिल्ली (68,200) और बंगलूरू (31,600) उसके बाद आते हैं। ये तीन महानगर भारत की संपत्ति सृजन की सबसे बड़ी ताकत हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद कहते हैं,एक दशक से भी कम वक्त में 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक संपत्ति वाले भारतीय परिवारों की संख्या में 445 फीसदी की भारी वृद्धि हुई है। यह उछाल दिखाता है कि कैसे धन सृजन हमारे समाज के व्यापक आधार तक पहुंच रहा है। उन्होंने इसे समृद्धि का लोकतंत्रीकरण कहा यानी अब ज्यादा लोगों तक अवसर पहुंच रहे हैं,लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि 2017 के केवल पांच फीसदी करोड़पति ही उच्च निवल संपत्ति वाले अति-धनाढ्य बने और महज 0.01॥ अरबपति का दर्जा हासिल कर पाए हैं। इसका मतलब है कि अमीरी फैल रही है, लेकिन यह अभी भी कुछ क्षेत्रों तक सीमित है। भारत के संपत्ति के नक्शे पर 79,800 करोड़पति परिवारों के साथ दिल्ली इस सूची में दूसरे नंबर पर है। 72,600 करोड़पति परिवारों के साथ तमिलनाडु तीसरे, 68,800 करोड़पति परिवारों के साथ कर्नाटक चौथे और 68,300 करोड़पति परिवारों के साथ गुजरात पांचवे स्थान पर है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश 57,700 करोड़पति परिवारों के साथ छठे स्थान पर है,

# ठांय-ठांय की आवाज से दहल उठा इलाका

- 40 से 50 युवकों का था समूह
- दहशत से घरों में दुबके लोग
- 50 से अधिक राउंड फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तुपुदाना।** रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा खटाल मोहल्ला रात में गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा। रात लगभग 9:30 बजे 40-50 युवकों का एक उग्र समूह गाली-गलौज करते हुए मोहल्ले में घुसा और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

हमलावरों ने मोहल्ले में खड़े दोपहिया और चार पहिया वाहनों को निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ की, जिससे दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के दौरान स्थानीय निवासी भयभीत होकर अपने घरों में दुबक गए।

सूचना मिलते ही धुर्वा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के नवनियुक्त सिटी एसपी पारस राणा, हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा, जगन्नाथपुर इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह और धुर्वा इंस्पेक्टर बिमल किंडो सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया। हालांकि, तब तक आरोपित फरार हो चुके थे।

पुलिस ने आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। घटना के बाद मोहल्ले की महिलाएं और स्थानीय लोग धुर्वा थाना पहुंचे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

स्थानीय निवासियों ने थाना में लिखित आवेदन देकर सागर यादव उर्फ कारगिल, शमी सिंह, भीम यादव, करन, यश, हिमांशु, अमन चौहान, मनीष सिंह और विकास यादव को घटना में शामिल बताया है।

बताया जा रहा है कि 50 से अधिक राउंड फायरिंग की गई।

फायरिंग की चपेट में आकर रोशन नामक युवक घायल हो गया, जिसे उंगली में गोली लगी है। उसकी बहन सोनल ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। आवेदन में संगठित अपराधियों के गिरोह द्वारा क्षेत्र में दहशत फैलाने, रंगदारी मांगने और सुनवाई की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। धुर्वा क्षेत्र में इस गिरोह की गतिविधियों से लोग भयभीत हैं।

हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में संगठित अपराध की प्रवृत्ति को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# दुर्गा के नौ स्वरूप हमें जीवन की हर परिस्थिति में सही राह पर चलने एवं चुनौतियों का सामना करने के लिए करते हैं प्रेरित

**दिव्य गुरु आशुतोष जी महाराज**



यूँ तो विश्व भर में अनेकों रूपों में शक्ति की उपासना की जाती है। लेकिन भारत शक्ति उपासना का केन्द्र है। एक मात्र भारत ही ऐसा देश है, जहाँ शक्ति को 'माँ' कहकर पुकारा जाता है। माँ, जो अतुल्य आनंद एवं मातृत्व का स्त्रोत है, जो सदा अक्षुण्ण, अबाध रूप में बहता है।

जिस प्रकार लौकिक माँ अपने बालक के विकास के लिए कभी स्नेह की वर्षा करती है, तो कभी क्रोधित होती है।

ठीक उसी प्रकार माँ भगवती जगदम्बिका भी हम मानवों के कल्याण हेतु विविध रूप धारण कर इस धरा पर अवतीर्ण होती है। इसी का एक प्रमाण नवरात्रों के दिनों में भी देखने को मिलता है, जिसमें माँ दुर्गा की नौ रूपों में पूजा होती है। माँ नवदुर्गा इन नौ स्वरूपों में प्रकट होकर हमें अकूत प्रेरणा देती है व भक्ति के साथ जोड़ती है। कैसे? आइए जानते हैं-

**शैलपुत्री:** नवरात्रों के प्रथम दिन माँ की शैलपुत्री के रूप में पूजा की जाती है। माँ का यह रूप 'भक्ति में दृढ़ता' का प्रतीक है। क्योंकि 'शैल' माने 'पर्वत' अर्थात जो पर्वत जैसी दृढ़ है, वही शैलपुत्री है।

**ब्रह्मचारिणी:** इस रूप की पूजा नवरात्रों के दूसरे दिन की जाती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात जो ब्रह्म में स्थित होकर आचरण करती है, मन के गुलाम बनकर वासनाओं के अधीन नहीं, इसलिए ब्रह्म का साक्षात्कार करना परमावश्यक है। एक तत्ववेत्ता ब्रह्मनिष्ठ सद् गुरु ही हमें दिव्य चक्षु प्रदान कर उस प्रकाश स्वरूप परम सत्ता को हमारे भीतर दिखा सकते हैं। जब ऐसा ब्रह्मज्ञान गुरु कृपा से हमें मिलता है, तभी हम ब्रह्म में स्थित होकर आचरण कर पाते हैं।

**चन्द्रघण्टा:** माँ के चंद्रघण्टा स्वरूप में दस भुजाएँ हैं, जो पांच कर्म-इन्द्रियों, पांच ज्ञानेन्द्रियों की प्रतीक हैं। इसलिए माँ भगवती कहती हैं कि मुमुक्षुओं को देह बन्धन से मुक्ति के लिए मेरे निष्कल, सूक्ष्म, वाणी से परे, अत्यंत निर्मल, निर्गुण, परम ज्योति, इंद्रियातीत स्वरूप का ध्यान करना चाहिए (जो ब्रह्मज्ञान द्वारा ही अंतर्जगत में प्रकट होता है)।

**कूष्माण्डा:** किसी भी बीज व अण्डे में से ऊर्जा को निकाल कर ग्रहण करती है, उसे 'कूष्माण्डा' कहा जाता है। इस प्रकार माँ यही प्रेरणा देती है कि तुम भी ज्ञानस्वरूप स्कन्द को अपना सेनापति बनाकर जीवन-युद्ध जीत जाओ।

**कात्यायनी:** माँ के इस रूप की पूजा छठे नवरात्रे में होती है। इसी रूप में माँ ने महिषासुर का मर्दन कर पृथ्वी-वासियों को अभय दान दिया था। जब-जब हमारे भीतर हिंसा, निकृष्टता व पाप का बोलबाला होता है, तो माँ के प्रकटीकरण की परमावश्यकता होती है। माँ हम सभी के अन्दर चेतना स्वरूप में विद्यमान है और ब्रह्मज्ञान द्वारा अपनी इस सुप्त चेतना को जागृत कर लेने से हम भी दुर्गुणों रूपी महिष का नाश कर सकते हैं। यही माँ कात्यायनी की प्रेरणा है।

**कालरात्रि:** सातवें दिन इनकी पूजा होती है। माँ कालरात्रि का वर्ण काला है। उनके साथ काल का घनिष्ठ संबंध है। वास्तव में, काल क्या है? जो सब पदार्थों का विनाश करता है, वही काल है। जो कालरूप जगत का आधार है- 'कालो ही जगदाधारः अनेक लोग माँ को प्रसन्न करने के लिए भैंसे व बकरे की बलि चढ़ाते हैं। माँ कभी भी अपने भक्तों से इस प्रकार की बलि नहीं चाहती। अपितु हमारे शास्त्रों में विकार रूपी पशुओं की बलि देने को कहा गया है।

**महागौरी:** महागौरी माँ का आठवें नवरात्रे में पूजन होता है। इस रूप में माँ का वाहन वृषभ है, जिसका भाव धर्म होता है। माँ इस रूप में हमें समझाती हैं कि हमारे जीवन में धर्म की परमावश्यकता है। धर्म 'धृ' धातु से उद्धृत है, जिसका अर्थ है- धारण करना। उस परमसत्ता को जानना है।

# सीसीएल की जमीन पर कब्जा करने की मची है होड़

## प्रशासन का खौफ नहीं, प्रबंधन है बेखबर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरकाकाना (रामगढ़)।** बरकाकाना में सीसीएल प्रबंधन अब तक क्वार्टरों से अवैध कब्जा खाली नहीं करा सकी है, जबकि दूसरे तरफ जमीन कब्जे की होड़ शुरू हो गई है। सड़क किनारे फ्लाई एश (छाई) गिराकर जमीन तैयार की जा रही है और कब्जा किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है यह सब केंद्रीय कर्मशाला प्रबंधन और सुरक्षा विभाग के नाक के नीचे हो रहा है। इससे बड़े पैमाने पर मिलीभगत और बंदरबांट की संभावनाएं जताई जा रही है। रामगढ़-पतरातू मेन रोड पर डेली मार्केट में नगर परिषद ने सब्जी विक्रेताओं को जगह दी थी, लेकिन अब डेली मार्केट का अवैध रूप से विस्तार दिख रहा है। बीते साल सुरक्षा विभाग में इक्का-दुक्का दुकानों का बांस बल्ली गिराया था। इसके बाद नाटकीय ढंग से सब कुछ मैनेज हो गया और दुकानें खड़ी हो गई है। जमीन कब्जे की होड़ में वन विभाग के द्वारा लगाए गए पौधों को भी नष्ट कर दिया गया है।

वहीं सड़क के अगल-बगल दुकान खड़ी होने से यातायात व्यवस्था भी असुरक्षित हो रही है। अतिक्रमण और अवैध कब्जे के जंजाल में फंसी सीसीएल की नींद अब भी नहीं खुल सकी है।



मिलीभगत और बंदरबांट से क्वार्टर पर अवैध कब्जा और जमीन कब्जाने की मची होड़ आने वाले समय में निश्चित रूप से अराजकता का माहौल तैयार कर लेगी। इससे विधि व्यवस्था को बड़ी चुनौती भी मिल सकती है। बताते चले कि सीसीएल क्वार्टरों से कब्जा खाली करने के लिए प्रबंधन ने तीन बार अल्टीमेटम जारी किया था, बावजूद इसके अब तक कब्जा नहीं हटाया जा सकता है। दूसरी तरफ अवैध कब्जे की जानकारी प्रबंधन और सुरक्षा विभाग को भली भांति है, जिससे उनकी कार्यशैली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। वही यही अतिक्रमणकारियों कल हटाए जाने पर पुनर्वास और मुआवजे की मांग करेंगे और कहेंगे कि चार पुश्तों से यही बसे हुए हैं।

# भरकट्टा दुर्गा मंडप में नवरात्रि में हर दिन दी जाती है बलि

## नवमी के दिन कटते हैं सैकड़ों बकरे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिरनी। गिरिडीह मुख्यालय से 40 किलोमीटर व बिरनी प्रखंड मुख्यालय से 18 किलो मीटर दूरी पर कोडरमा-भरकट्टा- कोवाड़ मुख्य मार्ग पर भरकट्टा दुर्गा मंडप अवस्थित है।

यहां के राजा ठाकुर प्रीत नारायण सिंह ने अपनी प्रजा की सुविधा के लिए वर्ष 1900 में शारदीय मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा शुरू करवाई थी। तब से यहां नवरात्री पूजा के प्रथम दिन से लेकर विसर्जन तक प्रतिदिन बकरे की बलि दी जाती है।

उस समय राजा ठाकुर प्रीत नारायण सिंह ने छोटा सा मिट्टी का दुर्गा मंडप बनवाया था। प्रतिमा की पूजा के साथ भव्य मेला भी शुरू किया गया। उनके निधन होने के बाद ठाकुर तुलसी नारायण सिंह, फिर तुलसी नारायण सिंह के स्वर्गवास होने के बाद पीतांबर नारायण सिंह ने मंडप को और विकसित किया।

अब उनके वंशज मुखिया राजकुमार नारायण सिंह व उनके सभी भाइयों मिलकर मंडप भव्य रूप दे दिया है। मां दुर्गा के दर्शन व पूजा के लिए काफी दूर दराज से भक्त आते है। इस दुर्गा मंडप की महिमा काफी दूर तक फैली हुई है।

बताया गया कि कलश स्थापना से ही मां दुर्गा के पास विसर्जन तक प्रति दिन बकरे की बलि दी जाती है। नवमी के दिन दुर्गा मंडप में सैकड़ों बकरे की बलि पड़ती है।

भक्तों की सुविधा के लिए मुखिया राजकुमार नारायण सिंह व फौदार नारायण सिंह लाइट की व्यवस्था करते हैं।

पूजा अर्चना में ग्रामीण भी राशि का सहयोग करते है। मुखिया राजकुमार का कहना है कि ग्रामीणों से जो भी सहयोग मिलता है, उसके बाद अपना निजी राशि खर्च कर पूजा व मेला को अंतिम रूप देते हैं।

शांति व्यवस्था के लिए पुलिस जवान के साथ साथ ग्रामीण भी तैनात रहते है।

पूजा करने व मेला देखने के लिए डुमरी व मुफसिल थाना समेत बिरनी थाना से सीमा से सटे गांव लेदा बाघमारा, सिमरिया, कुरुमडीहा, सारको, लुरुनगो, लुकैया, नागबाद,नारो-भंडारो आदि स्थानों से लोग परिवार के साथ पहुंचते हैं।

यहां दुर्गा पूजा की तैयारी एक माह पूर्व से शुरू हो जाती है। मुखिया राजकुमार, फौदार नारायण सिंह, बलराम सिंह, चंद्रमणि नारायण सिंह,कुंदन नारायण सिंह,कुंजन नारायण सिंह, भागवत नारायण सिंह व ग्रामीण शुय से लगे रहते हैं। आश्विन माह पड़ते ही मूर्तिकार प्रतिमा बनाना शुरू कर देते हैं।

# 36 किलो चांदी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल में 'आपरेशन सतर्क' के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। शनिवार को धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर आरपीएफ की टास्क टीम ने दो लोगों को 36.843 किलोग्राम चांदी के आभूषणों के साथ पकड़ा है। इन आभूषणों का अनुमानित मूल्य लगभग 49,73,805 रुपये है।

बताया जा रहा है कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट धनबाद की टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों के पास दो काले रंग के पिट्ठू बैग और दो काले रंग के हैंड बैग में कुल 10 पैकेट के साथ जिनमें चांदी की धातु से बने मछली के आकार के आभूषण थे। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान शिवेश ठाकुर (31) और राकेश ठाकुर (42) के रूप में हुई है।

पूछताछ में पता चला कि वे ये आभूषण बिहार के बांका जिले के मानिया से लाए थे। वे सड़क मार्ग से जसीडीह पहुंचे जहां से उन्होंने ट्रेन संख्या 18604 में धनबाद के लिए जनरल टिकट लिया।

उनका अगला कदम धनबाद से ट्रेन नंबर 13009 से लखनऊ जाना था और फिर मथुरा और मेरठ जाकर इन आभूषणों को बेचना था। उनका मकसद सराफा चौक मथुरा में स्थित अग्रवाल आनार्मेंट्स के मालिक अमित अग्रवाल और मेरठ में मायाराम दुकान के मालिक अंकित को ये आभूषण बेचकर मुनाफा कमाना था। हालांकि, पूछताछ के बाद दोनों लोगों ने इन आभूषणों के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके बाद आरपीएफ ने दोनों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्यकर सहायक आयुक्त अन्वेषण ब्यूरो, वाणिज्य कर विभाग धनबाद को सौंप दिया गया। इस सफल अभियान में उप-निरीक्षक पालिक मिंज और अन्य आरपीएफ कर्मियों की टीम शामिल थी।


# धमकी भरे पर्चे से इलाके में खौफ का माहौल

## कोयला लदे दो हाइवा को निशाना बनाकर चलायी थी गोलियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। चतरा जिले के एनटीपीसी तांडव थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलवारी इलाके में शनिवार देर रात नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर पूरे इलाके में आतंक का माहौल पैदा कर दिया। अपराधियों ने सड़क पर गुजर रहे कोयला लदे दो हाइवा को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। गोलीबारी इतनी तेज थी कि एक हाइवा के केबिन पर कई जगह गोलियों के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। हालांकि, वाहन चालक किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा।

फायरिंग के बाद अपराधी घटनास्थल से फरार हो गए, लेकिन उन्होंने जाते-जाते अमन साहू गैंग के नाम से एक धमकी भरा पर्चा फेंक दिया। पर्चे में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि बिना मैनेजमेंट से समझौता किए कोई भी कारोबारी या वाहन संचालक काम नहीं कर पाएगा और आदेश न मानने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इस पर्चे के सामने आने से पूरे इलाके में खौफ का माहौल फैल गया।




घटना के बाद स्थानीय लोग दहशत में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अपराधियों के बढ़ते मनोबल से उनकी सुरक्षा पर हमेशा खतरा मंडराता है। विशेषकर कोयला परिवहन और ठेका कार्य में लगे कारोबारी व वाहन चालक अक्सर निशाने पर रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसी घटनाओं को रोकने की मांग की है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से गोलियों के खोखे बरामद किए हैं। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर संदिग्धों की तलाश तेज कर दी गई है। चतरा पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनकी जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# भाजपा ने लगाया मंत्री पर टेंडर घोटाले का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने स्वास्थ्य विभाग में निकले 11 टेंडर समुदाय विशेष के एक ही परिवार को दिए जाने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने रविवार को कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के संरक्षण में यह टेंडर घोटाला हुआ है, जिसमें तुष्टीकरण की कोशिश भी शामिल है।उन्होंने कहा कि टेंडर देने में धर्म के नाम पर पक्षपात किया गया है। अजय साह ने बताया कि रांची, दुमका, जामताड़ा, सरायकेला, बोकारो और देवघर जैसे जिलों में स्वास्थ्य विभाग के पिछले एक साल में जारी 11 में से सभी टेंडर रांची के एक ही मुस्लिम परिवार की कंपनियों को दिए गए।

उन्होंने दावा किया कि इस परिवार ने तीन अलग-अलग कंपनियां, हिन्द इंफ्राटेक,भारत सप्लायर्स और ग्लोबल सप्लायर्स एक ही पते पर रजिस्टर्ड हैं और सभी टेंडर इन्हीं के नाम कर दिए गए। चौंकाने वाली बात यह है कि इन तीन में से दो कंपनियों में एक ही व्यक्ति डायरेक्टर के रूप में दर्ज है।अजय ने कहा कि जेम पोर्टल के क्लाज- 29 के तहत यदि कोई व्यक्ति अलग-अलग कंपनी बनाकर टेंडर भरता है तो उसकी सभी कंपनी तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित कर दी जानी चाहिए और उनकी दावेदारी रद हो जानी चाहिए, लेकिन यहां इन कंपनियों को न सिर्फ योग्य घोषित किया गया बल्कि वर्क आर्डर देकर भुगतान तक कर दिया गया। यह एक सुनियोजित लूट है।इस पूरे घोटाले से साफ झलकता है कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के संरक्षण में स्वास्थ्य विभाग लूट खसोट का अड्डा बन गया है। भारतीय जनता पार्टी ने सभी टेंडर को रद कर मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा के आरोपों पर जोरदार पलटवार किया है। राकेश सिन्हा ने कहा कि जिस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष रक्षा सौदे में दलाली खाने का दोषी और सजायाफ्ता हो, उस पार्टी के प्रवक्ता को भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने का हक नहीं है। भाजपा के पास मुद्दों का दिवालियापन स्पष्ट नजर आ रहा है, इसलिए वे अब आधी-अधूरी और झूठी कहानियों के सहारे जनता को गुमराह कर रहे हैं।सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी अल्पसंख्यक समाज से आते हैं, इसलिए भाजपा उन्हें जानबूझकर टारगेट कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि मंत्री ने शिकायत प्राप्त होते ही विभागीय जांच शुरू करवाई और साफ कर दिया कि दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# सम्मान की खातिर घर जमाई ने ही की थी सास व पत्नी की हत्या

## पत्नी की चरित्र पर भी करता था संदेह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के आमचुआं गांव में शुक्रवार की शाम पत्नी 19 वर्षीय सोना मुर्मू और उसकी नानी 70 साल की सोना बास्की की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने दामाद राजू सोरेन को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।राजू ने पत्नी व ननिया सास की इसलिए हत्या की थी कि दोनों उसे सम्मान नहीं देती थी। उससे नौकर जैसा काम कराने के लिए दबाव डालती थी। राजू भी पत्नी के चरित्र पर शक करता था।

पत्नी के इसी व्यवहार से आहत होकर उसने पहले पत्नी की जान ली और विरोध करने पर ननिया सास को मार डाला। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खूंटा और आरोपित की खून लगी टी शर्ट भी जब्त की है।

रविवार को आवासीय कार्यालय में दोहरे हत्याकांड की जानकारी देते हुए एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि सोना बास्की की बड़ी बेटी का पति भी घर जमाई था।

डेढ़ साल पहले सोना मुर्मू की शादी काठीकुंड के जलुवाडुबा गांव के राजू सोरेन के साथ की थी। राजू से बेटी हुई। बेटा नहीं होने की वजह से राजू भी घर जमाई के रूप में रहने लगा। सास और पत्नी उससे घर का काम कराने के लिए दबाव डालती थी।

हर काम के लिए टोका जाता था। इससे राजू के मन में आक्रोश आ गया और उसने दोनों की हत्या कर दी। मौके पर एसडीपीओ विजय महतो, प्रशिक्षु डीएसपी आकाश भारद्धाज व शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी अमित लाकड़ा मौजूद थे।

एसपी ने बताया कि राजू घर जमाई था, उसे घर के सारे कार्य और खेती का भार दे दिया गया। एक प्रकार से उससे नौकर जैसा व्यवहार किया जाने लगा। दोनों उसे हर काम के लिए ताने देती थी। राजू अपने को घर जमाई कम और दामाद ज्यादा समझता था। काम से इंकार करने पर पत्नी डांट देती थी। घर में किसी तरह की कद्र नहीं होने की वजह से उसने पत्नी की हत्या करने की ठान ली। शुक्रवार की शाम गांव में फुटबाल मैच देखने के बाद शाम सात बजे घर आया तो पत्नी से कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर मवेशी बांधने वाले खूंटा से पहले पत्नी पर हमला कर मार दिया, जब सास बचाने आई तो उसे भी मार डाला। हत्या के बाद घर में नहाया और सरसडंगाल की ओर भाग गया।

एसपी ने बताया कि राजू को अपनी पत्नी के चाल चलन पर शक था। अक्सर पत्नी छह माह की बेटी को छोड़कर गांव में चली जाती थी। तालाब पर नहाने के लिए घंटों लगा देती थी।

पति को घर में छोड़कर कहीं भी निकल जाती थी। उसकी इन हरकत से राजू के मन में बात घर कर गई कि पत्नी उसकी जगह गांव के दूसरे लोगों को ज्यादा मानती हैं। उसके मन में पति की कोई कद्र नहीं है।

पुलिस को जब हत्याकांड की जानकारी मिली तो वह सीधे घटनास्थल पर पहुंची। घर में केवल पत्नी, सास के अलावा राजू ही था। सोना मुर्मू के माता पिता दूसरे गांव गए हुए थे। जब पुलिस ने राजू से पूछताछ की तो वह अकबका गया। उसके बयान में लगातार विरोधाभास दिखा। इसी के आधार पर पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या की बात स्वीकार ली। उसकी निशानदेही पर खून लगा खूंटा और टी शर्ट बरामद की गई।

## भारी बारिश का अलर्ट

**रांची।** झारखंड में 26 सितंबर तक भारी बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में एक ताजा निम्न दबाव क्षेत्र बनने से यह स्थिति बनी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम सहित कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने कहा कि इस अवधि के दौरान राज्य में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हो सकती है।विभाग ने बताया कि अगले तीन दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी।

रविवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में गिरिडीह जिले के पलगंज में राज्य में सबसे अधिक 70 मिमी बारिश हुई। इसके बाद नंदादीह में 65.6 मिमी और कोनर में 54.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। जमशेदपुर में राज्य का सबसे अधिक तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में सबसे कम 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पृष्ठ 1 का शेष

## जीएसटी सुधारों को...

इनकम को टैक्स मुक्त कर उपहार दिया और जब 12 लाख तक वेतन पर टैक्स शून्य हो जाए तो मध्यमवर्ग को तो काफी सुविधा हो जाती है। अब गरीब की बारी है। नियो मिडिल क्लास की बारी है। अब इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से देश के नागरिकों के लिए अपने सपने पूरे करना और आसान होगा। घर बनाना, स्कूटर-कार खरीदना हो, इन सब पर अब कम खर्च करना होगा। अब आपका घूमना भी सस्ता होगा क्योंकि होटल के कमरों पर भी जीएसटी कम कर दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन जीएसटी सुधार को लेकर उत्साह में है। वे इसके फायदों को ग्राहकों को पहुंचाने में जुटे हैं। हम नागरिक देवो भवः के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अगर हम इनकम टैक्स और जीएसटी में छूट को जोड़ दें तो एक साल में जो निर्णय हुए हैं उससे देश के लोगों को 2.5 लाख करोड़ से ज्यादा की बचत होगी। इसलिए यह बचत उत्सव बन रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हमें आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। जो देश के लोगों की जरूरत है जो हम देश में बना सकते हैं, वो हमे देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसएमई, हमारे लघु, कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा। उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा। यानी उनको भी डबल फायदा होगा। इसलिए आज मेरी एमएसएमई से, चाहे लघु हों या सूक्ष्म या कुटीर, आप सबसे बहुत अपेक्षाएं हैं। आपको भी पता है कि जब भारत समृद्धि के शिखर पर था तब अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हमारे लघु-कुटीर उद्योग थे। भारत की मैन्युफैक्चरिंग और क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है जो हमारे उद्योग बनाएं वो दुनिया में उत्तम से उत्तम हों। जो हम बनाएं वो दुनिया में बेस्ट के पैरामीटर को पार करने वाला हो। हमारे उत्पाद दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाएं। राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जाने-अनजाने में हमारी रोजमर्रा की जिदगी में बहुत सी विदेशी चीजें जुड़ गई हैं। हमारी जेब में कंघी देशी है कि विदेशी है, हमें पता ही नहीं। अब हमें इससे मुक्ति पानी होगी। हमें वो चीजें खरीदनी होंगी जो भारत में बनी हो, जिसमें हमारे देश के बेटे-बेटियों का पसीना हो, हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी सामान की बिक्री भी करता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए। जब ये होगा तो भारत तेजी से विकसित होगा। मेरा आज सभी राज्य सरकारों से भी आग्रह है कि आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान के साथ, स्वदेशी के इस अभियान के साथ अपने राज्यों में उत्पादन को गति दें। पूरी ऊर्जा और उत्साह से। निवेश के लिए माहौल बनाएं, जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढेंगे तो विकसित भारत का सपना पूरा होगा। इसी के साथ मैं इस बचत उत्सव की अनेक शुभकामनाएं देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

# पीकेएल-12: अंतिम रेड पर नीरज को लपक पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली केसी का विजय रथ रोका



**जयपुर, एजेंसी।** दबंग दिल्ली केसी का लगातार छह मैचों से चला आ रहा विजय रथ आखिरकार रुक गया है। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में शनिवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के 43वें मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने अंतिम रेड में नीरज नरवाल को लपक 33-30 के अंतर से मैच जीत लिया। दिल्ली को पहली हार मिली जबकि पटना को सात मैचों में दूसरी जीत मिली। एक समय 12 अंक से पीछे चल रही पटना की जीत में अंकित (12) का अहम योगदान रहा। उन्होंने मैच में पटना की वापसी कराई और फिर स्कोर बराबर भी किया। दिल्ली के लिए आशू मलिक ने 6 अंक लिए जबकि नीरज नरवाल ने 8 अंक जुटाए। पटना के लिए कप्तान अंकित ने डिफेंस में 6 अंक जुटाए। दिल्ली ने अच्छी शुरुआत करते हुए तीन मिनट में ही 4-1 की लीड बना ली थी लेकिन सुधाकर ने फजल का शिकार कर फासला दो का कर दिया। फिर अजिंक्य को लपक अंकित ने स्कोर 3-4 कर दिया। सौरव ने मिलन को लपका तो अयान ने डिफेंस में हाथ साफ करते हुए नीरज का शिकार कर स्कोर 4-6 कर दिया। इस बीच दिल्ली ने अयान को लपका और फिर अजिंक्य ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 8-4 कर दिया। ब्रेक के बाद सुधाकर ने एक अंक लिया तो नीरज ने दिल्ली को दो अंक दिला दिए। संदीप और सुरजीत ने हालांकि अगली रेड पर सुधाकर को लपक लिया लेकिन अंकित ने अजिंक्य का शिकार कर स्कोर 6-11 किया। फिर सुरजी ने अकेले दम पर मिलन को लपक लीड फिर दोगुना कर दी। इस बीच आशू ने दो अंक लेकर पटना को दो खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया।

अगली रेड पर नीरज ने हालांकि उन्हें रिवाइव करा लिया। फिर नीरज ने ही पटना को आलआउट की ओर धकेला और फिर सुरजीत ने हाफटाइम से ठीक पहले आलआउट लेते हुए दिल्ली को 19-10 की लीड दिला दी। ब्रेक के बाद दिल्ली ने लगातार दो अंक लेकर पकड़ मजबूत की। इस बीच सौरव ने अयान को लपक स्कोर 22-11 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर सौरव का शिकार कर लिया लेकिन अजिंक्य ने मिलन को आउट कर हिसाब बराबर किया। दिल्ली का डिफेंस अयान को नहीं चलने दे रहा था लेकिन डिफेंस ने हाथ खोल दिए थे। नवदीप ने अजिंक्य को लपक लिया। पिछली रेड पर नीरज को आउट करने वाले अंकित ने अगली दो रेड पर सुरजीत और फजल को आउट कर स्कोर 16-25 कर दिया। फिर डिफेंस ने नीरज को लपक दिल्ली को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। अंकित ने इसके बाद डू ओर डाई रेड पर संदीप का शिकार कर दिल्ली को आलआउट की ओर धकेला।

अंकित ने अगली रेड पर दो शिकार के साथ दिल्ली को आलआउट कर स्कोर 22-26 कर दिया। आलइन के बाद आशू ने नवदीप को बाहर किया। इस बीच अंकित ने बोनस लिया और फिर आशू ने दो अंक की रेड क साथ स्कोर 29-23 कर दिया। फिर अंकित के बोनस के बाद पटना के डिफेंस ने अजिंक्य को लपक फासला 5 का कर दिया। फिर अंकित ने सौरव का शिकार कर सुपर-10 पूरा किया। अगली रेड पर हालांकि वह लपक लिए गए। फिर अयान ने एक अंक लेकर फासला 3 का कर दिया। इसके बाद पटना के डिफेंस ने आशू को लपक फासला 2 कर दिया, जिसे अंकित ने 1 कर दिया। दिल्ली की अंतिम रेड पर नीरज ने वाकलाइन पार किया और फिर अंकित ने एक लेकर स्कोर टाई कर दिया। एक सेकेंड बचा था और दिल्ली के लिए अंतिम खिलाड़ी के तौर पर नीरज रेड पर गए और लपक लिए गए। इस तरह पटना ने दिल्ली की जीत का सिलसिला तोड़ दिया।

## कौन हैं मिथुन मनहास? जम्मू-कश्मीर के इस पूर्व खिलाड़ी को मिल सकती है BCCI अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**मुंबई, एजेंसी।** 45 वर्षीय मिथुन मनहास का क्रिकेट करियर लंबा और सफल रहा है। उन्होंने 1997/98 सीजन में दिल्ली से अपने करियर की शुरुआत की। हालांकि, भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिल सकी। बीसीसीआई के नए अध्यक्ष के नाम पर से जल्द पर्दा उठ सकता है। दिल्ली से खेलने वाले जम्मू-कश्मीर के पूर्व बल्लेबाज मिथुन मनहास बीसीसीआई के नए अध्यक्ष बन सकते हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में हुई बीसीसीआई की बैठक में मनहास सबसे मजबूत उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 21 सितंबर तय है, जबकि चुनाव 28 सितंबर को होंगे।

### घरेलू क्रिकेट के स्टार रहे मनहास

- 45 वर्षीय मिथुन मनहास का क्रिकेट करियर लंबा और सफल रहा है। उन्होंने 1997/98 सीजन में दिल्ली से अपने करियर की शुरुआत की। हालांकि, भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिल सकी क्योंकि उस दौर में सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गज बल्लेबाज टीम का हिस्सा थे।
- इसके बावजूद, मनहास घरेलू क्रिकेट में बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित हुए। उन्होंने दिल्ली रणजी टीम की कप्तानी भी की और शुरुआती दिनों में विराट कोहली ने उनके नेतृत्व में खेला। 2007-08 रणजी सीजन में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 921 रन बनाए और उनका औसत 57.56 का रहा। उसी सीजन में दिल्ली ने खिताब जीता था।
- 2015 में मनहास अपने गृहनगर जम्मू-कश्मीर लौट आए। उनके फर्स्ट क्लास करियर में 157 मैच, 9714 रन, और 27 शतक शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने 130 लिस्ट ए मैचों में 4126 रन और 91 टी20 मैचों में 1170 रन बनाए।
- मिथुन मनहास को 2008 में पहले आईपीएल सीजन में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) ने खरीदा था। वे 2010 तक टीम का हिस्सा रहे। इसके बाद उन्होंने पुणे वॉरियर्स इंडिया और 2014 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी खेला। आईपीएल में मनहास ने कुल 55 मैच खेले और 514 रन बनाए। उनका औसत 22.34 का रहा। मनहास का स्ट्राइक रेट 109.36 का रहा।

## अश्विन ने की पीसीबी की आलोचना

### ● कहा- अगर मैं एंडी पाइक्रॉफ्ट होता, तो आप मुझसे माफी मांगते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इन दिनों गलत कारणों से चर्चा में है। मौजूदा टी20 एशिया कप 2025 में



पीसीबी ने भारत द्वारा हाथ मिलाने की अनदेखी पर नाराजगी जताई और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट पर अपना गुस्सा निकाला। यूएई मैच से पहले पाइक्रॉफ्ट की पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से मुलाकात की रिकॉर्डिंग को लेकर जहां पीसीबी मुश्किल में है, वहीं पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बेवजह के ड्रामे के लिए बोर्ड की आलोचना की। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, एंडी पाइक्रॉफ्ट ने वाकई सबको ऐसा घटिया तमाशा देखने से बचा लिया। उन्होंने आगे कहा, भारत ने मैच रेफरी को पहले ही बता दिया था, यह हमारा फैसला है और हम इसका पालन करेंगे। बस। इतने सारे ड्रामे के बाद आप मैच हार गए। तो आप किस बात की शिकायत कर रहे हैं? आप इसलिए नहीं हारे क्योंकि हमने हाथ नहीं मिलाया। कृपया जाकर पता लगाएं कि आप असल में क्या सुधार कर सकते हैं।

# स्मृति मंधाना ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड



## वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाली भारतीय बनीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में 50 गेंदों में शतक पूरा कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में 50 गेंदों में शतक पूरा कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली भारतीय बन गईं। इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। दरअसल, कोहली ने 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 52 गेंदों में शतक लगाया था और एक दशक से ज्यादा समय तक यह रिकॉर्ड उनके ही नाम था।

### मंधाना ने करेन रोल्टन को पीछे छोड़ा

महज 50 गेंदों में शतक जड़कर मंधाना महिला वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज करेन रोल्टन के 2000-01 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए गए 57 गेंद में बनाए गए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग 2012-13 सत्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ 45 गेंद में शतक बनाया जिससे वह सबसे तेज शतक बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं।

### मंधाना ने मचाया धमाल

मंधाना ने शतकीय पारी में 14 चौके और चार छक्के जड़े थे और यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक भी है। इस तरह बाएं हाथ की 29 साल की बल्लेबाज ने अपना ही 70 गेंद में शतक बनाने का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। मंधाना एक ही साल में चार वनडे शतक बनाने वाली पहली महिला बल्लेबाज भी हैं और उन्होंने यह उपलब्धि 2024 में हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया की टैमी ब्यूमोंट के बाद वह महिला वनडे में लगातार दो शतक बनाने वाली दूसरी बल्लेबाज भी बन गई हैं। न्यूजीलैंड की एमी सैटर्थवेट ने 2016-2017 में लगातार चार शतक लगाकर महिला वनडे में सबसे ज्यादा लगातार शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया था।

### विश्व कप 2025 के लिए बॉलीवुड सुपरस्टार

## अक्षय कुमार ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम का किया समर्थन

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के समर्थन में देश को एकजुट करने के लिए आवाज उठाई है और प्रशंसकों से महिला क्रिकेट के लिए भी वैसा ही जुनून और समर्थन दिखाने का आग्रह किया है जैसा वे पुरुष क्रिकेट के लिए दिखाते हैं।

इस साल महिलाओं के प्रमुख टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता, जियोहॉटस्टार द्वारा जारी एक वीडियो में अक्षय कुमार ने अपनी भावनाएं



व्यक्त कीं। महिला क्रिकेट टीम का समर्थन करने के महत्व पर बात करते हुए अक्षय कुमार ने 2017 विश्व कप फाइनल देखने के अपने अनुभव को याद किया और अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, ÷मुझे 2017 विश्व कप फाइनल आज भी याद है। मैं स्कॉटलैंड से ट्रेन पकड़कर फाइनल देखने स्टेडियम गया था। मैंने हमारी महिला क्रिकेट टीम का जुनून देखा। मैं क्यों गया था? क्योंकि तभी मुझे समझ आया कि क्रिकेट में कोई लिंग भेद नहीं होता। बस एक जर्सी, एक जुनून और एक टीम होती है। टीम इंडिया। उन्होंने कहा, हम आमतौर पर पुरुष टीम का उत्साहवर्धन करते हैं। लेकिन असली समर्थन तब मिलेगा जब हम अपनी महिला टीम का भी उतना ही उत्साहवर्धन करेंगे, जितना हम पुरुष टीम का करते हैं। असली प्रशंसक वह है जो हर खिलाड़ी के साथ खड़ा हो, चाहे वह पुरुष हो या महिला। यही असली नीले रंग की निशानी है। जर्सी वही, जज्बा वही। वीडियो में, अक्षय भारतीय उप-कप्तान स्मृति मंधाना की 18 नंबर की जर्सी पकड़े हुए भी दिखाई दे रहे हैं, जिससे यह बात पुख्ता होती है कि विराट कोहली हों या स्मृति मंधाना, जर्सी एक ही रहती है। भारत, श्रीलंका के साथ मिलकर आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी कर रहा है, जिसका पहला मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में शुरू होगा।

# मेसी का धमाकेदार प्रदर्शन, इस गोल से जीता फैंस का दिल



### इंटर मियामी ने यूनाइटेड को 3-2 से हराया

**मियामी , एजेंसी।** मियामी की जीत और दो गोलों के बाद मेसी के इस सीजन में कुल 22 गोल हो गए हैं, जिससे वे नैशविल एससी के सैम सर्रिज से एक गोल आगे निकल गए हैं और गोल्डन बूट रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। मेजर लीग सॉकर में शनिवार रात खेले गए मुकाबले में लियोनेल मेसी ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी टीम इंटर मियामी को डी.सी. यूनाइटेड के खिलाफ 3-2 से जीत दिलाई। अर्जेंटीनी स्टार ने इस मैच में एक असिस्ट और दो गोल किए।

**मेसी गोल्डन बूट रेस में सबसे आगे** - मियामी की जीत और दो गोलों के बाद मेसी के इस सीजन में कुल 22 गोल हो गए हैं, जिससे वे नैशविल एससी के सैम सर्रिज से एक गोल आगे निकल गए हैं और गोल्डन बूट रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।

- **पहले हाफ में असिस्ट, दूसरे हाफ में दो गोल** - पहले हाफ में मेसी ने 35वें मिनट में तादेओ एलेन्डे के गोल में असिस्ट किया और इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह मेसी का इस सीजन का 12वां असिस्ट था, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा असिस्ट के बराबर है। दूसरे हाफ में डी.सी. यूनाइटेड ने क्रिश्चियन बेंटेके के गोल से स्कोर 1-1 कर दिया, लेकिन मेसी ने 66वें मिनट में शानदार गोल दागकर इंटर मियामी को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद 85वें मिनट में मेसी ने एक और गोल कर टीम की जीत लगभग पक्की कर दी। डी.सी. यूनाइटेड ने इंजरी टाइम में एक गोल जरूर किया, लेकिन स्कोर 3-2 पर ही रहा।

## श्रीलंका के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए नूर और मुजीब को मिले डिमेरिट अंक



**दुबई, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद और मुजीब उर रहमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 का उल्लंघन करने पर एक-एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया। यह घटना गुरुवार को अबु धाबी में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान हुई।

नूर अहमद को आर्टिकल 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जिसका मतलब है अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाना। जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन करने का आरोप लगा, जो क्रिकेट उपकरण, कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स का दुरुपयोग करने से संबंधित है। मुजीब ने मैच के दौरान अपने तौलिये से स्टंप तोड़ दिए थे। नूर ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर में असहमति जताई थी, जब अंपायर ने उनकी एक गेंद को वाइड करार दिया था। मैदान पर मौजूद अंपायर आसिफ याकूब और वीरेंद्र शर्मा, तीसरे अंपायर फैसल अफरीदी और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाए। दोनों खिलाड़ियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए और मैच रेफरी रिची रिचडर्सन द्वारा प्रस्तावित सजा को मान लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

# बांग्लादेश खिलाफ अफगानिस्तान टीम की घोषणा, सीमित ओवर की सीरीज के लिए टीम में हुए 3 बड़े बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश खिलाफ 2 अक्टूबर से यूएई में शुरू होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। टी20 एशिया कप 2025 के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद अफगान चयनकर्ताओं ने तीन बड़े बदलाव किए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी , ऑलराउंडर गुलबदीन नैब और करीम जनत को टीम में जगह नहीं मिली। फारूकी की जगह लंबे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बशीर अहमद को टीम में शामिल किया गया। वह अफगानिस्तान के लिए पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अंडर-19 स्तर पर अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है और पांच लिस्ट ए और 14 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने 38.16 की औसत से 12 टी20 विकेट लिए हैं।




इस सूची में एक और अनकैप्ड खिलाड़ी 18 वर्षीय शीर्ष क्रम बल्लेबाज वफीउल्लाह तरखिल हैं। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी टीम को जूझना पड़ा है और 2026 के टी20 विश्व कप से पहले वे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना चाहेंगे। तरखिल ने 33 टी20 मैच खेले हैं और 28.35 की औसत और 145.95 के स्ट्राइक रेट से 794 रन बनाए हैं। उनके नाम पांच टी20 शतक हैं। अल्लाह गजनफर और रहमत शाह को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। वे वनडे टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

अफगानिस्तान टी20 टीमः राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, वफीउल्लाह तारखिल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, शराफुद्दीन अशरफ, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, बशीर अहमद, फरीद अहमद मलिक, अब्दुल्ला अहमदजई।

**रिजर्वः** एएम गजनफर और रहमत शाह।

अफगानिस्तान वनडे टीमः हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांगेयालिया खारोटे, एएम गजनफर, अब्दुल्ला अहमदजई, बशीर अहमद, मोहम्मद सलीम सफी।

**रिजर्वः** बिलाल सामी और फरीदून दाऊदजई।

# बिहार में 3 नहीं 2 ही चरणों में हो सकते हैं विधानसभा चुनाव

## जानें कब होगा तारीखों का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार की राजनीति में अब चुनावी हलचल तेज हो गई है। चुनाव आयोग अक्टूबर के पहले सप्ताह में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। माना जा रहा है कि यह चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे। यह मुकाबला राज्य की सत्ता पर काबिज एनडीए गठबंधन और विपक्षी इंडिया गठबंधन के बीच होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहां बीस साल से अधिक के शासन के बाद फिर से जनता का भरोसा जीतना चाहेंगे, वहीं विपक्ष बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और वोट चोरी जैसे मुद्दों पर मोर्चा खोल चुका है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी राज्यव्यापी यात्रा में लगातार वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। दूसरी ओर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों पर अभियान चला रहे हैं। इस बार के चुनाव की एक खासियत यह है कि यह बिहार की पहली बड़ी राजनीतिक जंग होगी जो 2023 में नीतीश सरकार द्वारा कराए गए जातीय सर्वेक्षण के बाद लड़ी जा रही है।

जातिगत गणित का नया समीकरण





सर्वेक्षण ने बिहार की सामाजिक संरचना को उजागर कर दिया। इसमें सामने आया कि पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग मिलाकर राज्य की 63% आबादी हैं। इनमें यादव 14% और ईबीसी 36% हैं। अनुसूचित जातियां 19% और सवर्ण लगभग 15% हैं। मुस्लिम समुदाय की हिस्सेदारी 17% है, जिनमें से कई जातियां ओबीसी श्रेणी में आती हैं, लेकिन आमतौर पर वे सामुदायिक आधार पर वोट करते हैं।

इस सर्वेक्षण के बाद नीतीश सरकार ने नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण को 50% से बढ़ाकर 65% किया और इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10% आरक्षण भी बरकरार रखा। हालांकि पटना हाईकोर्ट ने इस फैसले पर रोक लगा दी, लेकिन इस कदम ने नीतीश की ओबीसी नेता वाली छवि को और मजबूत किया।

दिलचस्प यह है कि अप्रैल 2025 में केंद्र सरकार ने भी राष्ट्रीय जाति जनगणना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। भाजपा लंबे समय तक इस मांग से दूर रही थी, लेकिन अब उसने इसे स्वीकार कर विपक्ष के प्रमुख हथियार को कमजोर करने की कोशिश की है। विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम भाजपा को हिंदू एकजुटता की राजनीति और ओबीसी वर्ग में अपनी पकड़, दोनों को साधने का अवसर देगा।

इतिहास गवाह है कि बिहार की राजनीति में जाति हमेशा निर्णायक कारक रही है और इस बार भी हालात अलग नजर नहीं आ रहे हैं। जातिगत आंकड़े और आरक्षण की राजनीति ने लड़ाई को और पैना कर दिया है। एनडीए को विपक्ष की तुलना में कोई खास नुकसान की आशंका नहीं है, बशर्ते वह अपने सवर्ण वोट बैंक को जन सुराज जैसे नए दल से सुरक्षित रख पाए। एनडीए का दांवः नीतीश कुमार अपनी छवि और गठबंधन की ताकत पर भरोसा करेंगे। भाजपा के साथ मिलकर वे विकास और स्थिरता का संदेश देने की कोशिश करेंगे।

# शादी को पहुंचाया नुकसान तो पति की प्रेमिका से पत्नी मांग सकती है हर्जाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया है कि अगर किसी तीसरे व्यक्ति ने जानबूझकर हस्तक्षेप करके शादी को नुकसान पहुंचाया है, तो जीवनसाथी उस प्रेमी/प्रेमिका पर हर्जाने के लिए मुकदमा कर सकता है। यह फैसला तब आया जब कोर्ट ने एक मामले में समन जारी किया, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति की कथित प्रेमिका से एलियनएशन ऑफ अफेक्शन के लिए 4 करोड़ का हर्जाना मांगा है।

एलियनएशन ऑफ अफेक्शन क टॉर्ट है, जिसका अर्थ है सिविल गलती या दीवानी दोष। यह कानून पुरानी एंग्लो-अमेरिकन कॉमन लॉ व्यवस्था से आया है। यह किसी जीवनसाथी को उस तीसरे पक्ष से पैसों का मुआवज़ा मांगने की अनुमति देता है, जिस पर शादी तोड़ने या प्यार और स्नेह को खत्म करने का आरोप है। इन हार्ट बाम टॉर्ट्स (विवाहित जीवन को भावनात्मक नुकसान पहुंचाने वाले कानूनी दावे) को भारत के किसी भी कानून में संहिताबद्ध नहीं किया गया है। जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने अपने आदेश में कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम समेत भारत के वैवाहिक कानून, परिवार अदालत में किसी तीसरे पक्ष के खिलाफ कोई कानूनी उपचार नहीं देते हैं। इसलिए, उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में, गलत हस्तक्षेप से हुए नुकसान के लिए सिविल कोर्ट में मुआवजे का दावा सुना जा सकता है। बंधन में बंधे थे और 2018 में उनके जुड़वां बच्चे हुए। आरोपी प्रेमिका पति की कंपनी में विश्लेषक के रूप में शामिल हुई और यह जानने के बावजूद कि वह शादीशुदा था, उसके साथ घनिष्ठ संबंध बना लिया। 2023 में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक के लिए अर्जी दी, जिसके बाद पत्नी ने इसी साल हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और प्रेमिका से हर्जाना मांगा। जिसे जानबूझकर उससे छीन लिया गया। पति के वकील प्रभजीत जौहर ने कहा कि इस मुकदमे का विरोध करते हुए कहा कि व्यभिचार का मामला पहले से ही फैमिली कोर्ट में विचाराधीन है और सिविल कोर्ट का यह केस तलाक की कार्यवाही के खिलाफ केवल एक जवाबी हमला है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के पार्कों में मिल रहे इंजेक्शन; आप का दिल्ली सरकार पर कौन सा नया आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के एक इलाके में ड्रग्स माफिया के कब्जे का आरोप लगाया है। पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया है कि राजेंद्र नगर विधानसभा में राजेन्द्र नगर विधानसभा के नारायण गांव के तमाम पार्कों में इंजेक्शन मिल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह इंजेक्शन ड्रग्स में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र में नशे का आतंक फैला हुआ है, लेकिन बीजेपी सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा, जहां ये इंजेक्शन मिल रहे हैं वह जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास से 5-7 किलोमीटर की दूरी पर ही है। दुर्गेश पाठक ने कहा, दिल्ली में जबसे बीजेपी के चार इंजन की सरकार आई है तबसे नशे के ख़िलाफ़ कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। पंजाब में आप की सरकार ने नशे के खिलाफ जबरदस्त काम किया है लेकिन दिल्ली में नशे के खिलाफ कोई काम नहीं हो रहा है। देश की राजधानी में नशे का आतंक बढ़ता जा रहा है, लेकिन बीजेपी सरकार कुछ नहीं कर रही है। इसके दो ही कारण हैं, या तो बीजेपी सरकार से कुछ हो नहीं रहा है या तो यह नशा तस्करों के साथ मिले हुए हैं।

### दिल्ली में मर्डर! मामूली विवाद में युवक को चाकुओं से गोद डाला; 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक मामूली विवाद में शख्स की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। शख्स की हत्या के आरोप में तुरंत ऐक्शन लेते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाली और आरोपियों को पहचानने में कामयाब रही। पुलिस ने चार आरोपियों की पहचान की और उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार की रात करीब 8 बजे हुई है। दिल्ली के स्वरूप नगर के लोअर जीटी रोड पर हुई। यहां खड्डा कॉलोनी के रहनेव वाले देवेंद्र पर उसके चार जानने वालों ने हमला कर दिया। चाकू से हुए हमले में देवेंद्र बुरी तरह घायल हो गया। घायल देवेंद्र को इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंचाया। लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही देवेंद्र की मौत हो गई थी। डॉक्टरों ने देवेंद्र की मौत की पुष्टि की। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ली और हमले के दौरान मौजूद लोगों का बयान लिया। बयान लेने के बाद पुलिस ने साइबर टीम का सहारा लेकर आरोपियों के फोन को सर्विलांस पर लगाया और उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने कई जगहों पर छापा मारा। छापे में पुलिस ने रोहित, अविनाश और पवन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया की पवन के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई खून से सनी चाकू बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि इस हमले के दौरान आरोपियों ने जा कपड़े पहने थे, वो भी बरामद कर लिए गए हैं। उनके कपड़े भी खून से सने हुए थे। इस मामले की जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी मजदूर हैं। पुलिस ने कहा कि उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। आउटर दिल्ली के डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने कहा कि घटना के 6 घंटे के अंदर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एच 1बी वीजा मामले को ले पीएममोदी बरसे केजरीवाल, बोले- कुछ तो करो, क्या आपसे कुछ नहीं संभल रहा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की ओर से एच-1बी वीजा आवेदनों पर 100,000 अमेरिकी डॉलर की फीस लगाने के फैसले पर देश में सियासत गरमा गई है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने सीधे पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए हमला बोला है। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री जी, कुछ तो कीजिए। 140 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री आखिर इतना लाचार क्यों है? क्या आप कुछ भी नहीं संभाल सकते?



अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा- प्रधानमंत्री जी, कुछ तो करो। 140 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री आखिर इतना बेबस क्यों है? क्या आपसे कुछ भी संभल नहीं रहा है?

इस बीच सरकार ने शनिवार को कहा कि एच-1बी वीजा आवेदनों पर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का वार्षिक शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले के पूरे निहितार्थों का अध्ययन भारतीय उद्योग सहित सभी संबंधित पक्षों द्वारा किया जा रहा है। इससे परिवारों के लिए मानवीय समस्याएं पैदा होने की संभावना है। भारत उम्मीद करता है कि इन व्यवधानों को अमेरिकी प्राधिकारों की ओर से उपयुक्त तरीके से दूर किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिका के इस फैसले से मानवीय संकट पैदा हो सकते हैं। भारत और अमेरिका दोनों के उद्योगों की इनोवेशन में हिस्सेदारी है। कुशल प्रतिभाओं के आदान-प्रदान से अमेरिका और भारत दोनों ही देशों में तकनीकी विकास, इनोवेशन, आर्थिक विकास की दिशा में बड़ा योगदान हुआ है।

उम्मीद है कि अमेरिकी अधिकारी इस समस्या का उपयुक्त समाधान करेंगे।

# सीट शेयरिंग पर बीजेपी -जेडीयू में डील पक्की, अब चिराग-मांझी से होगी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार की राजनीति में गुरुवार को उस समय नई हलचल मच गई जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। शाह उसी दिन पटना में आयोजित अपने सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पहुंचे थे। दोनों नेताओं के बीच हुई इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हो गई हैं कि यह आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की तैयारियों का हिस्सा है। आपको बता दें कि इस मुलाकात के दौरान बिहार भाजपा के नेताओं के अलावा नीतीश कुमार के दो खास सिपहसालार संजय झा और विजय चौधरी भी इस बैठक में शामिल हुए।



सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर शुरुआती खाका तैयार हो चुका है। अब इसे लेकर लोजपा , हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा जैसे सहयोगी दलों से भी बातचीत चल रही है। गठबंधन के भीतर सभी दलों को संतुलित हिस्सेदारी देने का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, सीट बंटवारे को लेकर अंतिम फैसला नवरात्र के पावन पर्व के दौरान घोषित किया जा सकता है, जिसकी शुरुआत 22 सितंबर से हो रही है। पटना के सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि ह्ष्ठ इस अवसर को शुभ मानते हुए एकजुटता का संदेश जनता तक पहुंचाना चाहता है। यह वही समय होगा जब से आम लोगों को जीएसटी की नई दरों का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। दुर्गा पूजा के बाद कभी भी इसका ऐलन हो सकता है। इस साल छठ के बाद वोटिंग की संभावना है। 2020 के चुनावों में जेडीयू की स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर रही थी, जबकि बीजेपी बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। लेकिन हाल के दिनों में नीतीश कुमार के एनडीए में लौटने के बाद समीकरण फिर बदल गए हैं। बीजेपी नेतृत्व यह सुनिश्चित करना चाहता है कि गठबंधन की एकता बनी रहे और विपक्षी गठबंधन इंडिया को चुनौती दी जा सके। वहीं, नीतीश कुमार भी अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर सतर्क हैं और चाहते हैं कि उन्हें गठबंधन में सम्मानजनक हिस्सेदारी मिले।

# अमेरिका में कॉमेडी शो के दौरान बुजुर्ग को पड़ा दिल का दौरा

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका में एक कॉमेडी शो के दौरान दर्शकों में बैठे व्यक्ति को हार्ट अटैक आ गया। इस घटना से पूरे शो में हड़कंप मच गया। व्यक्ति की सांसें थमने वाली थी कि वहां मौजूद ऑडियंस की वजह से उसकी जान बच गई।

यह मामला ड्रियू लिंच के कॉमेडी शो का है, जिसका वीडियो लिंच ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शेयर किया है। इस घटना के बाद स्टेज पर खड़े लिंच इमोशनल हो गए और फफक-फफक कर रोने लगे।

**शो के बीच में पड़ा दौराः** वीडियो में देखा जा सकता है कि लिंच के शो में अचानक अफरा-तफरी मच जाती है। पूछने पर पता चलता है कि किसी को दिल का दौरा पड़ गया है। भीड़ में कोई चिल्लाता है कि मैं 911 पर फोन कर रहा हूं। तभी कुछ लोग व्यक्ति को सीपीआर देते हैं। हालांकि उसकी सांसें थमने लगती हैं।

इसी बीच कोई चिल्लाता है कि सांसें वापस आ रही हैं। लिंच ने इंस्टाग्राम पर घटना की जानकारी देते हुए कहा, 5 मिनट तक उनकी पल्स नहीं चलीं। शो में अजनबियों के कारण उनकी जान बच गई। उस रात चमत्कार हुआ था। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है।





लिंच ने सेट पर कहा- मैं तो समझ ही नहीं पाया कि क्या हुआ? मगर, भीड़ में मौजूद कुछ लोग तुरंक एक्टिव हो गए। बिना एक-दूसरे को जाने पहचाने, बिना किसी घमंड के बस साथ आकर सबकी मदद की। मैं एक कॉमेडियन हूं, लेकिन आज इमोशनल हो गया हूं।

**पीड़ित से मिलने अस्पताल पहुंचे लिंचः** घटना के लिंच उस व्यक्ति से मिलने अस्पताल भी पहुंचे। हॉस्पिटल से तस्वीर पोस्ट करते हुए लिंच ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक ऐसी दुनिया में जहां हम सब बंटे हुए हैं, हमारे लिए अजनबी कहे जाने वाले कुछ लोग एक साथ आए और उन्होंने एक व्यक्ति को नई जिंदगी दे दी।

# अफगानिस्तान में बढ़ रहा बोटोक्स अंडर बुर्का का ट्रेंड



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में तालिबानी शासन ने कई प्रकार की सख्त पाबंदियां लगा रखी हैं। इस पाबंदियों और गरीबी के बावजूद भी अफगानिस्तान में बोटोक्स अंडर बुर्का का ट्रेंड इस समय लगाता बढ़ रहा है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में कॉस्मेटिक्स सर्जरी क्लीनिक अब तेजी से फलःफूल रही है। यहां पर महिलाओं में बोटॉक्स, लिप फिलर और हेयर ट्रांसप्लांट कराने की होड़ मची है।

काबुल में चल रहे 20 से ज्यादा कॉस्मेटिक्स क्लिनिक सामने आई जानकारी पर नजर डालें, तो केवल राजधानी काबुल में 20 से अधिक कॉस्मेटिक्स क्लिनिक हैं। ये विदेशी चिकित्सकों की मदद से अफगान डॉक्टरों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर रहे हैं। सबसे खास बात है कि इन क्लिनिक में बुर्का पहने महिलाएं बोटोक्स के लिए आ रही हैं। सबसे हैरान करने वाली बात है कि पुरुष भी हेयर ट्रांसप्लांट के लिए यहां पर पहुंच रहे हैं। तालिबान सरकार ने महिलाओं के लिए किसी भी विश्वविद्यालय, पार्क और जिम जाने पर रोक लगा दी है। वे बिना किसी पुरुष की अभिभावक के किसी भी लंबी यात्रा पर नहीं जा सकती हैं। इतना ही नहीं वह ऊंची आवाज में अपने घर में भी बात नहीं कर सकती हैं। चूंकि तालिबान सरकार ने पुरुषों के लिए मुट्ठी भर लंबी दाढ़ी रखना अनिवार्य कर दिया है। इसके चलते हेयर ट्रांसप्लाट का चलन काफी बढ़ गया है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि काबुल के किसी भी एक क्लिनिक में बोटॉक्स की कीमत 3,601 रुपये से 7000 रुपये के बीच में है। वहीं, हेयर ट्रासप्लांट की कीमत 21000 रुपये से 42000 रुपये के बीच है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी को किया बरी, कहा- 'पीड़िता' ने खुद दी थी सहमति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बलात्कार के एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया कि कथित पीड़िता ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए 'खुद सहमति' दी थी और उसकी सहमति शादी के झूठे वादे के कारण नहीं थी। जस्टिस रजनीश कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को दिए आदेश में आरोपी को बरी करते हुए कहा कि महिला को यह पता था कि वह पहले से ही शादीशुदा है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला के बयान 'विरोधाभासी' भी हैं।

जस्टिस गुप्ता ने कहा, ''ये विरोधाभास दर्शाते हैं कि अभियोजन पक्ष की गवाह-3 (महिला) ने कथित घटना के बारे में सच नहीं बोला है और यह अभियोजन पक्ष के मामले के गुण-दोष को प्रभावित करता है।'' कोर्ट ने कहा कि महिला से जिरह से पता चला कि वह अपनी सहमति से आरोपी के साथ गई थी, जबकि उसे पता था कि वह शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। कोर्ट ने कहा कि वह घटना से एक साल पहले से आरोपी को जानती थी और अक्सर उससे एक-दो घंटे बात करती थी।

# सीजफायर तोड़ एलओसी पर 40 मिनट तक पाकिस्तान ने फिर की अंधाधुंध गोलीबारी, भारतीय सेना ने किया पलटवार

**लाहौर एजेंसी।** सऊदी अरब के साथ हुए रक्षा समझौते के ठीक एक दिन बाद पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सीजफायर का उल्लंघन किया है। पाकिस्तानी सेना ने 40 मिनट तक लगातार भीषण गोलीबारी की जिसके बाद भारतीय सेना ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की एक निगरानी चौकी को भारी नुकसान पहुंचा है।

पाकिस्तान ने यह हमला जम्मू-कश्मीर के उस क्षेत्र में किया जहां दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने होती हैं। पाकिस्तानी सैनिकों ने छोटे हथियारों और मोर्टार से भारतीय



चौकियों पर गोलीबारी की। भारतीय सेना ने तुरंत और प्रभावी ढंग से जवाब देते हुए पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की एक प्रमुख निगरानी चौकी को काफी नुकसान पहुंचा है जिससे वहां की गतिविधियों पर रोक लगी है। पाकिस्तान का यह कदम ऐसे समय में आया है जब वह एक दिन पहले ही सऊदी अरब के साथ एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। इस समझौते के तहत सऊदी अरब ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता और सहयोग देने का वादा किया है। विश्लेषकों का मानना है कि इस समझौते के बाद पाकिस्तान ने भारत को उकसाने और अपनी नई सैन्य ताकत का प्रदर्शन करने की कोशिश की है। यह घटना दर्शाती है कि सीमा पर तनाव अभी भी बना हुआ है।

# बांग्लादेश में दुर्गा पूजा से पहले हिंदू मंदिरों पर बर्बर हमला!

**ढाका एजेंसी।** बांग्लादेश में दुर्गा पूजा से पहले अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हमले बढ़ते जा रहे हैं। जमालपुर जिले के सरिशाबारी उपजिला के तरूयापारा मंदिर में शनिवार रात एक शख्स ने लूट के बाद सात मूर्तियों को तोड़फोड़ दिया। यह घटना दुर्गा पूजा से ठीक पहले दूसरी बार सामने आई है।पुलिस ने आरोपी हबीबुर रहमान (35) को गिरफ्तार किया है। सरिशाबारी पुलिस थाना के अधिकारी राशेदुल हसन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलने पर तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष गोएश चंद्र बरमन ने कहा कि रविवार सुबह महालया के दिन मूर्तियों को टूटे हुए देखकर पुलिस को सूचना दी गई और ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज से आरोपी की पहचान की गई।मंदिर और पुलिस के अनुसार, मूर्तियाँ शनिवार रात कलाकारों द्वारा तैयार की गई थीं और उसी रात आरोपी ने मंदिर में घुसकर मूर्तियों के सिर और अन्य हिस्से तोड़ दिए।यह घटना चिंता का विषय है क्योंकि अगस्त 2024 में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से हिंदू मंदिरों और अल्पसंख्यकों पर हमलों में वृद्धि देखी गई है। इस सप्ताह की शुरुआत में कुस्टिया जिले के मिर्पुर उपजिला के श्वरुपदाह पलपारा श्री श्री राधा काली मंदिर में भी मूर्तियों को तोड़ा गया और सुरक्षा कैमरा व मेमोरी कार्ड चोरी हो गए थे।

# मिथिला सांस्कृतिक परिषद् ने आयोजित किया मणिपद्म जयंती सह मैथिली कवि सम्मेलन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में मैथिली भाषा-भाषियों की लब्ध प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद् की ओर से साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित मैथिली भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. ब्रजकिशोर वर्मा ह्यमणिपद्मह्न स्मृति जयंती समारोह सह मैथिली कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन शनिवार की देर शाम सेक्टर 4 ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल परिसर के विद्यापति सभागार में हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि मिथिला एकेडमी पब्लिक के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी, महासचिव नीरज चौधरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के उपाध्यक्ष बटोही कुमार, आमंत्रित कविगण आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मणिपद्म की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर किया। अपने स्वागत भाषण में परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी ने मैथिली साहित्य को समृद्ध बनाने में मणिपद्म जी के अवदानों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार ने मणिपद्म के उपन्यास नैका बनिजारा के कथानक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी रचनाएं सामाजिक सरोकार से ओतप्रोत हैं। इसके लिए वर्ष 1973 में उन्हें प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने बताया कि मिथिला सांस्कृतिक परिषद मणिपद्म जयंती पर वर्ष 1990 से लगातार साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस क्रम में मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार को परिषद के अध्यक्ष जे पी चौधरी, महासचिव नीरज चौधरी व सांस्कृतिक कार्यक्रम निर्देशक अरुण पाठक ने पाग, शॉल व पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मैथिली महाकाव्य ऊं महाभारत के रचयिता बुद्धिनाथ झा ने मणिपद्म के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उन्हें बहुआयामी विशिष्ट साहित्यकार के रूप में याद किया। वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक ने अपनी एक मैथिली कविता के माध्यम से मणिपद्म को याद किया- ओ मणिपद्म कहां आब पाबी, जिनकर गुण अद्यहुं सभ गाबी। कवयित्री शैलजा झा ने कहा कि मणिपद्म भावी पीढ़ी व समाज के लिए एक ध्रुवतारा की तरह हैं जो हमेशा आने वाले समय में भी मार्गदर्शन करते रहेंगे। अरुण पाठक ने कहा कि मणिपद्म ने अपनी रचनाओं में लोकगाथाओं को जिस तरह से उद्धृत किया है, वह अद्भुत है। श्रवण कुमार झा व मंच का संचालन कर रहे शंभु झा ने भी मणिपद्म को महान साहित्यकार व विशिष्ट व्यक्तित्व के रूप में याद किया। दूसरे सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित मैथिली कवि सम्मेलन में कवि-कवयित्रियों ने मानवीय संवेदनाओं से ओत-प्रोत विभिन्न रस की कविताएं व गीत सुनाकर देर शाम तक श्रोताओं को आनंदित किया। राजीव कंठ ने सभ सं पैघ काज, नीलम झा ने ई धरा के शान मिथिला, थिक हमर पहिचान मिथिला, विनय दरिहरे ने मणिपद्म जी की एक कविता, शैलजा झा ने उपेक्षित स्वरक पुकार व प्रतीक्षा, अरुण पाठक ने बिहारक गौरव गाथा व सद्भावना गीत जाति धर्म के नाम पर नहि बांटू इंसान के विजय शंकर मल्लिक ने मैथिली कविता, बुद्धिनाथ झा ने अकुलाहटि सुनाकर सबकी प्रशंसा पायी। मंच संचालन शंभु झा व धन्यवाद ज्ञापन परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम निर्देशक अरुण पाठक ने किया। इस अवसर पर मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, परिषद के अविनाश अवि, मिहिर झा राजू, सुदीप कुमार ठाकुर, गोविन्द कुमार झा, अमन कुमार झा, डॉ राम नारायण सिंह, ए के मिश्र, विजय कुमार मिश्र 'अंजु', विश्व नाथ झा, दुर्गा नंद झा, नवीन कुमार झा, किरण झा, अजय कुमार ठाकुर, गणेश झा, बाल शेखर झा, मनोज झा, शंकर सिंह, अरविंद कुमार मिश्र, विनय किशोर, मनोज कुमार झा, विश्वनाथ गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# रोटी बैंक यूथ क्लब ने शुरू किया एक रुपए थाली अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पवित्र महालय के शुभ अवसर पर रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद ने आज एक रुपए थालीह्न अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन बिनोद बिहारी चौक पर जरूरतमंदों को मात्र एक रुपये में संपूर्ण भोजन थाली उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य शहर के उन लोगों तक भोजन पहुँचाना है जो आर्थिक तंगी के कारण भरपेट खाना नहीं खा पाते। मात्र ₹1 शुल्क लेकर यह पहल उनकी गरिमा बनाए रखने के साथ-साथ समाज में साझा जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित करती है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि रिंकू पाल, निदेशक सीएमसी हॉस्पिटल एवं युवा समाजसेवी ने इस अभियान का समर्थन करते हुए कहा- भोजन हर इंसान का अधिकार है। रोटी बैंक यूथ क्लब का यह प्रयास निश्चित ही धनबाद को भूखमुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पहले ही दिन स्थानीय लोगों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और आने वाले दिनों में भोजन, सहयोग व समय देकर इस मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। रोटी बैंक यूथ क्लब अब तक कई सामाजिक अभियानों में सक्रिय रहा है और एक रुपए थाली इसकी सेवाओं की श्रृंखला में एक नया मील का पत्थर है। क्लब का लक्ष्य है कि आने वाले समय में यह अभियान धनबाद के अन्य हिस्सों तक भी विस्तारित हो। रोटी बैंक अध्यक्ष का रवि शेखर ने बताया कि हमारा उद्देश्य है हर एक उसे इंसान तक भोजन पहुंचाना जो एक समय तक का भोजन सही से नहीं कर पाते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी सक्रिय सदस्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा बचत और जल संरक्षण पर किसानों को मिला प्रशिक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत साबड़ा पंचायत सचिवालय में ज्रेडा झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण की ओर से आदर्श ग्राम योजना के तहत कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया चिंता देवी, उपमुखिया नगेंद्र नाथ बाउरी, पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी एवं कृषक मित्रों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। ज्रेडा की ओर से निशा कुमारी, कृष्णा कुमार, सरजू शर्मा और शिवानी कुमारी ने किसानों को ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और आईओटी आधारित उन्नत खेती के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने किसानों को ऊर्जा बचत तकनीकों को अपनाने और खेती में आधुनिक साधनों के उपयोग की दिशा में प्रेरित किया।

### विवाहिता की संदेहास्पद मौत, हत्या का आरोप

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना इलाके में कथित घरेलू हिंसा में 27 वर्षीय महिला पूनम मिश्रा की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक महिला के पिता और भाई ने पति मृत्युंजय ठाकुर और सास ससुर पर घर घरेलू हिंसा में प्रताड़ित करते हुए हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने भी इसे घरेलू हिंसा बताया है लिखित आवेदन के आधार पर मामले की जांच करने की बात कही है। मृतक महिला के दो बच्चे हैं जिसमें एक की उम्र 5 वर्ष और एक की उम्र 3 वर्ष है। मृतक महिला की शादी 7 वर्ष पूर्व मृत्युंजय ठाकुर के साथ हुई थी। पिता एसके मिश्रा ने बताया कि जब शादी हुई थी तो सभी कुछ मैंने सजा कर दिया था। एक हार बाकी था, जो मैं नहीं दे पाया था। इसी को लेकर लगातार बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। भाई बलराम मिश्रा ने बताया कि कल मैं अपनी बहन को जितिया पर्व का मिठाई देने आया था तो उसके गले में चोट का निशान था जब मैं अपने जीजा जी से फोन पर इसको लेकर बात की तो उनका कहना था कि इस तरह हम लोग के साथ बराबर होता है। लेकिन देर रात मुझे जानकारी मिली कि मेरी बहन की मृत्यु हो गई है। घर जाकर देखा तो सभी लोग घर में मौजूद थे। भाई ने पुलिस से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है और इसे हत्या का मामला बताया है।



### झारखण्ड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रिय शूटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न, जैप 4 बोकारो बना चैंपियन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रिय शूटिंग प्रतियोगिता-2025 का समापन आज सेक्टर 12 के जैप 4 ग्राउंड हो गया। प्रथम स्थान बोकारो जैप 4 ने प्राप्त किया। इस शूटिंग प्रतियोगिता में पुणे टीम के 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महानिरीक्षक, झारखण्ड जगुआर (एसटीएफ) झारखण्ड, राँची अनूप बिरथरे मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस को अपराध कर्मियों पर नकेल कसने एवं विधि-व्यवस्था ड्यूटी संधारण करने हेतु अपने हथियार में दक्षता प्राप्त करना काफी आवश्यक है। इसी लिए प्रत्येक वर्ष सभी पुलिसकर्मियों को लक्ष्याभ्यास की कराया जाता है,। मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमो को भी बधाई दी गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-4, बोकारो, दूसरा स्थान झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-5, देवघर और तीसरा स्थान झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-3, गोविन्दपुर, धनबाद को प्राप्त हुआ। यह प्रतियोगिता 18 सितंबर से दिनांक-21 सितंबर तक वाहिनी के फायरिंग बट पर करायी गई। जिसमें 5.56 एमएम इन्सास रायफल, 9 एमएम पिस्टल /.380 रिवाल्वर तथा 9 एमएम कारबाईन से विभिन्न पोजिशनों से प्रतियोगिता कराया गया। सभी खिलाडियों का प्रदर्शन अच्छा रहा।



# गोलमुरी में ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं ने काटा बवाल, बोर्ड तोड़कर संचालक को खदेड़ा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोलमुरी थाना क्षेत्र की टुइलाडुंगरी बस्ती में शुक्रवार दोपहर स्थानीय महिलाओं ने एक ब्यूटी पार्लर के खिलाफ जमकर बवाल काटा। महिलाओं का आरोप है कि पार्लर की आड़ में अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं, जिससे बस्ती का माहौल लगातार बिगड़ रहा था। गुस्साई महिलाओं ने पार्लर का बोर्ड तोड़ दिया और वहां मौजूद लोगों को खदेड़ दिया। इस दौरान इलाके में जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि पार्लर में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां हो रही थीं। कई बार स्थानीय लोग और महिलाएं इसका विरोध कर चुके थे, लेकिन उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया गया। महिलाओं ने कहा कि पार्लर के कारण बस्ती के युवाओं पर भी बुरा असर पड़ रहा था और माहौल बिगड़ता जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही गोलमुरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। महिलाओं ने पुलिस को अपनी शिकायत से अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले की गहन जांच की जाएगी और अगर अनैतिक कार्यों की पुष्टि होती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की समझाइश और आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ और भीड़ वहां से हट गई। घटना के बाद इलाके में तनाव बना रहा। जांच के बाद कार्रवाई की तैयारी पुलिस सूत्रों के अनुसार, पार्लर के मालिक और कर्मचारियों से पूछताछ की जाएगी।

# चास में महालया पर निकली भव्य शरदीय प्रभात फेरी





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो-चास मानभूम सांस्कृतिक परिषद की ओर से महालया दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य शरदीय प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु सुबह-सवेरे महावीर चौक पर एकत्रित हुए और महालया की मंगल ध्वनियों के बीच दुर्गा मां का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को महालया दुर्गा पूजा की शुभकामनाएँ भी दीं। प्रभात फेरी महावीर चौक से शुरू होकर चेकपोस्ट तक निकाली गई। इस दौरान आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। पश्चिम बंगाल से आए कलाकारों ने अद्भुत प्रस्तुति दी, वहीं दल में शामिल महिला ढोल वादकों ने नारी शक्ति की गूंज को बुलंद किया। उनके ताल-लय से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके साथ ही मैथन से आए आदिवासी कलाकारों के पारंपरिक नृत्य ने दर्शकों का खूब मनो मनोरंजन किया। उनके नृत्य की ताल और संस्कृति की झलक ने कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। प्रभात फेरी में छोटे-छोटे बच्चों का उत्साह भी देखते ही बनता था। अपूर्ण मोदक, रितिका पाल, सुप्रिया एवं शुभाश्री मोदक देवी स्वरूप में सजकर विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। महालया आह्वान यात्रा की जानकारी देते हुए मानभूम सांस्कृतिक परिषद के माथुर मोदक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में संस्कृति, एकता और भक्ति की भावना को मजबूत करना है। आयोजन की सफलता में माथुर मोदक, जगन्नाथ बाउरी, मधुसूदन बाउरी, सामान सिंह, तारक घोषाल, बंगेश बाउरी तथा डॉ. गुलाल हलधर का विशेष योगदान रहा। प्रभात फेरी ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल का संचार कर दिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल परंपराओं को जीवित रखते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति की पहचान कराएगी।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़



**बाघमारा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बरोरा थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि बरोरा थाना क्षेत्र व बाघमारा थाना क्षेत्र से 16 बाइक चोरी का बरामद कर लिया गया है, तीन बाइक चोरों को भी पकड़ा गया है , बाकी की तलाश जारी है, साथ ही दो निरूद्ध बालक को भी पकड़ा गया है, वही श्री चौधरी ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत धनबाद पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। हिरक रोड मुराईडीह कॉलोनी गेट के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। कागजात मांगने पर बाइक सवारों ने स्वीकार किया कि वाहन चोरी का है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों की पहचान रोहित कुमार वर्णवाल उर्फ विवेक वर्णवाल उर्फ कार्टिज और राज चौहान उर्फ गुड्डू चौहान, दोनों निवासी डुमरा, थाना बाघमारा, जिला धनबाद, के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ भीड़-भाड़ वाले बाजारों से मोटरसाइकिल चोरी कर धनबाद और बोकारो के विभिन्न इलाकों में बेचते थे। गिरोह अब तक लगभग 40 मोटरसाइकिल की चोरी कर चुका है वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित छापामारी कर पुलिस ने विभिन्न स्थानों से छिपाकर रखी गई कुल 16 मोटरसाइकिल बरामद कीं। साथ ही 3 आरोपियों को गिरफ्तार और 2 नाबालिगों को निरुद्ध किया गया। इस पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बाइक चोरी गिरोह के नेटवर्क को करारा झटका लगा है। शेष चोरी की गई मोटरसाइकिलों की बरामदगी एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान जारी है।

# अवैध अफीम की खेती छोड़ वैकल्पित खेती पर दें जोर : राधाकृष्ण किशोर

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड गठन के बाद पहली बार सरकार के मंत्री विधायक, सांसद सहित कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेताओं का जत्था नक्सलप्रभावित कोचांग मैदान में आयोजित आमसभा पहुंचे और सभी मंत्री और विधायकों ने पहली बार राजनीतिक सभा से अलग ग्रामप्रधान, हातूमुंडा और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एक साथ जंगल पहाड़ की प्राकृतिक वादियों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सीधी वार्ता के अंदाज में आमसभा करते दिखे। वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ढोलक बजाकर ग्रामीणों का अभिवादन किया। हाल के वर्षों में झारखंड की हेमंत सरकार ने नशे की अवैध खेती के खिलाफ कार्रवाई कर लाखों एकड़ अफीम को नष्ट किया जिसका असर खूंटी जिले में देखने को मिला। खूंटी मुरहू अड़की प्रखंड क्षेत्र के हजारों किसानों एवं हजारों एकड़ जमीन के जीआर के आधार पर मामला दर्ज किया गया और चिन्हित किसानों को जेल भेजने की तैयारी में जुटी है। इसी कार्रवाई को रोकने के उद्देश्य से आज झारखंड सरकार के मंत्री विधायक एवं दिग्गजों ने अपने संबोधन से आश्वस्त किया है कि एनडीपीएस एक्ट में कोई ग्रामीण जेल नहीं जायेंगे। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में पूर्वोत्तर एवं वर्तमान सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर सरकार गरीबों और आदिवासियों के आजीविका पर विचार कर योजनाओं को धरातल पर उतारती तो आज कोई ग्रामीण गरीब नहीं रहता। हालांकि उन्होंने सरकार का बचाव करते हुए यह भी कहा कि सरकार से दर्ज मुकदमों को समाप्त करने की दिशा में पहल करेंगे और अवैध अफीम को छोड़कर वैकल्पिक खेती पर जोर देंगे। वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आमसभा में ही ऑन द स्पॉट कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की पहल की और एक माह के भीतर बुनियादी सुविधाओं सहित योजनाओं को क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। कोचांग में दो दिनों के भीतर स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्देश दिया साथ ही बृहस्पतिवार को अड़की अंचलाधिकारी को भूमि संबंधी मामलों को लेकर शिविर लगाने का निर्देश दिया। जल्द ही कोचांग में दो तालाब बनाने को लेकर संबंधित पदाधिकारी को फोन घुमाया और अगले माह कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए फिर आने का वादा भी किया। कोचांग में आमसभा को संबोधित करते हुए के राजू कुमार ने कहा मनरेगा और जे एस एल पी एस से जुड़ी आजीविका कार्यों को बढ़ाने पर जोर दिया। कोचांग में आयोजित आमसभा में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचू, दयामनी बारला समेत कई गणमान्य लोग जंगलों के बीच विशाल ग्रामसभा की बैठक में की शिरकत।ग्रामीणों और स्कूली विद्यार्थियों ने मुंडारी गीतों और पारंपरिक नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

# राज्य सरकार सूर्या एनकाउंटर मामले की कराये सीबीआई जांच : आदित्य साहू

**गोड्डा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य सभा सदस्य आदित्य साहु एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह संताल परगना के संगठन प्रभारी बालमुकुंद सहाय ने स्थानीय किसान भवन में प्रेस वार्ता किया. श्री साहू ने कहा कि 17 सितंबर से आरंभ होकर 02 अक्तूबर तक भाजपा की ओर से सेवा पखवारा आयोजित कर रही है. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से आरंभ होकर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जयंति के अलावा पंडित दीन दयाल उपाध्याय की भी जयंति शामिल है. भाजपा की ओर से सेवा पखवारा के दौरान जहां स्वच्छता से लेकर स्वास्थ्य शिविर के साथ ब्लड डोनेशन का भी आयोजन कर रही है वहीं युवाओं को लेकर खेल पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.बताया कि सभी लोक सभा में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसमें राजमहल में आयोजित खेल प्रतियोगिता के लिये उन्हें उदघाटन का दायित्व है. श्री साहु ने सवालों के जवाव में कहा कि गत दिनों सूर्या हांसदा के एनकाउटर मामले को उनके द्वारा राज्य सभा में उठाया गया है.मगर आज तक सरकार की ओर से उनके द्वारा सीबीआई जांच की मांग के बावजूद सरकार कराने को तैयार नहीं है. कहा कि राज्य में आदिवासी की सरकार कहलाने वाली पार्टी को आदिवासीयों के वोट से सरकार बनी है,द सरकार व वोट देने वाला दोनों आदिवासी और एनकाउटर भी आदिवासीयों की है, तो फिर सीबीआई जांच से डर किस बात की है. सरकार जांच कराने का काम करें. सूर्या हांसदा पांच सौ बच्चों को पढा रहा था. उनपर पच्चीस मामले थे मगर आधे से ज्यादा में बरी हो गये थे. श्री साहू ने कहा कि अपराधी भी है तो सजा अदालत देगी. सरकार ने सीबीआई जांच के बदले सीआईडी जांच कराने का काम कर रही है. सरकार के पदाधरिकारी से न्याय की गुंजाइस नहीं है.क्योकिं ऐसे पदाधिकारी की पोस्टिंग भी इसी सरकार ने ही की है. श्री साहू ने सरकार में राज्य के पदाधिकारीयों की स्थति पर कहा कि वर्तमान समय में थाना से लेकर अंचल व जिला स्तर पर जनता का णन पदाधिकारी की ओर से लूटा जा रहा है. प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि देश में गरीबों का धयान रखते हुये सरकार ने नेक्स्ट जेन जीएसटी के माध्यम से गरीबों को राहत देने का काम किया है. सरकार की ओर से जीएसटी के स्लेब को घटाकर पांच प्रतिशत किया गया है. देश के गरीबों के जीवन स्तर को उठाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है. आत्मनिर्भरता के लिये स्वदेशी उत्पाद को बढावा दे रही है. देश के पच्चरस करोड लोगों के जीवन स्तर को उपर उठाने काम सरकार कर रही है.

# श्री पेजावर मठ उडपी के पीठाधीश विश्वप्रसन्न तीर्थ स्वामीजी का आगमन आज, आंध्र भक्त श्री राम मंदिर बिस्टुपुर में होगा कार्यक्रमः जम्मी



जमशेदपुर में पूज्य श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी, स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ का आगमन 22 सितंबर को होगा। वे आंध्र भक्त श्री राम मंदिर में दुर्गा पूजा के पहले दिन करेंगे विशेष पूजा-अर्चना

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूज्य श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के ट्रस्टी एवं उदुपी पेजावर मठ के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 पूज्य श्री विश्वप्रसन्न तीर्थ स्वामीजी कल जमशेदपुर पधारेंगे। वे आंध्र प्रदेश से सड़क मार्ग से भुवनेश्वर होते हुए विशेष पुलिस एस्कॉर्ट के बीच शाम 4 बजे आंध्र भक्त श्री राम मंदिर, बिस्टुपुर पहुंचेंगे।मंदिर में दुर्गा पूजा के प्रथम दिन विशेष श्री राजराजेश्वरी दुर्गा देवी नवरात्र उत्सवम् का आयोजन प्रारम्भ होगा। इस अवसर पर स्वामीजी कुमकुम अर्चना एवं विशेष पूजा-अर्चना करेंगे और तत्पश्चात भक्तों को दर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान करेंगे।आंध्र भक्त श्री राम मंदिर कमेटी के डिप्टी प्रेसीडेंट एवं झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य जम्मी भास्कर ने बताया कि भक्तजन 22 सितंबर की शाम से एवं 23 सितंबर शाम तक स्वामीजी के दर्शन का लाभ ले सकते हैं। इसके बाद 23 सितंबर की शाम 4:00 बजे वे गयाजी के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे अपने धार्मिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे।पूज्य स्वामीजी वैदिक शिक्षा, गौ-संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में अपने विशेष योगदान के लिए विख्यात हैं। अयोध्या के श्री राम मंदिर के निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके आगमन को लेकर भक्तों में गहरा उत्साह है और मंदिर प्रबंधन ने उनके प्रवास व पूजा-अर्चना के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।भक्तों से अपील की गई है कि वे अपने परिवार सहित इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर पूज्य स्वामीजी के दर्शन और आशीर्वचन का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

### बाल अपराध मुक्त बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा/सतगावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गांगडीह स्थित एस किड्स रेजिडेंशियल एकेडमी में बाल अपराध मुक्त समाज बनाने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को येसोसिएशन फॉर वॉलंटियर एक्शन द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम, बाल उत्पीड़न, गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बच्चों को जागरूक करने के साथ ही उन्हें इस दिशा में सक्रिय रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शशिकांत कुमार, शिक्षक दीपक कुमार, संतोष कुमार, अलाख देव प्रसाद, चाहत चौधरी, प्रिंस कुमार और सुरेंद्र प्रसाद सहित कई शिक्षक और अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों की भागीदारी और उत्साह ने इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# वन विभाग के स्पोर्ट्स मीट में 300 से अधिक खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वन विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स मीट को लेकर शुक्रवार को खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर रहा। विभाग के सभी छह जोनों से आए खिलाड़ियों में से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। प्रतियोगिता का आगाज शनिवार से होगा और विजेता खिलाड़ियों को नवंबर में देहरादून में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय स्पोर्ट्स मीट में राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता में कुल 57 खेल विधाओं को शामिल किया गया है, जिनमें क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, स्विमिंग, रस्साकशी, 100 से 1000 मीटर दौड़, 1500 मीटर रिले, साइक्लिंग और कैरम प्रमुख हैं। आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों में खेल भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना है, साथ ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना भी इसका मकसद है। कार्यक्रम के उद्घाटन और समापन समारोह को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी जीवंत बनाया जाएगा। बतौर मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार के अलावा विभाग के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। मानगो रेंज अफसर दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह आयोजन खिलाड़ियों के कौशल विकास और भविष्य में खेल के क्षेत्र में उनके करियर को दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK